राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-298
लखनऊ, सोमवार 17 जून 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





कहा हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मिलेगी भरपूर मदद : सीएम योगी 03

पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी होगा प्रेरणा स्थल : ओम बिरला 12


## सूचना

सुधी पाठकों, वितरकों, विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 17 जून 2024 दिन सोमवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व पर समृद्धि न्यूज कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक 19 जून दिन बुधवार को प्रकाशित होगा।

**प्रधान संपादक**

## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने यूक्रेन शांति सम्मेलन के घोषणापत्र से स्वयं को रखा दूर

**नई दिल्ली।** भारत ने स्विट्जरलैंड में आयोजित यूक्रेन शांति सम्मेलन में जारी संयुक्त वक्तव्य और संबंधित दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया तथा यूक्रेन के संबंध में कूटनीति और संवाद के जरिए संघर्ष का समाधान तलाशने की अपनी पुरानी नीति को कायम रखा है। सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में संयुक्त राष्ट्र चार्टर का हवाला देते हुए युक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता पर जोर दिया गया था। इसमें रूस से सभी क्षेत्रों से सेना को वापस बुलाने की मांग शामिल थी। जिसका करीब 80 देशों ने समर्थन किया। भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका सहित ग्लोबल साउथ के 12 देशों ने संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर नहीं किए। सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ राजनयिक पवन कपूर ने भारत का दृष्टिकोण प्रगट करते हुए कहा कि हमारा मानना है कि यूक्रेन संघर्ष के दो पक्षों (रूस, यूक्रेन) को स्वीकार्य हल के जरिए ही समस्या का समाधान संभव है। उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन में रूस को आमंत्रित नहीं किया गया था। इसके साथ चीन ने इस सम्मेलन में शामिल होने से इनकार कर दिया था।

### पौड़ी में वाहन खाई में गिरा चार की मौत, तीन घायल


**पौड़ी/देहरादून।** उत्तराखंड के जनपद पौड़ी गढ़वाल में एक वाहन रविवार को अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। उसमें सवार चार लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गये। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मणिकांत मिश्रा ने बताया कि आज सुबह कोतवाली श्रीनगर द्वारा खिर्सू चौबट्टा के पास एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना देते हुए रेस्क्यू को टीम की मांग की गई। जिसपर उप निरीक्षक देवीदत्त बर्थवाल के नेतृत्व में एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन स्विफ्ट कार में सात लोग सवार थे जो किसी बारात में शामिल होने जा रहे थे। वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 200 मीटर गहरी खाई में गिरकर, दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिला पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा तीन घायलों को निकालकर अस्पताल भिजवा दिया गया जबकि घटना में मृत चार लोगों के शवों को भी खाई से बाहर निकाल लिया गया है। श्री मिश्र ने बताया कि टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर खाई में उतरकर दुर्घटनाग्रस्त कार के आसपास गहन सर्चिंग की गई व प्राप्त आवश्यक सामान को जिला पुलिस के सुपर्द किया गया है। विस्तृत खबर की प्रतीक्षा है।

# सरकार आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए संकल्पित : अमित शाह

▸ गृह मंत्री ने बढ़ती आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर एक उच्च स्तरीय बैठक ली

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है तथा आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से अब छद्म लड़ाई तक सिमट गया है लेकिन सरकार इसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हैं।



श्री शाह ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकवादी गतिविधियों के मद्देनजर रविवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ केन्द्र शासित प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति तथा आगामी अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। गृह मंत्री ने एजेंसियों को जम्मू में 'एरिया डॉमिनेशन प्लान' और 'ज़ीरो टेरर प्लान' के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नये तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है। गृह मंत्री ने सभी एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर बल दिया।

यहां नार्थ ब्लॉक में दो चरणों में करीब चार-पांच घंटे से भी अधिक समय तक चली बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो के निदेशक, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, सेना प्रमुख नामित जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, केन्द्रीय पुलिस बलों के महानिदेशक, जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, जम्मू कश्मीर प्रशासन तथा केन्द्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। श्री शाह को उप राज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की विस्तार से जानकारी दी गयी। सेना और पुलिस की ओर से भी आतंकवादियों की गतिविधियों के बारे में बताया गया। बैठक में आगामी अमरनाथ यात्रा को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुरक्षा तथा उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं से संबंधित तैयारियों का भी जायजा लिया गया।

### संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान पर जोर

श्री शाह ने कहा, जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है। हाल ही में हुई घटनाएं बताती हैं कि आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर छद्म लड़ाई तक सीमित होने के लिए मजबूर हो गया है लेकिन हम इसको भी जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हैं। गृह मंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय पर जोर देते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान और उनकी सुरक्षा चिंताओं पर ध्यान देने पर ज़ोर दिया। गृह मंत्री ने स्थानीय खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने, सुरंगों का पता लगाने और ड्रोन का मुकाबला करने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को केन्द्र सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। आतंकवाद के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए गृह मंत्री ने कहा, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद के सफाये के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। श्री शाह ने कहा कि केन्द्र सरकार के प्रयासों से कश्मीर घाटी में आतंकी घटनाओं में महत्वपूर्ण कमी के साथ-साथ बड़े पैमाने पर सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का आना वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार को दिखाता है।

# विकास व जनकल्याण के कार्यों की सतत निगरानी करें एमपी-एमएलए : योगी

▸ आमजन का विश्वास जीतने के साथ विश्वास की डोर को करें मजबूत

समृद्धि न्यूज



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सांसद, विधायक समेत सभी जनप्रतिनिधियों का आह्वान किया है कि वे विकास और जन कल्याण के कार्यों की सतत निगरानी करें। सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में पात्रों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को तत्पर रहें, विकास कार्यों के नए प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। सुरक्षित माहौल में विकास और जनकल्याण सरकार की प्रतिबद्धता है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को एनेक्सी भवन में गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कर रहे थे। अनौपचारिक अंदाज में हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी और लोकसभा चुनाव में पूरे मनोयोग से परिश्रम करने वाले विधायकगण को साधुवाद दिया। उन्होंने संवाद के लिए आहुत इस बैठक में उपस्थित सभी विधायकों से उनके क्षेत्र में जारी विकास कार्यों,जनकल्याण के कार्यक्रमों की उपलब्धियों की जानकारी ली। कहा कि विकास सतत चलने वाली प्रक्रिया है। क्षेत्र में विकास की जितनी भी गुंजाइश है, सभी जनप्रतिनिधि उस पर प्रस्ताव तैयार कराएं। साथ ही ऐसे पात्र लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से जोड़ें जिन्हें किन्हीं कारणवश किसी योजना का लाभ न मिल पाया हो। सीएम योगी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है। हर जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है कि वह जनता की समस्याएं और उनकी अपेक्षाएं सुनें तथा उसके अनुरूप विकास और जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाए। आमजन की संतुष्टि ही किसी जनप्रतिनिधि के काम का मानक है, इसलिए आम आदमी का विश्वास जीतें और इस विश्वास की डोर को और मजबूत करते रहें। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने हालिया संपन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी के विधानसभावार प्रदर्शन पर भी चर्चा की और सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अभी से आगामी लक्ष्य के संधान में जुट जाएं। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, सांसद रवि किशन, विजय दूबे, शशांक मणि, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, महेन्द्रपाल सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, जयप्रकाश निषाद, शलभ मणि त्रिपाठी, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, प्रेम सागर पटेल, ऋषि त्रिपाठी समेत कई विधायक, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, रतनपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरा स्नान पर्व में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

▸ गंगा नदी में स्नान से श्रद्धालुओं की मनो कामनाएं होती हैं पूरी

समृद्धि न्यूज



**हरिद्वार।** उत्तराखंड के धर्मनगरी हरिद्वार में गंगा दशहरा स्नान पर्व के मौके पर रविवार को लाखों की संख्या में श्रद्धालु देश के कोने-कोने से आकर गंगा स्नान करने हर की पौड़ी सहित गंगा घाटों पर पहुँचे तथा डुबकियां लगायीं।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार आज ही के दिन मां गंगा स्वर्ग लोक से भगवान शिव की जटा से होते हुए पृथ्वी लोक पर अवतरित हुई थी। इन मान्यताओं को लेकर आज ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरे के नाम से जाना जाता है। आज के दिन पवित्र गंगा नदी में स्नान करने से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। धर्मनगरी हरिद्वार में श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पूरे मेला क्षेत्र को तीन सुपर जॉन नौ जोन और 21 सेक्टरों में बांटा गया है जिसमें पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस दिन पवित्र गंगा नदी में स्नान करने से जाने अनजाने में किए गए सभी पापों से मुक्ति मिलती है और श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है इसी दिन को गंगा अवतरण दिवस गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है।

### कांगपोकपी इलाके में आया 3.5 तीव्रता का भूकंप

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी इलाके में रविवार की दोपहर बाद 3.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और लोगों में दहशत फैल गई। मणिपुर के कांगपोकपी में रविवार को 13 बजकर 21 मिनट 30 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

### एसटीफ ने घूमन्तु जनजाति गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) की नोएडा इकाई टीम ने घूमन्तु जनजाति (पारदी) गिरोह के सक्रिय सदस्य समेत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक अभियुक्त पर पचास हजार रुपये का इनाम है। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा ने रविवार को यह बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में मध्य प्रदेश राज्य के उज्जैन स्थित ग्राम बिलाखेड़ी निवासी नामे उर्फ नागेश्वर और रेल पटरी चिमनगंज निवासी सुरेन्द्र है। नामे पर पचास हजार रुपये का इनाम घोषित है। दोनों को शनिवार की शाम को गुना साडा ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त नामे ने बताया कि पारदी जाति का है। इस जनजाति के लोग देश भर के शहरों में घूमकर चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। एक स्थान से चोरी कर दूसरे शहर चले जाते हैं। सुरेन्द्र उसकी मौसी का लड़का है।

## गंगा दशहरा पर स्नान करने गई चार बच्चियों सहित पांच की मौत

समृद्धि न्यूज



**अलीगढ़।** 16 जून को गंगा दशहरा पर गंगा में स्नान के दौरान गंगा नदी में डूबने से चार बच्चियों सहित पांच की मौत हो गईं। इनमें से दो चचेरी बहनों सहित तीन बच्चियां पॉलीमुकीमपुर थाने के गांव दीनापुर में डूबीं। एक बच्ची सांकरा गंगा घाट में और एक युवक नरौरा में गंगा स्नान करते हुए डूबा।

बिजौली संवाद सूत्र के अनुसार दीनापुर गांव निवासी रूबी (9) पुत्री सत्यपाल, दामिनी (10) पुत्री महेंद्र और राजश्री (7) पुत्री दीपक निवासी मथुरा दोपहर करीब गांव के बाहर गंगा नदी के कच्चे घाट पर स्नान करने गई थीं। साथ में गांव का ही एक लड़का था। दोपहर में करीब दो बजे गंगा नदी में स्नान करते समय एक बच्ची डूबने लगी। इस पर उसे बचाने की कोशिश में तीनों ही गहराई में चले जाने से डूब गईं। पास ही पशु चरा रहे एक लड़के ने शोर मचाया तो गांव के राजवीर दौड़कर वहां पहुंचे और तीनों को खोजकर पानी से बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी सासें थम चुकी थीं। रूबी और दामिनी चचेरी बहनें थीं, जबकि राजश्री उनकी बुआ की बेटी थी।

अतरौली संवाद के गांव उस्मानपुर निवासी 18 वर्षीय आलोक कुमार पुत्र विजेंद्र सिंह गांव के ही कुछ लोगों के साथ गंगा दशहरा पर नरौरा में गंगा स्नान करने गए थे। वहां पर स्नान करते समय गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गए। साथियों के शोर मचाने पर लोगों ने गोताखोरों को बुलाया। काफी देर तक प्रयास के बाद आलोक का शव ही पानी के बाहर आ सका।

### 11 सौ किलो के धनुष और 16 सौ किलो की गदा भगवान श्रीराम को समर्पित

**अयोध्या।** रामभक्तों की 108 बसों के साथ शिवगंज, सुमेरपुर राजस्थान से निकली यात्रा रविवार को अयोध्या पहुंची। इस यात्रा में श्री राम रथ पर पंचधातु से निर्मित 11 सौ किलो के विशाल राम धनुष एवं 16 सौ किलो हनुमान गदा के साथ अयोध्या पहुंचा। जिसकी श्रीराम मंदिर की ओर से पूजा अर्चना एवं स्वागत किया गया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय ने बताया कि पांच पड़ाव पार कर यह यात्रा अयोध्या पहुंची है। ऐसा धनुष व हनुमान गदा होंगे जो राम मंदिर परिसर में स्थापित होगा। उन्होंने बताया कि रामरथ अयोध्या यात्रा शिवगंज सिरोही राजस्थान से शुरू हुई, जिसमें मैं स्वयं तथा विश्व हिन्दू परिषद राजस्थान के संगठन मंत्री, पंचायती राज ग्रामीण विकास विभाग के राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, सांसद जालोर सिरोही लुम्बराम ने विशेष हवन पूजाकर इस यात्रा का शुभारंभ कराया।

## मेडक में सांप्रदायिक तनाव, भाजपा विधायक अरेस्ट

▸ पुलिस ने किया लाठीचार्ज, कई घायल, अस्पतालों पर पथराव

एजेंसी



**हैदराबाद।** तेलंगाना के मेडक जिले में शनिवार को गायों के कथित अवैध परिवहन को लेकर दो समुदायों के बीच झड़प के बाद इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। हिंसक झड़प के बीच दो निजी अस्पतालों पर पथराव किया गया। ऐसे में उग्र लोगों को रोकने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। हिंसा में कई लोग घायल हुए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भारतीय युवा मोर्चा और गो संरक्षण समिति के सदस्यों ने शनिवार को देखा कि स्थानीय लोगों का एक समूह बकरीद के अवसर पर शहर के बांग्ला तालाब इलाके में गायों को छिपा रहा था और स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गायों को अपने कब्जे में ले लिया। इसके अलावा नरसिखेड इलाके में 150 से ज्यादा गायें हैं और उन्हें भी मुक्त कराने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा और गोरक्षा समिति के सदस्य वहां गए थे। इसी स्थान की पृष्ठभूमि में वहां मौजूद दूसरे गुट ने उन पर हमला कर दिया।

दोनों गुटों ने एक दूसरे पर हमला किया, जिसमें गोरक्षा समिति के सदस्य अरुण को तीन बार चाकू मारा गया। उन्हें तुरंत इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया। परिणामस्वरूप, उनमें से एक समूह ने स्थानीय पुलिस स्टेशन के सामने धरना दिया। बाद में उग्र लोगों ने दो निजी अस्पतालों और एक मेडिकल स्टोर पर पथराव किया। मेडक के रामदास चौराहे और पुराने बस स्टैंड के पास दुकानों में तोड़फोड़ की गई। लाठीचार्ज में युवा मोर्चा के नरसिंगा राव और दो अन्य लोग घायल हो गये। दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। दोनों गुट के लोग शहर में लाठी-डंडे लेकर घूमते रहे। शहर के कोलीगड्डा में एक समूह ने एक घर पर पत्थरों से हमला किया। फिलहार हिंसाग्रस्त इलाकों में बड़े पैमाने पर पुलिस की तैनाती की गई है। वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास ने रविवार को मेडक शहर बंद रखने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भाजयुमो, गोसंरक्षण समिति और भाजपा के तत्वावधान में बंद जारी रहेगा।

## ईवीएम से छेड़खानी चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर उठाती है सवाल

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़खानी की बात हमारी चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करती है और यह भारतीय लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता की बात है।

उन्होंने कहा कि ईवीएमएवं एक ऐसा ब्लैक बॉक्स बन गया है जिसकी जांच की इजाजत किसी को नहीं है और यही हमारी चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। श्री गांधी ने कहा, भारत में ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स हैं और किसी को भी उनकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएँ व्यक्त की जा रही हैं। जब संस्थानों में जवाबदेही की कमी हो जाती है तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है।÷ कांग्रेस पार्टी ने कहा,÷ईवीएम से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। मुंबई में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार रवींद्र वायकर के रिश्तेदार का मोबाइल फोन ईवीएम से जुड़ा था। राजग के इस कैंडिडेट की जीत सिर्फ 48 वोट से हुई है। पार्टी ने सवाल किया, ऐसे में सवाल है कि आखिर राजग के उम्मीदवार के रिश्तेदार का मोबाइल ईवीएम से क्यों जुड़ा था। जहां वोटों की गिनती हो रही थी, वहां मोबाइल फोन कैसे पहुंचा। सवाल कई हैं, जो संशय पैदा करते हैं।

### यात्रियों से भरी नाव गंगा नदी में पलटी, 17 डूबे

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को यात्रियों से भरी नाव पलट गई। नाव पर 17 लोग सवार थे। वहीं नाव के पलटते ही सभी लोग नदी में डूबने लगे। किसी तरह 11 लोग तैरकर बाहर निकल आए। वहीं छह लोग अब भी लापता है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गंगा दशहरा के अवसर पर कुछ लोग नौका पर सवार होकर स्नान करने के लिए नदी के उसपार जा रहे थे। इस दौरान उमा घाट के समीप नौका पलट गई। कुछ लोग तैरकर बाहर आ गए, जबकि छह लोगों के डूबकर मरने की आशंका है। सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल पर राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम पहुंच गई है। लापता लोगों की तलाश की जा रही है। वहीं घटना के बाद लोगों में काफी आक्रोश है। बताया जा रहा है कि प्रसिद्ध उमानाथ घाट पर जहां कई जिले के लोग गंगा स्नान को आते हैं, वहां पुलिस प्रशासन ने कोई इंतजाम नहीं किया था ना ही पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती थी।

संबोधन

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने नीट परीक्षा में गड़बड़ी की बात मानते हुए कहा

# गड़बड़ी में शामिल बड़े अफसरों को नहीं बख्शा जाएगा

नीट परीक्षा में 67 स्टूडेंट्स को पूरे 720 मार्क्स दिए गए

एजेंसी



**संबलपुर/नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पहली बार गड़बड़ी की बात मानी है। उन्होंने रविवार 16 जून को कहा कि नीट के रिजल्ट में कुछ गड़बड़ियां हुई हैं। जो भी बड़े अधिकारी इसमें शामिल पाए जाएंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने माना कि परीक्षा लेने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी में सुधार की जरूरत है। प्रधान ने कहा कि नीट के संबंध में दो तरह की अव्यवस्था का विषय सामने आया है। पहला- शुरुआती जानकारी थी कि कुछ स्टूडेंट्स को कम समय मिलने के कारण ग्रेस नंबर दिए गए। दूसरा- दो जगहों पर कुछ अनियमितताएं सामने आई हैं। मैं छात्रों और अभिभावकों को आश्वस्त करता हूं कि इसे भी सरकार ने गंभीरता के साथ लिया है। नीट परीक्षा इसी साल 5 मई को हुई थी। इसमें 23 लाख 30 हजार स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। इस दौरान लोकसभा के चुनाव भी हो रहे थे। 4 जून को लोकसभा के साथ नीट के भी रिजल्ट जारी किए गए। इसमें 67 स्टूडेंट्स को पूरे 720 मार्क्स दिए गए। नीट की परीक्षा के इतिहास में पहली बार इतने छात्र टॉप स्कोरर रहे। इस पर कई स्टूडेंट्स ने सवाल उठाए। परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट समेत 7 हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर हुई हैं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट एक साथ जोड़कर 8 जुलाई को सुनवाई करेगा। इनमें नीट पेपर लीक और सीबीआई जांच की मांग वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। इससे पहले 13 जून को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच में तीन याचिकाओं पर सुनवाई हुई थी। स्टूडेंट शिवांगी मिश्रा और 9 अन्य छात्रों ने रिजल्ट की घोषणा से पहले 1 जून को दायर की। काउंसलिंग पर रोक लगाने के साथ परीक्षा रद्द कर जांच की मांग की गई। सुप्रीम कोर्ट ने काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। पिटीशनर हितेश सिंह कश्यप ने दायर की। गुजरात के गोधरा में जय जलाराम परीक्षा सेंटर को चुनने के लिए कर्नाटक, ओडिशा, झारखंड आदि राज्यों में 26 छात्रों ने 10-10 लाख रुपए घूस दी थी। याचिका में पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग की गई है। सुनवाई 8 जुलाई को होगी। फिजिक्सवाला के को-फाउंडर अलख पांडेय ने 1563 स्टूडेंट को ग्रेस मार्क्स दिए जाने के खिलाफ याचिका लगाई। 13 जून को सुनवाई हुई। एनटीए ने कहा- 1563 स्टूडेंट्स के ग्रेस मार्क्स रद्द कर दिए जाएंगे। सभी स्टूडेंट्स के रिजल्ट बिना ग्रेस मार्क्स के जारी किए जाएंगे। ये फिर से एग्जाम दे सकते हैं।15 जून को लगाई गई इस याचिका में 20 स्टूडेंट्स ने नीट एग्जाम रद्द करने और फिर से एग्जाम कराने की मांग की है। साथ ही मामले की जांच सीबीआई या किसी दूसरी स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग की है।

### देशभर में स्टूडेंट्स का प्रदर्शन जारी

परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर 4 मार्च से ही स्टूडेंट्स रिजल्ट का विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस की स्टूडेंट विंग एनएसयूआई ने सीबीआई जांच की मांग को लेकर रविवार को दिल्ली में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इसके अलावा देश के अलग-अलग हिस्सों में भी प्रदर्शन हुए। छात्रों की मांग है कि परीक्षा फिर से करवाई जाए।

# भाई ने उजाड़ा भाभी का सुहाग

## खेत की मेड़ को लेकर हुए विवाद में हसुआ मारकर की हत्या

▸ एसपी ने सीओ व कोतवाल के साथ मौके का किया निरीक्षण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

खेत की मेड़ काटने को लेकर एक ही परिवार के दो सगे भाइयों में जमकर खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें एक भाई की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हो गए। जिनमे से दो लोगों का उपचार के जिला अस्पताल की इमरजेंसी में चल रहा है।

वहीं सूचना पर एसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस क्षेत्राधिकारी रामनगर आलोक पाठक व प्रभारी निरीक्षक रामनगर रत्नेश कुमार पांडेय के साथ मौके का निरिक्षण कर संबंधित टीमों को दिशा निर्देश दिए। थाना रामनगर के ग्राम कटियारा में रविवार को खेत की मेड़ काटने को लेकर दो सगे भाइयों में जमकर लाठी, डंडे व ईंट गुम्मे चले।

आरोप है इस बीच एक पक्ष ने पिपरमेंट खींचने वाले तेज धारदार अंगुसे से दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। हमले से सहजराम (60) पुत्र लेखरामदीन गंभीर रूप से घायल होकर गिर गए और उनकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मारपीट में दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हो गए। जिनमें से हरिओम (40) और लवकुश (32) पुत्र सहजराम व



दूसरे पक्ष से भाई कीढ़ीलाल (55) व उसके दो पुत्र हरीशचंद्र(26) और भूपेंद्र (22) शामिल है। दोनों भाइयों के बीच हुई आपसी मारपीट में घायल हुए पांचो लोगों को सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया गया। जहां लवकुश और हरिश्चंद्र की हालत गंभीर देखने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

वहीं घटना की जानकारी एसपी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक पाठक व प्रभारी निरीक्षक रामनगर रत्नेश पांडेय के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर संबंधित टीमों का गठन कर समुचित दिशा निर्देश दिए है। यहां उन्होंने ने बताया कि दो सगे भाइयों के परिवार में मारपीट हुई है। जिसमें एक भाई की मौके पर मौत हो गई है। जिसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घायलों को उपचार के लिए भेज कर पुलिस पूरे मामले की सघनता से जांच पड़ताल कर रही है।

## चाकू के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी।** चाकू पास में रख कहीं जाने के फिराक में एक अभियुक्त को जैदपुर पुलिस ने अहमदपुर जाने वाले मार्ग परसोला नाला पुलिया के पास मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। जिसकी तलाशी लेने पर चाकू बरामद होने पर पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं कार्यवाही की गयी।

बताते चलें कि अहमदपुर चौकी इंचार्ज गौरव अवस्थी पुलिस के जवानों के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर अहमदपुर जाने वाले मार्ग परसोला नाले के पास बहुत मेहनत व मसक्कत कर घेरा बंदी कर जफर पुत्र स्वा युनुस निवासी अहमदपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से एक अदद नाजायज़ चाकू बरामद कर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गयी है।

## जोगी बीर बाबा स्थान पर भंडारा आयोजित

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सिद्ध संत रहे जोगी बीर बाबा के स्थान पर क्षेत्र वासियों के संयोजन में विगत वर्षो की भांति विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।जिसमें क्षेत्र के हजारों पुरुष एंव महिलाओं ने बच्चों के साथ पहुंचकर पूज्य स्थल पर प्रसाद ग्रहण किया।मालूम हो कि लोधेश्वर महादेवा के निकट कुम्हरवा गांव में जोगी बीर बाबा का प्रशिद्ध स्थान है।पहाड़ी बाबा और जोगी बीर बाबा के तमाम कथानक आज भी बड़े आदर सम्मान से एक दूसरे के मध्य बयां होते रहते हैं।जिसमें पहाड़ी बाबा को बताया जाता है कि वह जो कहते थे वह सत्य हो जाता था। आज भी जोगी बीर बाबा की कुटिया स्वंय में एक जीती जागती मिशाल है।क्षेत्र के तमाम गांवों से लोग प्रत्येक मंगलवार को हनुमान जी के मंदिर पर दर्शन पूजन के लिये दौड़े चले आया करते हैं।गंगा दशहरा के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष की तरह श्री मद् भागवत की कथा का सुन्दर वर्णन गुड़िया शास्त्री कानपुर के द्वारा चल रहा था।प्रतिदिन भक्त गण कथा सुनने के लिये बड़े ही मनोयोग से आते रहे हैं।रविवार को विशाल भण्डारे के साथ परम्परागत कार्यक्रम सम्पन्न हुये।इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी कमलेश पांडे ओम प्रकाश सिंह पूर्व प्रधान राम किशोर सिंह राजू रामपाल सिंह राजकुमार सिंह सीतापुर चंदन सिंह अन्नत राम यादव राम निवास अवस्थी ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह गिरजा शंकर अवस्थी सहित बड़ी संख्या में भक्तजनो का सुबह से लेकर देर शाम आवागमन बना रहा।


## खबरें एक नजर में

### ऊदन हत्याकांड में नामित अभियुक्त गिरफ्तार




**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना मितौली पुलिस द्वारा ऊदन हत्याकांड में नामित अभियुक्त सेठ पुत्र गजोधर निवासी अंबेडकर नगर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र के लखीमपुर मैगलगंज मार्ग स्थित नवीन तहसील के समीप छः नवंबर सन दो हजार तेईस को दिन के करीब दस बजे ऊदन रैदास की दो मोटर साईकिल सवारो द्वारा उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। ज़ब ऊदन नाई के खोखे पर अपनी दाढ़ी बनवाकर घर वापस जा रहा था। घर वापस जाते समय अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उदन की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। परिजनों द्वारा ऊदन हत्याकांड में चार व्यक्तियों को नामित किया गया था। तीन व्यक्तियों की गिरफ्तारी उसी समय मितौली पुलिस द्वारा कर ली गई थी। ऊदन हत्याकांड मे नामित शेष एक अभियुक्त को प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने 8 माह बीत जाने के बाद गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### लकड़कट्टों को तीन दिन बाद भी पकड़ने में नाकाम वन विभाग



**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।** दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की रेंज बेलराया की वन चौकी बथुवा की बीट बथुआ के जंगलों में खैर की लकड़ी का अंधा धुंध कटान हो रहा है। मुखबिर की सूचना पर रेंज बेलराया के उप प्रभगीय वन अधिकारी ने बथुआ बीट की वन चौकी बथुआ के पास में बह रही सरजू नदी से करीब 20 बोटा खैर की लकड़ी बरामद कर अपनी सुपुर्दगी में लिया है जंगल से काटी गई खैर की लकड़ी की सूचना पाकर एसडीओ ने भी मौके का मुवाइना किया है। शुक्रवार की देर शाम दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की रेंज बेलराया के अंतर्गत चौकी महादेवा क्षेत्र की बीट बथुआ के जंगलों में कीमती खैर की लकड़ी को जंगल से काटकर बथुआ के पास बह रही सरजू नदी में लकड़ी चोर लकड़ी काट कर डाल गए थे। लकड़ी काटने की मुखबिर से सूचना पाकर उप प्रभागीय वन अधिकारी भूपेंद्र सिंह वन टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और वहां पर पड़ी करीब 20 बोटा खैर की लकड़ी को अपने कब्जे में ले लिया है। जंगल में खैर की लकड़ी काटे जाने की सूचना पाकर एसडीओ मनोज तिवारी ने भी मौके का मुआयना किया है। बेलरायां रेजर भूपेंद्र चौधरी ने बताया की खैर की लकड़ी सरजू नदी मे पडी थी जिसको कब्जे मे लेकर वन अधिनियम के अंतर्गत अज्ञात चोरों के खिलाफ जंगल से लकड़ी काटने का मुकदमा पंजीकृत किया गया है और चोरों की तलाश की जा रही है।

### अतिक्रमण मुक्त कराए गए रास्ते पर कब्जे का आरोप



**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।** गोला तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगरा सलेमपुर में राजस्व विभाग की टीम द्वारा पैमाइश पर शक जताते हुए टीम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के मुताबिक गोला तहसील में चल रहे मामले के जांच के बाद 26/12/2023 को तहसीलदार के द्वारा आदेश पारित किया गया जिसमें बताया गया कि ग्राम नगरा सलेमपुर की गाटा संख्या 563 रास्ते के रूप में दर्ज राजस्व अभिलेख है जिसको अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा आख्या प्रस्तुत कर राजस्व व पुलिस बल की संयुक्त टीम की मांग की गई थी जिसके बाद उक्त गाटे की जगह को राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि कराई गई अतिक्रमण मुक्त जमीन पर पुनः 16 जून दिन रविवार को गांव के ही एक व्यक्ति ने लेखपाल से सांठ गांठ कर जमीन पर कब्जा कर लिया है। और लेखपाल द्वारा पिलर लगाने की जगह के अलावा आगे बढ़कर पटाई कर दिया। वही क्षेत्रीय लेखपाल अनिल त्रिपाठी का इस संबंध में कहना है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने अपने खेत की पैमाइश करवाई है। पैमाइश के बाद मेड़ बंदी करके पिलर लगा दिए गए हैं बाकी रास्ते की जगह अभी भी अतिक्रमण मुक्त है। फिलहाल ग्रामीणों ने बताया है कि वह लेखपाल की जांच से संतुष्ट नहीं है मामले की उच्च स्तरीय जांच के लिए कार्रवाई करेंगे।

## बढ़ी बिजली की किल्लत, आये दिन फाल्ट से उपभोक्ता परेशान

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जहां एक तरफ भयंकर गर्मी में बिजली के बार बार कटने से क्षेत्र के उपभोक्ता पूरी तरह से परेशान हैं। वहीं ओवर लोड के चलते के चलते तार जलना व सप्लाई बाक्स ट्रांसफार्मर में फाल्ट होने से विभागीय अधिकारियों सहित कर्मचारियों भी दिनों रात सुधार हेतु हर मुमकिन कोशिश में लगे हुये हैं। फिर भी पूरी तरह कामयाबी न मिलने से बार बार विघुत आपूर्ति ठप होने से लोगो में आक्रोश दिखायी दे रहा है।

मामला जैदपुर विघुत आपूर्ति उपकेंद्र का है। जहां लगातार कई दिनों से इस भयंकर गर्मी में लो वोल्टेज सहित बार बार लाईट के कटने से लोग परेशान होकर पसीना बहा रहे हैं। जिसकी शिकायत नव निर्वाचित सांसद तनुज पुनिया से करने पर आलाधिकारियों से वार्ता भी की गयी है।

वहीं ओवरलोड के चलते विभागीय लोग भी दिनों रात सुधार के लिये हर मुमकिन प्रयास करते देखे जाते हैं। फिर भी कहीं केबेल तो कहीं फीडर तो कहीं फेस के कटने से घंटों तक सप्लाई बंद होने से लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा। विभागीय लोगों से बात की गयी तो बताया गया कि तमाम ट्रांसफार्मर बदलने के साथ तार भी बदला गया है। ओवर लोड के कारण हो रहे फाल्ट में जल्द ही सुधार होगें।

एस डी ओ संदीप सिंह कहते हैं। दिन हो रात हमारी टीम हर समय फाल्ट होने जुटी रहती है। ओवर लोठ के चलते दिक्कत हो रही है। जिससे जल्द ही सुधार में लाया जायेगा।

## नदी के रेलिंग विहीन पुल से गिरा बालक, गम्भीर रूप से घायल

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सफदरगंज बदोसराय मार्ग पर बने कल्याणी नदी के रेलिंग विहीन पुल से गिरकर एक 10 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया लेकिन हालत नाजुक होने पर ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया है। थाना व कस्बा सफदरगंज के मोहल्ला कल्यानपुर निवासी सुएब का 10 वर्षीय पुत्र एहतिशाम रविवार की सुबह साईकिल चला रहा था घर से थोड़ी ही दूरी पर स्थित कल्याणी नदी पर बने पुराने पुल से गुजर रहा एहतिशाम रेलिंग विहीन पुल पर जैसे ही पैर लगाकर खड़ा होने की कोशिश की तभी असुंतलित होकर नदी मे जा गिरा नदी मे पानी न होने के कारण पुल के नीचे पड़े बड़े बड़े पत्थरो पर गिरने से एहतिशाम गंभीर रूप से घायल हो गया जानकारी होने पर दौड़े परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल के गये लेकिन हालत नाजुक होने पर चिकित्स्कों ने ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर कर दिया है।

## डीसीएम-टैंकर की भिड़ंत से अफरा-तफरी

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार की देर रात्रि गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम भूलभूलियापुरवा के निकट गैस सिलेंडर से भरी डीसीएम एव टैंकर की आमने सामने हुई टककर से हाइवे पर अफरातफरी मच गयी। दोनो वाहन मे ज्वलनशील वस्तु होने की सूचना पर लोग सहम गये गनीमत रही कि टैंकर खाली था। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने डीसीएम मे फंसे दो घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया है।

जानकारी के अनुसार बाराबंकी से रामनगर की ओर इंडियन गैस सिलेंडर लेकर जा डीसीएम नंबर यूपी 40 टी 3920 की टककर सामने से आ रहे खाली टैंकर नंबर यूपी 78 एच टी 3482 से हो गयी इसी बीच तेज रफ्तार मे आ रही आल्टो कार नंबर डी एल 12 सी डी 0292 टैंकर मे घुस गयी। दोनो वाहन जवळणशील के होने की सूचना पाते ही ग्रामीण सहम गये। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने मे डीसीएम मे दो लोगो को निकाल कर एम्बूलैंस से जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।




### हाइवे पर लगा जाम

राष्ट्रीय राजमार्ग पर ज्वलनशील से संबंधित वाहनो की हुई टककर से ग्रामीण किसी अनहोनी घटना को लेकर सहम गये तथा हाइवे से गुजरने वाले वाहनो की अचानक पहिया ठप्प हो गये जिससे काफी समय तक हाइवे का आवागमन बंद हो गया। पुलिस ने कड़ी मेहनत कर दुर्घटनाग्रस्त वाहनो को रोड़ से हटवाकर आवगमन सुचारु रुप से चालू करा दिया।

## नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का आरोप मुकदमा दर्ज




**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।** पुलिस थाना उचौलिया के अंतर्गत एक गांव की नाबालिग लड़की को अगवा किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस थाना उचौलिया के अंतर्गत एक गांव के व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि उनकी नाबालिग लड़की को शाहजहांपुर जिले के रोजा थाना के अंतर्गत पडरा सिकंदरपुर निवासी तस्लीम पुत्र सलीम द्वारा 12 जून को उसके घर से ही अगवा कर लिया गया है। पुलिस में आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## वर्षों से खराब पड़े हैं सरकारी हैंड पंप

▸ गर्मी के भीषण प्रचंड प्रकोप में मोहल्लेवासी स्वच्छ जल पीने को तरस रहे

**पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ज्येष्ठ माह में भीषण गर्मी अपना प्रचंड रूप दिखा रही है तो वही समस्त प्रदेश भीषण गर्मी से तप रहा है जहां एक तरफ लोग बड़े मंगलवार पर शरबत वितरण कर राहगीरों की प्यास बुझाकर पुण्य का भागीदार बनते हैं तो वहीं दूसरी तरफ पलिया नगर के अलग-अलग जगह पर सरकारी मार्का हैंडपंप जर्जर हालत में पड़े हुए है जिससे प्रतीत होता है कि यह सरकारी हैंडपंप लगभग पिछले दो-तीन वर्षों से अपनी मरम्मत कार्य



की राह देख रहे है, मोहल्ले वासियों के अनुसार यह हैंडपंप पिछले लगभग दो-तीन वर्षों से खराब पड़े हुए हैं जिनकी शुध आज तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों ने नहीं ली है और ना ही किसी ने इस भीषण गर्मी के रौद्र रूप को देखते हुए इन हैंड पंपों की मरम्मत का कार्य करवाने का काम किया है। मोहल्ले वासियो का कहना है कि वह स्वच्छ जल पीने को तरस रहे हैं यदि यह हैंडपंप चालू होते तो न जाने कितने राहगीरों की अथवा मोहल्ले वासियों की प्यास को अब तक बुझा चुके होते लेकिन अफसोस जहां एक तरफ सरकार हर घर नल योजना चला रही है तो वही धरातल पर मंजर कुछ और ही है। आपको बता दें कि जनपद लखीमपुर खीरी के पलिया नगर के मोहल्ला रंगरेजान द्वितीय में सरकारी हैंडपंप पिछले दो-तीन वर्षों से खराब पड़ा हुआ है जिसकी सुध आज तक किसी भी जिम्मेदार ने नहीं ली है तो वही दूसरा इंडिया मार्का सरकारी हैंड पंप पलिया नगर के बाई पास रोड पर स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा के बाहर लगा हुआ है वह भी कई वर्षों से खराब पड़ा हुआ है जिसकी वजह से बैंक में आने वाले खाताधारको अथवा राहगीरों को अपनी प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।

## कस्ता फीडर की बिजली आपूर्ति हुई ध्वस्त, जन मानस में आक्रोश

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** बिजली विभागीय अधिकारियों की उदासीनता एव कर्मचारियों की लापरवाही के कारण मितौली विद्युत उपकेंद्र द्वारा संचालित कस्ता फीडर की बिजली आपूर्ति बद से बत्तर बनी हुई है ज्ञात हो कि अवर अभियंता देवता दीन क़े कार्य काल मे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित हो रही थी। निवर्तमान अवर अभियंता क़े विरुद्ध विभागीय कार्यवाही होने क़े उपरान्त वर्तमान अवर अभियंता दिवाकर की घोर लापरवाही क़े चलते कस्ता फीडर की बिजली आपूर्ति मे अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। उपभोक्ताओ मे रोष व्याप्त है। रात के समय लो वोल्टेज की समस्या से बिजली उपभोक्ता त्रस्त है। बिजली विभागीय कर्मचारी शाम होते ही मस्त हो जाते है।

## शिया वक्फ इमामबाड़ा परिसर खीरी में मजलिस मातम का सिलसिला जारी



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** नवासए रसूल हजरत इमाम हुसैन के इराक के शहर कूफा में प्रतिनिधित जनाबे मुस्लिम की शहादत के गम में मोहल्ला मोगली टोला में स्थित शिया वक्फ इमामबाड़ा परिसर खीरी टाउन में शनिवार को मजलिस मातम का सिलसिला जारी रहा। मजलिस की। शुरवावत तिलवते कुरान ए पाक से जिसको जनाब अली साहब ने की पेश खानी जनाब क़ायम मेहदी साहब, जनाब शोएब साहब और आली जनाब मौलाना गुलफाम आबिद साहब ने की। जनाबे मुस्लिम इब्ने अकील को इराक के शहर कूफा में 9 जिलहज्ज को शहीद कर दिया गया सफीर? हुसैन का मातम वा मजलिस लखनऊ से आली जनाब मौलाना सकलैन अब्बास नकवी साहब ने की मौलाना ने कहा जनाबे मुस्लिम अजीम इंसान थे जिनको बेटों ने इमाम हुसैन अलैहिस्स0 पर अपनी जान कुर्बान की। बाद मजलिस ताबूत वा अलम वक्फ इमामबाड़े परिसर में गश्त हुआ और अंजुमने हुसैनिया ने नोहखनी वा सिनाजनी की ताबूत अलम की जियारत करी गई।

## लोस चुनाव के बाद प्रथम सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

▸ विधायक ने लगाई फटकार

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव के बाद प्रथम सम्पूर्ण समाधान दिवस एस0डी0एम सभागार में उपजिलाधिकारी डॉ0अवनीश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसके मुख्य अथिति दर्जा प्राप्त मंत्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने एस0डी0ओ0 समेत तीन अधिकारियों फटकार लगाई और जे0 ई0 नलकूप से सभी नलकूपो (चालू बन्द) की सूची तीन दिन में प्रस्तुत करने का आदेश दिया। समाधन दिवस में कुल 29 शिकायते आयी



जिसमे 2 शिकायतो को मौके पर ही निस्तारण करदिया गया।

सबसे अधिक राजस्व विभाग 19पुलिस विभाग 5 विधुत विभाग 2 विकास विभाग की 3 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें राजस्व विभाग की 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस मौके दर्जा प्राप्त मंत्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने नगर में जगह जगह खम्बे पड़े होने पर एस0डी0ओ0 से नाराजगी जताते हुए कहा कि भयंकर गर्मी में अभी तुम्हारे खम्बे ही नही लग पाये जो कमी हो मुझे बताओ।

समस्या मत पैदा करो उसके जे0 ई0 नलकूप न सुनने पर फटकार लगाते हुए पूँछा मेरी विधान सभा मे कितने नलकूप चालू है और कितने बन्द है। जबाब न दे पाने पर तीन दिन के अन्दर चालू बन्द नलकूपो की सूची प्रस्तुत करो उसके पश्चात वी0डी0ओ मोहम्मदी बुलाया किन्तु उनकी अनुपस्थित में ए0डी0ओ0 आये तो उनसे विकास कार्य के बारे मे पूछा।

जबाब न दे पाने पर तत्काल वी0डी0ओ0 को बुलाया गया और उपजिलाधिकारी को अनुपस्थित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाने आदेश दिया। समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी डॉ0अवनीश कुमार पुलिस उपाधीक्षक अरुणकुमार सिंह तहसीलदार प्रीती सिंह एस0डी0ओ0 शिवम मौर्या समेत बहुत से अधिकारी उपस्थित रहे।

## अनमोल रत्न सम्मान से सम्मानित हुए जनपद खीरी के तीन उत्कृष्ट शिक्षक



▸ कुशीनगर में आयोजित हुई थी मिशन शिक्षण संवाद की राज्यस्तरीय शैक्षिक उन्नयन कार्यशाला

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जनपद कुशीनगर में दिनांक 14 -15 जून मिशन शिक्षण संवाद की दो दिवसीय शैक्षिक उन्नयन कार्यशाला का आयोजन मिशन शिक्षण संवाद एवं बेसिक शिक्षा विभाग कुशीनगर के संयुक्त तत्वाधान में मिशन शिक्षण संवाद कुशीनगर टीम द्वारा श्रीमती मंजू सिंह जी के नेतृत्व में पी.एन.नेशनल स्कूल के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक हाटा मोहन वर्मा, विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौड़ विधायक पड़रौना मनीष जायसवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया कार्यशाला में प्रदेश के समस्त जनपदों से आये हुए उत्कृष्ट शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयासों का प्रस्तुतिकरण किया गया।

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर सांसद देवरिया द्वारा मिशन शिक्षण संवाद एवं शिक्षकों द्वारा किये जा रहे प्रयासों को सराहा। बेसिक शिक्षा अधिकारी कुशीनगर रामजियावन मौर्य जी, श्री विमल कुमार संस्थापक मिशन शिक्षण संवाद एवं के द्वारा जनपद खीरी के तीन अनमोल रत्न श्रीमती पूर्णिमा मिश्रा (स.अ.) उ.प्रा.वि. लखीमपुर देहात(सुआगाढ़ा), लखीमपुर श्री वीरेन्द्र शुक्ल (इ.प्र.अ.) उ.प्रा.बझेड़ा, बिजुआ एवं मिशन शिक्षण संवाद के जनपद एडमिन वैभव पाण्डेय (स.अ.) उ.प्रा.वि. ढखेरवा खालसा 1-8, निघासन को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। तीनों शिक्षकों बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अपने प्रयासों के लिए जनपद स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक पूर्व में विभिन्न अवसरों पर सम्मानित होकर जनपद का मान बढ़ा चुकें हैं। शिक्षक वीरेन्द्र शुक्ल राज्य शिक्षक पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके हैं।कार्यशाला में आए सभी शिक्षकों को कुशीनगर के भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों का भ्रमण भी कराया गया।

## फेसबुक के माध्यम से हुआ प्यार, प्यार के बाद यौन शौषण का आरोप

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कानपुर देहात की एक युवती ने शुक्रवार रात निघासन के भजनपुरवा में सड़क पर खड़े होकर खूब हो-हल्ला किया। उसने यहां के एक युवक पर झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया। सीओ के निर्देश पर यूपी 112 पुलिस उसको कोतवाली लाई। युवक के खिलाफ कानपुर देहात के अकबरपुर थाने में रेप और एससीएसटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज होने की बात पता चली। शनिवार को पहुंची अकबरपुर पुलिस आरोपी के भाई को पूछताछ के लिए ले गई।

कानपुर देहात के अकबरपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि निघासन के भजनपुरवा निवासी लखनऊ में बिजली विभाग में नौकरी करने वाले शिवम नामक युवक से उसका फेसबुक के जरिए परिचय हुआ। इसके बाद उनकी बातें होने लगी। युवक ने उसे नौकरी दिलाने के नाम पर कुछ रकम भी ऐंठ ली। वह उससे लखनऊ और कानपुर समेत कई जगहों पर मिला और शादी करने का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। शादी की बात कहने पर वह टालता रहा। करीब चार महीने वह निघासन आई थी। तब युवक ने उसके साथ होली के बाद शादी करने का वादा किया था। धीरे-धीरे उसे पता चला कि शिवम उसके साथ शादी करने की बजाय महज खेल खेल रहा है। इस पर उसने अकबरपुर थाने में उसके खिलाफ दुष्कर्म और एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करा दी। शुक्रवार रात करीब आठ बजे वह भजनपुरवा पहुंची और आरोपी के घर के बाहर जमकर हंगामा काटा। वहां से निकली यूपी 112 पुलिस उसे कोतवाली लाई। रिपोर्ट दर्ज होने की जानकारी पाकर निघासन पुलिस ने इसकी सूचना अकबरपुर पुलिस को दी। इस पर वहां से युवती के पिता के साथ अकबरपुर कोतवाल सतीश सिंह और एसआई दयानंद झा शनिवार को निघासन पहुंचे और आरोपी के भाई सौरभ को ले गए।

## महिला थाने की नवागंतुक थानाध्यक्ष ने परामर्श से 10 मामलों का सुलह समझौते से कराया निपटारा

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

रविवार 16 मई 2024 महिला थाना लखीमपुर की नवांगतुक थानाध्यक्ष शिल्पी शुक्ला ने काउन्शलरों के सहयोग से 10 परिवारिक विवादों में सुलह समझौते से निपटारा कराया है।

बताते चले कि पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में महिला थाना की थानाध्यक्ष शिल्पी शुक्ला ने महिला थाने पर काउन्शलर कुसुम गुप्ता व कय्यूम ज़रवानी के सहयोग से थाने पर प्राप्त घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, व परिवारिक कलह की शिकायती प्रार्थना-पत्र में सुलह



समझौते से 10 मामलों में पति पत्नी के मध्य विवाद विवादों मे सुलह कराके विदाई कराने का काफी सराहनीय काम किया है। जिन पति पत्नी की विदाई कराई गयी है उनको एक सप्ताह के बाद अगले रविवार को पुनः कुशलक्षेम पूछने के लिए बुलाया गया है जिससे दोनो में कोई मतभेद रह गया हो उसे भी समाप्त कराया जा सके। सुलह समझौते मे मुख्य महिला आरक्षी शशी प्रभा व रेनू सिंह रही।

# अगर टेक्नोलॉजी मुश्किलों की वजह बन जाए, तो बंद कर देना चाहिए उसका इस्तेमाल : अखिलेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सपा प्रमुख यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा, 'टेक्नॉलजी' समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए, तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को एक बार फिर से ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिये कराने की मांग की। सपा प्रमुख यादव ने रविवार को



सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा, 'टेक्नॉलजी' समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए, तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए। यादव ने इसी पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा, आज जब विश्व के कई चुनावों में ईवीएम को लेकर गड़बड़ी की आशंका जाहिर की जा रही है और दुनिया के जाने-माने प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ (टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स) ईवीएम में हेराफेरी के खतरे की ओर खुलेआम लिख रहे हैं, तो फिर ईवीएम के इस्तेमाल की जिद के पीछे की वजह क्या है, ये बात भाजपाई साफ करें। उन्होंने कहा, आगामी सभी चुनाव बैलेट पेपर (मतपत्र) से कराने की अपनी मांग को हम फिर दोहराते हैं।÷ यादव पहले भी ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते रहे हैं। हालांकि, हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सपा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सपा को राज्य की 80 लोकसभा सीटों में 37 और उसकी सहयोगी कांग्रेस को छह सीटों पर जीत मिली।

# बिना भेदभाव मिल रही 24 घंटे विद्युत आपूर्ति : एके शर्मा

**यूपी में सकुशल पूरी की 30,618 मेगावाट की अधिकतम मांग**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी व लू के कारण तथा बिजली के घरेलू उपयोग बढ़ने से बिजली की अप्रत्याशित मांग बढ़ी है।

इस बढ़ी हुई मांग को सभी विद्युत कार्मिक, यूपीपीसीएल और डिस्कॉम के प्रबंधन ने अपने पूर्ण कौशल और कर्तव्यपरायणता का परिचय देते सकुशल पूरा किया और पूरे प्रदेश में 24 घंटे में विद्युत की निर्बाध आपूर्ति कर रहे, जिससे भीषण गर्मी व लू से



होने वाली परेशानियों से प्रदेशवासियों को राहत मिली है। स्थानीय दोषों, आंधी व तूफान या अन्य किसी कारण से आपूर्ति बाधित होने के अलावा बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश को रोस्टर मुक्त करके 24 घंटे बिजली दी जा रही है। फिर भी कुछ लोगों द्वारा बिजली नहीं आने का दुष्प्रचार किया जा रहा है, जो कि घोर निन्दनीय व द्वेषपूर्ण है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को अपने 14 कालीदास, लखनऊ स्थित आवास पर मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता कर प्रदेश की विद्युत आपूर्ति एवं व्यवस्था की जानकारी दी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यूपी में 30,618 मेगावाट विद्युत की अधिकतम मांग को सकुशल पूरा किया गया और पूरे देश में सबसे ज्यादा 655.66 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति प्रदेश में एक दिन में की गयी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश पूरे देश में राज्यों को पीछे छोड़ते हुए महाराष्ट्र से भी 4000 से 5000 मेगावाट अधिक की आपूर्ति कर रिकार्ड बना रहा है। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष प्रदेश में 28,284 मेगावाट सर्वाधिक मांग थी। जो कि इस वर्ष 28,284 मेगावाट से गर्मी की शुरूआत हुई और यह अब तक 30,618 मेगावाट तक पहुंच चुकी है। आगे अभी भीषण गर्मी से राहत न मिली तो 31 हजार मेगावाट से भी अधिक विद्युत मांग बढ़ेगी। कहा कि वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए पहले से ही तैयारी की गयी और उन राज्यों से तापीय और जल विद्युत दोनों प्रकार के विद्युत खरीद का अनुबंध किया गया, जहां पर विद्युत अधिक थी। प्राइवेट एजेंसियों तथा एक्सचेंज से भी बिजली खरीद की गयी। 1970 से अब तक लगभग 50 वर्षों से प्रदेश की बदहाल विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने व पटरी पर लाने के लिए विगत 02 वर्षों में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा। इसमें आरडीएसएस योजना अंतर्गत 17 हजार करोड़ रूपये, बिजनेस प्लान के तहत 05 हजार करोड़ रूपये तथा नगरीय निकायों में विद्युत तंत्र के विकास हेतु 01 हजार करोड़ रूपये के अनुरक्षण कार्य कराये गये। इसके अंतर्गत पूरे प्रदेश में जर्जर व झूलते हुए तारों को हटाया गया तथा 01 लाख किमी तक एबी केबल में बदला गया। जर्जर व झुके हुए पोल को हटाकर 19 लाख नये खम्भे लगाये गये तथा 06 लाख ट्रांसफार्मर पर कार्य हुआ, इसमें नये ट्रांसफार्मर लगाये गये, क्षमता वृद्धि और मरम्मत का कार्य हुआ।

## खबरें एक नजर में

### खटिया मिल में लगी भयंकर आग, फायर ब्रिगेड ने काबू पाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के खटिया गोदाम मिल में रविवार दोपहर भयंकर आग लग गई। आग लगते ही मिल में काम में करने वाले मजदूरों में अफरातफरी मच गई। लोग बचने के लिए भागने लगे। घटना की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई और टीम वहां पहुंची और करीब डेढ़ घंटे बाद आग को कंट्रोल किया जा सका। घटना बाजारखाला थाना क्षेत्र के एवरेडी तिराहे के पास की है। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिली कि बाजार खाला के खटिया गोदाम मिल रोड एवरेडी के पास आग लगी है। सूचना पर आलमबाग से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि आग भयंकर हो गई है। चारों तरफधुआं ही धुआं भरा हुआ है। टीम ने तुरंत हौज पाइप फैलाकर आग बुझाना शुरू कर दिया गया। उसी समय यह जानकारी मिली कि कठिया गोदाम कैंपस, मिल रोड एवरेडी तिराहे के पास भवानी ट्रेडिंग कंपनी में भी आग लगी है। यह एक फैब्रिकेशन कंपनी है और इसमें लोहे का सामान जैसे दरवाजा, खिड़की और जंगला आदि बनता है। कंपनी के मालिक शरद कुमार श्रीवास्तव किराए पर इसे चलाते हैं। यहां भी आग पर काबू पाया गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन अधिकारी निर्देश पर एफएसएस सरोजनी नगर से यूनिट इंचार्ज फायर टेंडर यूनिट के साथ घटनास्थल पहुंचे। फायर सर्विस यूनिट ने पहुंचकर देखा कि आग वहां पर रखे प्लास्टिक की बोतल व कूड़े में लगी थी। जो पूरी तरह से बुझ चुकी थी। टीम ने कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दी और वापस लौट गई।

### स्टूडेंट्स ने किया सूर्य नमस्कार का अभ्यास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के संरक्षण एवं निर्देशन में फैकल्टी ऑफयोग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में रविवार को सुबह 5.30 गोमती नदी के तट पर सूर्यनमस्कार का अभ्यास किया गया। सूर्य को सूर्य देवता माना जाता है, जिन्हें ब्रह्मांड का निर्माता माना जाता है और वैदिक परंपरा में सूर्य चेतना और ईश्वर का प्रतीक है। इस प्रकार, सूर्य नमस्कार को सबसे महत्वपूर्ण योग अभ्यासों में से एक माना जाता है। शरीर में लचीलापन लाता है, मासिक धर्म को नियमित करता है, अंतर्दृष्टि विकसित होती है, हड्डियाँ मजबूत बनती है, मांसपेशियों में लचीलापन आता है रक्त का संचार संतुलित मात्रा में होता है, एकाग्रता बढ़ती है। इस अवसर पर डॉ रामकिशोर, शोभित सिंह, रोमा हेमवानी, मोनिका सिंह, पीयूष तिवारी, अभिषेक साहू, प्रतीक केसरवानी, आशा राजवंशी, शुभांगी, सपना कुशवाहा, शिखर शुक्ला,संजना कुशवाहा नम्रता मिश्रा ने सूर्य नमस्कार किया।

### ईदुज्जुहा बकरीद पर दी मुबारकबाद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस किसान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने लोगों को ईदुज्जुहा बकरीद पर मुबारकबाद दी है। आराधना मिश्रा मोना व प्रमोद तिवारी ने खासकर मुस्लिम भाईयों को मुबारकबाद देते हुए कहा है कि यह त्यौहार इंसाफतथा नेकनीयती के रास्ते पर चलते हुए हमें जुल्म और ज्यादती के खिलाफकुर्बानी के जज्बे की सीख दिया करता है। कांग्रेस नेताद्वय ने कहा है कि कुर्बानी का मुद्दस त्यौहार हमें आपसी प्रेम तथा साम्प्रदायिक सौहार्द व आपसी भाईचारे के लिए भी एकजुट बने रहने का पैगाम दिया करता है। उन्होनें लोगों से कहा है कि कुर्बानी के त्यौहार पर मुल्क और समाज की भलाई के लिए एक साथ आगे बढ़ने का जज्बा मजबूत बनाना ही हिन्दुस्तान की दुनिया में सबसे खूबसूरती का पैगाम है।

### दवाइयों से भरी पिकअप में लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बीती रात करीब 12 बजे आरटीओ ऑफिस के पास खड़ी गाड़ी में आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और दो फायर टेंडर से आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब 30 मिनट बाद आग पर काबू पा लिया गया। अग्निशमन अधिकारी सरोजनी नगर के सुमित प्रताप सिंह बताया कि दवाइयों से भरी पिकअप लोडर गाड़ी में आग लगी थी, जिसे कंट्रोल कर लिया गया है। गाड़ी मालिक अजय नारायण द्विवेदी पुत्र शिवनाथ द्विवेदी ने बताया कि इस पिकअप से दवाइयों की सप्लाई की जाती है।

### थूक लगाकर मसाज करने वाला सैलून कर्मचारी हिरासत में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शामली के बाद अब राजधानी लखनऊ का एक वीडियो सामने आया है जिसमें सैलून कर्मचारी थूक लगाकर युवक के चेहरे पर मसाज करता दिख रहा है। ये पूरा मामला सुशांत गोल्फसिटी थाने का बताया जा रहा है। कर्मचारी जैद को पुलिस ने हिरासत में लिया है। दरअसल उन्नाव के रहने वाले कैंटीन संचालक आशीष कुमार ने पुलिस में शिकायत की थी। जिसके बाद दूकान में लगा सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया। जिसमें जैद थूक लगाकर मसाज करता दिखा था। बताते चलें कि शामली में थूक लगाकर मसाज करने के मामले में अमजद नाम के युवक को हिरासत में लिया गया था।

### आदित्य बने भारतीय वैश्य महासम्मेलन के कार्यकारी युवा अध्यक्ष

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हजरतगंज जिला हलवासिया कोर्ट में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गिरीश संघी, प्रदेश प्रभारी उमेश अग्रवाल एवम प्रदेश अध्यक्ष सुधीर हलवासिया, प्रदेश महामंत्री शैलेंद्र अग्रहरि की संस्तुति से आदित्य गुप्ता को प्रदेश कार्यकारी युवा अध्यक्ष मनोनीत किया। प्रदेश अध्यक्ष सुधीर एस हलवासिया ने कहा कि अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन को सशक्त एवम संगठन विस्तार के तहत आदित्य गुप्ता के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष युवा बनाया गया। वही आदित्य गुप्ता ने कहा कि संगठन द्वारा दिए गए कार्यों को पूर्ण निष्ठा एवम समर्पण के साथ कार्यों का निर्वाह किया जाएगा साथ पूरे प्रदेश के प्रत्येक जिले में संगठन इकाई को मजबूत करने का काम किया जाएगा।

### मोबाइल लुटेरे गिरफ्तार, पीजीआई पुलिस ने 2 को पकड़ा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में पीजीआई थाना क्षेत्र की पुलिस ने 2 शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक बाइक और लूटी गई मोबाइल बरामद की गई है। आरोप है कि वे दोनों मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों को निशाना बनाते थे और उनके मोबाइल छीनकर फरार हो जाते थे। पीजीआई थाना प्रभारी बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि बीते 10 जून को एसके पटेल मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। वे घर से कुछ दूर ही पहुंचे थे कि पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों झपट्टा मारकर उनका फोन छीन लिया। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई थी। पीड़ित एसके पटेल की शिकायत पर लुटेरों की तलाश की जा रही थी। रविवार को मुखबिर की सूचना पर बरौली नहर के पास से एक बाइक पर सवार दो युवकों को दबोच लिया गया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम मोहित ओझा और शिवा कश्यप बताया। दोनों बारा बीरवा थाना कृष्णानगर के रहने वाले हैं। मोहित 2021 में चोरी के मामले में जेल जा चुका है।

### एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गंगा दशहरा के अवसर पर सुबह 5 बजे मनकामेश्वर मंदिर से लेटे हुए हनुमान मंदिर तक माँ गोमती गौरव पद यात्रा में लोक भारती एवं मनकामेश्वर मठ मंदिर द्वारा आयोजित माँ गोमती नदी संरक्षण अभियान के तहत गोमती नदी के तटों की स्वच्छता को बढ़ाने के लिए एक जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 64 यूपी बटालियन एनसीसी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के कैडेट्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने नदी के किनारे स्थित कचरे एवं नदी के पानी को साफकरने में योगदान दिया। इसके साथ ही, उन्होंने नदी के पास जागरूकता अभियान भी चलाया ताकि लोग नदी की स्वच्छता की महत्वता को समझें और नदी को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए सहयोग करें।

# हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मिलेगी भरपूर मदद : सीएम योगी

**सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में सुनी 350 लोगों की फरियाद**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता प्रभावी रहने के कारण मार्च से स्थगित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनता दर्शन कार्यक्रम को आज रविवार को गोरखपुर में आयोजित हुआ जिसमें उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके पहले लखनऊ के सरकारी आवास में मुख्यमंत्री ने जनता की समस्याएं सुनीं थीं।

इस दौरान सीएम ने कहा कि हर जरूरतमंद को इलाज के लिए भरपूर आर्थिक मदद मिलेगी। रविवार सुबह जनता दर्शन में काफी संख्या में ऐसे लोग थे जो गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त



किया कि सरकार इलाज में भरपूर मदद करने के लिए तत्पर है और हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के अनुमानित चिकित्सीय खर्च की रिपोर्ट तैयार कर शासन को जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए और जिन पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान योगी ने करीब 350 लोगों की समस्याएं सुनीं और समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टिपरक समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और इत्मीनान से उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में पुलिस और राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े।

उन्होंने हिदायत देते हुए कहा, ''जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और इसमें किसी ने भी लापरवाही की तो उसे दंड का भागी बनना पड़ेगा। इसलिए अधिकारी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

### लाइफलाइन बनेगी केन-बेतवा लिंक परियोजना : स्वतंत्रदेव

**लखनऊ।** प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश की केन-बेतवा लिंक परियोजना बुंदेलखंड के लिए लाइफलाइन बनेगी। इससे दो लाख एक्यावन हजार लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में सिंचाई की सुविधा के साथ ही क्षेत्रीय लोगों को पेयजल भी उपलब्ध होगा। रविवार को जलशक्ति मंत्री ने जनमानस को लाभान्वित करने वाली परियोजनाओं पर मीडिया से कहा कि उत्तर प्रदेश में पांच हजार एक सौ एक्कीस करोड़ की पांच परियोजनाओं पर काम होगा। कुल परियोजनाओं की लागत 44 हजार छह सौ पांच करोड़ तय की गयी है। बुंदेलखंड को लेकर स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड के लोगों को बड़ा लाभ मिलने वाला है। बुंदेलखंड की सूखी धरती को सिंचाई के लिए और अधिक पानी मिल सकेगा। विभिन्न जनपदों बांदा, महोबा, झांसी व ललितपुर जिले के किसानों और लोगों को परियोजना से बेहद मदद मिलेगी।

# ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति की दरों मे वृद्धि असहनीय मार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रदेश में पावर कारपोरेशन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए बिजली आपूर्ति की दरों मे दो रूपये प्रति यूनिट की वृद्धि के मसौदे को जनता पर मंहगाई की एक और असहनीय सरकारी वार करार दिया है।

उन्होने कहा कि इस समय भीषण गर्मी तथा लू के चलते प्रदेश की जनता बिजली आपूर्ति में खामियों के कारण त्राहि त्राहि कर रही है। उन्होने तंज कसा कि सरकारी भाषणों मे सरकार बिजली गिरा तो रही है पर बिजली बनाने का उसे जरा सा भी फिक्र नही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रदेश भर में अभूतपूर्व बिजली कटौती के साथ गरीब उपभोक्ताओं के भीषण गर्मी में बेरहमी से बिजली के कनेक्शन काट दिये जा रहे हैं। वहीं उन्होने ट्रांसफार्मर क्षमता के साथ सरकार के स्टाक में उपलब्ध नही होने के कारण ओवरलोडिंग के चलते इनके जल उठने को भी सरकारी कुप्रबन्धन की विफलता कहा है। रविवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि अभूतपूर्व बिजली कटौती के साथ नहरों में पानी नही है। उन्होने कहा कि सिंचाई के लिए बिजली भी उपलब्ध नहीं है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि नहरों मे पानी न आने तथा कमजोर विद्युत आपूर्ति के कारण किसान धान की नर्सरी तैयार नही कर पा रहा है।

**नहरों में पानी न आने व कमजोर विद्युत आपूर्ति के कारण किसान धान की नर्सरी तैयार नहीं कर पा रहा**

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकारी क्षेत्र में सिंचाई के कुप्रबंधन का सीधा दुष्परिणाम किसान को फसल उत्पादन में अपनी गाढ़ी कमाई खो देने की चिन्ता साल रही है। उन्होने बिजली दरों को ग्रामीण उपभोक्ताओं को मंहगे दर पर किये जाने के पावर कारपोरेशन के फैसले को प्रदेश की भाजपा सरकार के इशारे पर जनता पर बोझ करार दिया है। उन्होनें तंज कसा कि यूपी में लोकसभा चुनाव के नतीजे भाजपा के खिलाफ गये हैं इससे लगता है कि सरकार मंहगाई को थोपकर अपने प्रतिशोध की खीझ में आ गयी है।

# मायावती बहुजन आंदोलन से विमुख हो गईं : आरके चौधरी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापकों में शुमार समाजवादी पार्टी (सपा) के मौजूदा सांसद आर. के. चौधरी ने हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में बसपा की करारी पराजय के लिए पार्टी प्रमुख मायावती की बहुजन आंदोलन से विमुखता को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि अब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) के नारे के साथ बहुजन की मुहिम को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रदेश की मोहनलालगंज सीट से सपा के नवनिर्वाचित सांसद चौधरी ने बसपा के गिरते ग्राफ तथा पार्टी के संस्थापक कांशीराम के मिशन के भविष्य समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि इस वक्त उत्तर प्रदेश में दलित राजनीति नेतृत्वविहीन हो चुकी है, लेकिन आने वाले समय में सपा कांशीराम द्वारा जगाई गई बहुजनवाद की अलख को परवान चढ़ाएगी। लोकसभा चुनाव में बसपा को एक भी सीट नहीं मिलने के कारणों के बारे में पूछे जाने पर चौधरी ने मायावती पर निशाना साधते हुए कहा, मायावती हमारी नेता रही हैं। हम उनका सम्मान करते हैं। मगर कांशीराम जी का आंदोलन अगर किसी ने खत्म किया है तो वह बहन जी (मायावती) ने ही खत्म किया है और उस आंदोलन को आगे बढ़ाने के रास्ते पर अब सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने चलना शुरू किया है। लोकसभा चुनाव में सपा को दलितों का भी काफी वोट मिलने का दावा करते हुए उन्होंने कहा, बहुजन समाज पार्टी के समर्थकों के वोट इस बार बिना मांगे सपा को मिले हैं। कहीं 50 प्रतिशत तो कहीं 60 प्रतिशत मिले। यह बहुत बड़ी बात है और मान्यवर कांशीराम ने जो अलख जगाई है उसे आने वाले समय में निश्चित रूप से अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी पूरा करेगी। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार बना चुकी बसपा हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत सकी। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में 10 सीटें जीतने वाली बसपा का वोट शेयर भी पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले 10 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ 9.39 फीसद रहा।

### गर्मी से बेहोश हुआ बुजुर्ग, अस्पताल में भर्ती

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गर्मी से राहत मिलती नहीं दिख रही है। बीते कई दिनों से हीट वेव के साथ वार्म नाइट का दौर जारी है। रविवार सुबह 7 बजे का तापमान 35 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। 10 बजे 39 डिग्री तक पहुंच गया। दोपहर 2 बजे तापमान 44 डिग्री और 4 बजे 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग का अनुमान के अनुसार आज लखनऊ में दिन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री पहुंचा, जबकि न्यूनतम तापमान 32 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है। न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से चार-पांच डिग्री अधिक रहने की संभावना है। लखनऊ में रविवार को दिन में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस भीषण गर्मी की वजह से चौकी सुल्तानगंज क्षेत्र में एक बुजुर्ग बेहोश होकर गिर गया। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम ने तुरंत एंबुलेंस मंगाई और बुजुर्ग को अस्पताल भेजा गया। बुजुर्ग के परिजनों को भी घटना की जानकारी दी गई है और उनका इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है।

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आर्यकुल कॉलेज में आयोजित हुआ पूर्व छात्र मिलन समारोह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के बिजनौर स्थित आर्यकुल कॉलेज में पूर्व छात्र मिलन समारोह (एलुमिनाई मीट) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्यकुल महाविद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे छात्र-छात्राओं ने हुनर के विविध रंग बिखेरे। पूर्व छात्र मिलन समारोह के अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वल्लित व शंखनाद कर कार्यक्रम की शुरुआत की इसके पश्चात राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया साथ ही साथ बच्चों ने आर्यकुल कुलगीत की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर आर्यकुल महाविद्यालय के फार्मेसी, शिक्षा, प्रबंधन, पत्रकारिता के पूर्व छात्र-छात्राओं ने ऊंचे पदों पर सफलता हासिल की जिसमें फार्मेसी विभाग के रजत कुमार, अश्विनी गिरी (माइक्रोलैब्स प्राइवेट लिमिटेड में क्षेत्रीय प्रबंधक), चंदन कुमार भारती (ब्लू लेबोरेटरी में क्षेत्र प्रबंधक), मृत्युंजय भारती (रैप्टाकोर ब्रेट एंड कंपनी



लिमिटेड में पोषण प्रीफैक्टस), अमर सिंह यादव (एस.जी.पी.जी.आई.एम.एस. में क्लिनिकल रिसर्च असिस्टेंट), लक्ष्मी प्रसाद (सिप्ला लिमिटेड में थेरेपी मैनेजर), महर्षि द्विवेदी (अल्केन प्रयोगशालाओं में क्षेत्रीय प्रबंधक) प्रबंधन विभाग के सोनू चौरसिया (टोरेंट फार्मा में एरिया बिजनेस मैनेजर), संजय कुमार राठौर (उद्यमी, शिव इंटीरियर डिजाइन), अतुल राय (अशोक एंटरप्राइजेज फिलिप्स लाइटनिंग में बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर), संयोगिता सिंह (वोलेंटिस हेल्थकेयर में वरिष्ठ चिकित्सा कार्यकारी), शिक्षा विभाग के धनेश प्रताप सिंह (प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक), नेहा वर्मा (प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका), नवनीत सोनी (संयुक्त विद्यालय में सहायक अध्यापक), विजय चौधरी (प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक), कल्पना पाल (केन्द्रीय विद्यालय में प्राथमिक अध्यापिका), पत्रकारिता विभाग के आमिर हक (आज-तक संपादक), प्रांशु मिश्रा (हिंदुस्तान टाइम्स में स्थानीय संपादक) ने अपने जीवन में आये उतार-चढ़ाव को साझा किया साथ ही साथ ईमानदारी, अनुशासन, सम्मान को अपने जीवन में परिपालन करने की सलाह दी।

छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसमे बी.फार्मा प्रथम वर्ष के देवांशी कुमारी, आंचल यादव, प्रवीण, वंदना मौर्य, श्वेता पांडे, अमृता गौतम, कृति, प्रीति, शैली चौधरी, सुमित, मंगेश प्रतापती, साक्षी यादव, तनु यादव, अनु पटेल, वाशु मौर्य, ज्योति मिश्रा, शुभी पटेल, अतुल कुमार ने कुलगीत की प्रस्तुति दी।

### सीएमएस में 10 दिवसीय योग शिविर

**लखनऊ।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिटी मोन्टेसरी स्कूल, शालीमार वन वर्ल्ड कैम्पस द्वारा 10-दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का भव्य आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया जा रहा है। इस योग शिविर के अन्तर्गत पतंजलि योग विशेषज्ञ, सी.एम.एस. शालीमार वन वर्ल्ड कैम्पस में 18 जून से 28 जनू 2024 तक प्रातः 5.30 से 7.00 बजे तक योगाभ्यास करायेंगे। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी। श्री खन्ना ने बताया कि योग शिविर में आने वाले लोगों को सी.एम.एस. द्वारा परिवहन की निःशुल्क सुविधा दी जायेगी। सी.एम.एस. की प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि योग द्वारा न केवल हमारा शारीरिक व मानसिक विकास होता है बल्कि आध्यात्मिक विकास में भी योग सहायक है और इससे हमें दीर्घायु प्राप्त होती है।


**उपचुनाव** | **विधानसभा उपचुनाव में दोनों पार्टी एक बार फिर गठबंधन के साथ लड़ सकती है चुनाव**

# विधानसभा उपचुनाव को लेकर सपा व कांग्रेस में मंथन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बाद यूपी में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में सपा-कांग्रेस गठबधन 10 सीटों पर उपचुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। दरअसल, जिन सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें से ज्यादातर सीटों पर भाजपा और सपा के उम्मीदवार ही जीते हैं, हालांकि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने यूपी 40 सीटों पर जीत दर्ज की है।

इससे सपा कांग्रेस के हौसले बुलंद हैं ऐसे में माना जा रहा है कि विधानसभा उपचुनाव में दोनो पार्टी एक बार फिर गठबंधन के साथ चुनाव लड़ सकती है। सूत्रों की मानें तो 10 में से 3 विधानसभा सीटे गठबंधन के तहत




मांग कांग्रेस पार्टी मांग कर सकती है।आप को बता दें कि जिन विधान सभा सीटों पर उपचुनाव होने जा रहा है। उसमें से चार विधानसभा सीटें सपा विधायकों के सांसद बनने से हुई है खाली है करहल, कटेहरी, मिल्कीपुर और कुंदरकी की सीट है जबकि कानपुर की सीसामऊ सीट सपा विधायक इरफान सोलंकी की सदस्य रद्द होने की वजह से रिक्त हुई है। शेष सीटें एनडीए विधायकों के सांसद बनने से मीरापुर, गाजियाबाद, खैर, फूलपुर, मझवा की सीट खाली हुई है।

माना जा रहा है कि कांग्रेस को लोकसभा में छह सीटों पर सफलता मिली है। इस कारण पार्टी को संजीवनी मिल गई है। ऐसे में वह उपचुनाव में कुछ सीटों की डिमांड कर सकती है। हालांकि, इसमें ज्यादातर सीटें सपा के पाले की हैं, ऐसे में यह लोग सपा से कितना मोल भाव कर सकते हैं। यह समय बताएगा। सियासी जानकार बताते हैं कि ताजा चुनाव परिणाम से उत्साहित कांग्रेस व सपा दोनों की नजर अभी से अगले विधानसभा चुनाव पर है।

इससे पूर्व 10 सीटों पर उपचुनाव दोनों दलों के लिए आपसी रिश्तों व प्रदर्शन के लिहाज से महत्वपूर्ण होगा। खासकर कांग्रेस के सामने अपने जनाधार को बचाए रखने की भी बड़ी चुनौती है। अब सभी की निगाहें उपचुनाव में गठबंधन पर टिकी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस हाई इसे लेकर जल्द ही फैसला ले सकता है।

### सपा प्रदेश अध्यक्ष ने फूलपुर उपचुनाव को लेकर दो दिवसीय दौरा

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी (सपा) क़े प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने जिले क़े गंगापार क्षेत्र में दो दिवसीय दौरा कर पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने नुक्कड़ सभाएं कर लोकसभा चुनाव में पार्टी क़े बेहतर प्रदर्शन और गठबंधन उम्मीदवारों की जीत पर आम जनता क़ा आभार जताया। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि भाजपा को जनता ने नकार दिया है। महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं, महिलाओं की सुरक्षा जैसे मुद्दे पर देश-प्रदेश की जनता ने वोट किया। इंडी गठबंधन के संकल्प एवं वादों पर जनता ने भरोसा किया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी नेताओं एवं पदाधिकारियों के घर जाकर मुलाकात भी की। फूलपुर उपचुनाव में पार्टी की जीत क़े लिये अभी से बूथ स्तर तक की तैयारी पर जोर देते हुए पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, विधायक विजमा यादव, मुजतबा सिद्दीकी, पंधारी यादव, कृष्णमूर्ति सिंह, मंसूर आलम, जगदीश यादव, श्याम सूरत सरोज, बच्चा यादव, खिन्नी लाल पासी, विनोद गौतम, सुशील यादव, किसन यादव, राम प्रताप, शकील अहमद, भोला यादव, राकेश सिंह, छोटे प्रधान, नाटे चौधरी आदि मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में दलाल कर रहे इलाज, वीडियो वायरल

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



जनपद मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज में दलाल चिकित्सक बनकर मरीज का इलाज कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज प्रशासन इन पर अंकुश लगाने मे नाकाम साबित हो रहा है। मेडिकल कालेज की एक ओपीडी में बाहरी युवक मरीज को बाहर की दवा लिखकर लाने को कह रहा है। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जाता है यह वीडियो मेडिकल कॉलेज गोंडा का है।

आपको बता दें कि सूबे स्वास्थ्य मंत्री का आदेश है कि सरकारी अस्पताल व मेडिकल कॉलेज से बाहर की दवाएं न लिखी जाएं। बहुत जरूरी हो तो जन औषधि केंद्र की दवा लिखी जाएं जो सस्ते मूल्य पर मिलती हैं। विडंबना है कि मेडिकल कॉलेज गोंडा के परिसर में जन औषधि केंद्र काफी दिनों से बंद है। इसका सीधा लाभ मेडिकल कॉलेज के कुछ डाक्टर बाहर की दवा लिखकर उठा रहे हैं। इससे भी बड़ी बात यह है कि कुछ डॉक्टर अपने कक्ष में बाहरी युवकों को रखकर बाहर की दवा लिख रहे हैं।

यह युवक बाहर की दवा को लिखते भी हैं और कुछ मेडिकल स्टोर से मिलीभगत कर उन्हीं की दुकान से दवा खरीदकर नकद कमीशन ले रहे हैं। बताया जाता है कि शनिवार को मेडिकल कॉलेज के एक चिकित्सक जो कि अनुपस्थित रहे हैं। आए थे,बाहर चले गए थे। उनकी जगह कमरे में बैठे युवक द्वारा बेधड़क बाहर की दवा लिखी जा रही थी। जब इन लोगों का कोई विरोध करता है तो ये लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। बाहरी द्वारा दवा लिखे जाने का वीडियो वायरल होने पर कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है। बताया जाता है कि जिस चिकित्सक के पास यह लोग बैठकर दवा लिखते हैं वह फिजीशियन हैं। मेडिकल कॉलेज के सामने किराए पर क्लिनिक भी चला रहे हैं। वहीं पर एक मेडिकल स्टोर है जिस पर युवक पर्चा भेजते हैं।

कहा तो यह भी जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन कभी-कभी छापेमारी कर कार्रवाई की बात तो करता है लेकिन कभी ठोस कार्रवाई ना होने की वजह से बाहरी कॉकस का जाल टूटा ही नहीं है। इस संबंध में जानकारी करने हेतु सीएमओ से सीयूजी नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बता रहा था।

## पांच वारंटी गिरफ्तार



गोंडा, समृद्धि न्यूज। रविवार को पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर जनपद गोंडा के निर्देशन में तलाश वांछित/वारण्टी गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत 05 वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण :- 1. जमुना प्रसाद पुत्र रामपदारथ, 2. धर्मेन्द्र कुमार पुत्र जमुना प्रसाद निवासीगण ग्राम पचरन थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा, 3. महेशचन्द्र पुत्र शान्ती प्रसाद 4. फूलचन्द्र पुत्र शान्ती प्रसाद 5. उत्तमचन्द्र पुत्र शान्ती प्रसाद निवासीगण ग्राम शिवसहाय पुरवा मौजा छिटनापुर थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

## आटो ने स्कूटी सवार को मारी ठोकर नगर पालिका कर्मी सहित तीन घायल



कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

स्थानीय तहसील मुख्यालय स्थित गोण्डा लखनऊ राजमार्ग पर भीषण सड़क हादसे मे नगर पालिका परिषद कर्मचारी समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक को गोण्डा रेफर कर दिया गया।

मिली जानकारी के मुताबिक कर्नलगंज नगर स्थित अस्पताल तिराहे के पास रविवार को तेज रफ्तार से आ रही ऑटो ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दिया,जिससे स्कूटी सवार नगर पालिका परिषद कर्मचारी श्याम कुमार, साईं तकिया गौरवा खुर्द निवासी पुत्तन 50 वर्ष तथा देवतादीन निवासी गज्जू पुरवा गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद नगर पालिका परिषद कर्मचारी श्याम कुमार को नाजुक हालत में रेफर कर दिया गया।



## प्रभातफेरी निकालकर ब्रह्मा कुमारी बहनों ने फैलाया सकारात्मक ऊर्जा

परसपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परसपुर सेवा केन्द्र की प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अनामिका दीदी जी के नेतृत्व में मंशा सेवा करते हुए समस्त भाई बहिनें एवं माताएं जगत कल्याण अर्थ शुभ संकल्प करते हुए प्रभात फेरी निकाली। यात्रा सेवा केन्द्र से चलकर राम-जानकी मंदिर से होते हुए चौपुरवा वा भया पुरवा में भ्रमण करतें हुए राजा आंटा के कोठी के पास स्थापित शिवालय में दर्शन करते हुए मां दक्षिणी द्वार पहुंची। वहां से सेवा केन्द्र पर वापस पहुंची, जहां सभी लोगों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया, तत्पश्चात प्रसाद ग्रहण कर के सभी लोग अपने अपने सेवा स्थान पर प्रस्थान कर गए। उक्त अवसर पर इंद्र जीत भाई, कमला प्रसाद सिंह भाई, ज्ञान चंद भाई, अनूप भाई, सुनील भाई,सुधीर भाई, मास्टर रामेंद्र नारायण सिंह,पवन कुमार सिंह, राधेश्याम मिश्रा जी, ओम् प्रकाश सिंह, अजीत सोनी,राम बहादुर भाई, मयंक सिंह, कुमारी अनुष्का, कुमारी मुस्कान, उमा माता,पूनम बहिन, सुंदर पती माता, बबिता बहिन, संतोष बहिन, मन्ना बहिन, सुषमा माता, अमरावती माता, मंजू सिंह बहिन, रागनी बहिन, पिंकी बहिन, जशोदा माता, ममता माता, बंदना माता,रजनी बहिन, मंजू मिश्रा आदि भाई बहिनें एवं माताएं सम्मिलित हुई।

## पैर फिसलने से किशोरी की सरयू में डूब कर मौत

- पानी भरते समय हुआ हादसा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

नानपारा कोतवाली क्षेत्र के भोपतपुर बेलवा गांव निवासी एक किशोरी सरयू नदी के तट पर पानी भरते समय पैर फिसलने से डूब गई। जिससे नदी में डूबकर उसकी मौत हो गई। रविवार सुबह किशोरी का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत भोपतपुर बेलवा गांव निवासी नाजमा (13) पुत्री रंजीत खां पिता मजदूरी करता है। शनिवार शाम को वह मवेशी चराने गई थी। गांव भोपतपुर बेलवा बसेहरी पुल के पास नहर है। प्यास लगने पर सरयू नहर की शाखा में पानी लेने किशोरी गई। तभी वह पैर फिसलने से नदी में डूब गई। रविवार सुबह किशोरी का शव मथुरा गांव के पास पुल के नीचे उतराता हुआ मिला। इसकी सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। कोतवाली की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मालूम हो कि किशोरी की मां फूल बेगम की तीन लड़की और छह लड़के हैं।

## किशोरी पर बहन ने कैंची से किया हमला

- खेलते समय बहनों में हुआ था विवाद
- डाक्टरों ने आपरेशन कर कैंची को निकाला बाहर

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जनपद के तेंदुआ कबीर गांव निवासी एक किशोरी अपनी बहन के साथ रविवार को खेल रही थी। खेलते समय बहनों में कुछ विवाद हुआ। बहन ने अपनी बड़ी बहन पर कैंची मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है

।विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेंदुआ कबीर गांव निवासी निशा (14) पुत्री राजेंद्र कुमार रविवार को छोटी बहन के साथ खेल रही थी। खेलते समय बहनों में कुछ विवाद हुआ। जिस पर बहन ने बड़ी बहन पर कैंची मार दिया। कमर में कैंची लगने से किशोरी घायल हो गई। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। यहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। ईएमओ डॉक्टर रामेंद्र त्रिपाठी ने इलाज किया। इसके बाद न्यू ओटी में भर्ती कर आर्थो सर्जन डॉक्टर विनोद कुमार, डॉक्टर सौरभ अग्रहरी और जेआर ने अपरेशन कर कैंची निकाली गई। परिवार की महिला राजरानी ने बताया कि खेल के दौरान किसी बात की नाराजगी को लेकर कैंची मारी है।

## खबरें एक नजर में

### खंडहर में संदिग्धावस्था में मिला शव, फैली सनसनी

- शव से निकल रही भारी दुर्गंध, कई दिन पुराने होने की आशंका

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत कटराघाट से आगे सरयू रेलवे गुमटी के पास रविवार को संदिग्धावस्था में एक अज्ञात शव पाया गया,जो कई दिनों पुराना बताया जा रहा है। बरामद शव से दुर्गंध निकल रही थी। शव मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। मिली जानकारी के मुताबिक कर्नलगंज क्षेत्र के कटराघाट के निकट स्थित (रेलवे क्रॉसिंग) के पास निर्जन स्थान पर बने पुराने खड़हर के अंदर कई दिन पुराना शव मिलने से सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि जब उस रास्ते से लोग जा रहे थे तो वहां से आ रही दुर्गंध की वजह से लोगों ने अंदर देखा तो एक शव दिखाई पड़ा,जिसकी सूचना लोगों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। फिलहाल खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी थी। सूचना देकर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है।

### रास्ता बंद होने से एक परिवार घर के अंदर कैद

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव में पीड़ित परिवार के घर तक जाने का रास्ता बंद होने से परिवार जनों के घर के अंदर कैद होने का मामला सामने आया है। मामले में ग्राम कूरी निवासी पीड़ित श्रीमनी ने कोतवाली में तहरीर दिया है। तहरीर में कहा गया है की उसने अपने चाचा के कहने के अनुसार अपने खाते की भूमि में अपना मकान बनाया था। उसके बाद उसके चाचा ने उक्त गाटे की भूमि को कई खंडो में करके बंटवारा किया। बड़े बुजुर्ग होने की वजह से वह उनकी बात मानता चला गया। अब उसके चाचा ने उसके भाई को अपने साथ मिलाकर बीते 14 जून को गाली व जान से मार डालने की धमकी देते हुए उसके घर से निकलने का रास्ता बंद कर दिया। जिससे उसका परिवार घर के अंदर कैद है। पीड़ित का आरोप है की काफी समय हो चुका है वह अपने घर नही गया है। यदि वह घर गया तो दोनों लोग उसे जान से मार देंगे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया की प्रकरण संज्ञान में नही है।

### कार को बचाने के चक्कर में बस डीसीएम से टकराई, हुई क्षतिग्रस्त




बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुरुवा गांव के पास बीते शनिवार की रात 1:00 बजे के आसपास एक कार को बचाने के चक्कर में लखनऊ से बनारस जा रही जनरथ की बस हाईवे किनारे खड़े एक डीसीएम से टकरा गईद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की तेज रफ्तार कार के चालक ने अचानक ब्रेक मारा, जिसको बचाने के चक्कर में बस चालक ने किसी तरह अपनी बस को ब्रेक मार कर संभाला, लेकिन ब्रेक लगने के बाद बस अनियंत्रित हो गई और कार के पिछले हिस्से में टकराते हुए हाईवे किनारे खड़े डीसीएम में जा टकराई, जिससे कार का पिछला हिस्सा और बस का अगला हिस्सा पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गयाद्य घटना के बाद मौके पर बस चालक मनोज कुमार शुक्ला निवासी लखीमपुर खीरी व बस परिचारक नंदकिशोर पुत्र मुन्नालाल निवासी मैनपुरी और कार चालक के बीच गहमा गहमी का माहौल बन गयाद्य सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को वाहन चालक सहित थाने ले आईद्य बस में लगभग 40 सावरिया मौजूद थीद्य इस बाबत थाना प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## लोगों ने की एंबुलेंस चालक की पिटाई विडियो वायरल, तीन पर केस दर्ज

- बिना कॉल के मरीज ले जाने का दबाव बनाने और चालक के विरोध करने पर कर दी पिटाई

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



विकासखंड रिसिया क्षेत्र से बिना कॉल के मरीज ले जाने का दबाव बनाने और चालक के विरोध करने पर कुछ लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने एंबुलेंस चालक की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विकासखंड रिसिया क्षेत्र से बिना कॉल के मरीज ले जाने का दबाव बनाने और चालक के विरोध करने पर कुछ लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। जिले के 102 एंबुलेंस पर ईएमटी राजेश कुमार वर्मा और चालक अमित कुमार सिंह की तैनाती है। दोनो नियमित अपना काम कर रहे थे, लेकिन गली में गाड़ी न ले जाना इन पर भारी पड़ गया।जिला अस्पताल में भर्ती एक मरीज को शनिवार को एंबुलेंस से छोड़ने के लिए सभी गए। उसके बाद ग्राम पंचायत शाहनवाजपुर निवासी एक ग्रामीण ने घर से मरीज ले जाने की बात कही, लेकिन रास्ता सही नहीं था। जिस पर चालक और ईएमटी ने मरीज को गली का हवाला देकर सड़क मार्ग तक मरीज को लाने की बात कही। इससे मरीज के परिवार के लोग नाराज हो गए। सभी ने चालक अमित कुमार सिंह से मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद अन्य ग्रामीणों ने किसी तरह बचाया। इसके बाद चालक ने थाने पहुंच कर तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि एंबुलेंस चालक की तहरीर पर प्यारेलाल, मुन्ना और एक अज्ञात समेत तीन के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं एंबुलेंस चालक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## तेंदुए के हमले में ग्रामीण घायल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज में रविवार को एक ग्रामीण पर तेंदुआ ने हमला कर उसे घायल कर दिया। ग्रामीण को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज के ग्राम पंचायत कारीकोट के मजरा आजमगढ़पुरवा निवासी बेचू पुत्र गिरधारी आयु 54 वर्ष रविवार की सुबह नित्यक्रिया के लिए अपने घर के निकट खेत में जा रहे थे। तभी वहां पहले से घात लगाए तेंदुआ ने उन पर हमला कर दिया। व्यक्ति के शोर मचाने पर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच व्यक्ति की जान बचाई, लेकिन तब तक तेंदुआ व्यक्ति को बुरी तरह घायल कर चुका था।ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे निशान गड़ा रेंज के वन कर्मियों ने व्यक्ति को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर रेफर कर दिया। मालूम हो कि इन दिनों वन्यजीव प्रभाग में हिंसक जीवो के हमले की घटना बढ़ गई है। जिससे ग्रामीण काफी परेशान नजर आ रहे हैं। वही जानकारों का कहना है कि भीषण गर्मी के चलते पानी की तलाश में वन्य जीव जंगल से बाहर निकल रहे हैं, जिससे इस तरह की घटनाओं में इजाफा हुआ है। यदि बरसात हो जाए और भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिले तो संभवत हिंसक जीवो के हमले भी कम हो जाए।

### बकरीद को लेकर एसपी ने किया शहर में पैदल गश्त दिलाया सुरक्षा का अहसास


बहराइच, समृद्धि न्यूज। जनपद में सोमवार को बकरीद त्योहार के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा त्यौहारों को सकुशल शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने नगर क्षेत्र में मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए प्रमुख मस्जिदों, ईदगाहों, चौराहों, बाजारों एवं संवेदनशील मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। तथा पैदल गश्त के दौरान आमजन मानस व दुकानदारो से वार्ता कर सुरक्षा की स्थिति का जायजा लिया एवं पुलिस के आचरण के सम्बन्ध में फीड लिया तथा जनमानस को आश्वस्त किया कि जनपद पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव कटिबद्ध है।

भ्रमण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक हर्षिता तिवारी व अन्य अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे।

## गर्मी में व्याकुल दिखे लोग, तापमान 44 डिग्री पहुंचा

- छांव देख अपने को गर्मी से बचाते रहे लोग
- गर्मी से बचाव के लिए मंदबुद्धि महिला बैंक के एटीएम में सो गई, बंदर को वकीलों ने दिया जीवन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



गर्मी से जिलों के लोग परेशान हैं। अभी गर्मी से निजात मिलने की कोई संभावना नहीं दिख रही है। भीषण गर्मी से आम लोगों के साथ साथ वन्यजीव भी परेशान दिख रहे हैं। रविवार को कोर्ट में एक लंगूर जमीन पर गिर गया। उसे वकीलों ने पानी डाल कर जीवन दिया। कुछ यही हाल आम लोगों में दिख रहा है। तराई के बहराइच जिले में अधिकतम तापमान बढ़ता जा रहा है।

बढ़ रहे तापमान के चलते गर्मी अपने शबाब पर पहुंच रही है। रविवार दोपहर में पारा 44.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। गर्मी के चलते झुलसन का अहसास लोगों को हो रहा है। इतना ही नहीं लोगों को सड़कों पर चलने में भी दिक्कत हो रही है। आम आदमी के अलावा वन्यजीव भी गर्मी में तड़प रहे हैं। गर्मी के चलते दिनचर्या करने वाले लोग शरीर को ढक कर बाहर निकलने को मजबूर हैं। कोई गमछा तो कोई दुपट्टा पानी से भिगोकर सर पर बांध रहा है। लेकिन चिलचिलाती धूप से लोग काफी बेहाल है। जिस तरह से गर्मी पड़ रही है। उससे लोगों को निजात मिलने की संभावना अभी नहीं दिख रही है।

लोग कम ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। धूप में चल रहे वन्यजीव भी नीचे गिर रहे हैं। रविवार को कलेक्ट्रेट में स्थित कचहरी में एक लंगूर बंदर जमीन पर गिर कर बेहोश हो गया। जिसे वकीलों ने पानी डाल कर जीवन दिया। हालांकि काफी देर तक बंदर गुमशुम बैठा रहा। लगभग दो घंटे बाद वह चलने के लिए लायक हुआ। लेकिन वह गश खाकर बार बार गिर रहा था।

### मंदबुद्धि महिला एटीएम परिसर में सोई

सड़क पर खुले में चल रहे मंदबुद्धि ग्रामीण भी परेशान है। इसकी बानगी अस्पताल चौराहा स्थित एटीएम में देखने को मिली। एटीएम में ऐसी चल रही है। गर्मी से परेशान एक मंदबुद्धि महिला जाकर उसी में सो गई। काफी प्रयास के बाद भी उसे बाहर नहीं निकाला जा सका। पूरी नींद सोने के बाद महिला स्वयं बाहर चली गई।

## एसएसबी व नेपाल की एपीएफ टीम ने संयुक्त गस्त कर लिया सुरक्षा का जायजा



- सीमा व जंगल की सुरक्षा का संकल्प लेकर स्पेशल ऑपरेशन की जताई सहमति

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और नेपाल की एपीएफ टीम ने संयुक्त गस्त कर सुरक्षा का जायजा लिया। दोनों देशों के सुरक्षा बलों ने सीमा व जंगल की सुरक्षा का संकल्प लेकर स्पेशल ऑपरेशन की भी सहमति जताई।

जनपद के थाना सुजौली क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमा पर भारतीय सीमा में तैनात एसएसबी 70वीं बटालियन ने नेपाल की एपीएफ (आर्मड पुलिस फोर्स) की टीम के साथ नेपाल के सीमा क्षेत्र और जंगल की संयुक्त सुरक्षा करने का संकल्प लिया है। एसएसबी 70वीं बटालियन लखीमपुर खीरी की ए समवाय रमपुरवा आरएच 79 की बीओपी 82 के जवानों ने एसआई उत्पाल बरीक के नेतृत्व में शनिवार को नेपाल के सुरक्षा दस्ते एपीएफ की टीम के साथ सीमा पर संयुक्त गश्त कर सीमा पर रहने वाले लोगों को सुरक्षा के साथ आपसी भाईचारे का अहसास दिलाया।नेपाल एपीएफ टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर नबराज देवकोटा ने किया। इंस्पेक्टर रविन्द्र सिंह ने बताया कि गश्त का मुख्य उद्देश्य सीमा पर होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ वन संपदा और वन्यजीवों की सुरक्षा है। दोनों देशों के सुरक्षा बल के कमांडरों ने सीमा पर होने वाले अपराधों को रोकने के साथ अपराधियों को पकड़ने ले लिए इसी प्रकार की गश्त और स्पेशल ऑपरेशन करने पर सहमति जताई। संयुक्त गश्त के साथ ही सीमा से सटे गांव के लोगों को सीमा तथा वन और वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया सभी सीमावर्ती गतिविधियों के प्रति सजग रहने के निर्देश दिए गए।

## जनपद स्तरीय सिल्ट सफाई की बैठक डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न

- ड्रेनो कि सिल्ट सफाई से दूर होगी जलभराव की समस्या
- किसानों को भी मिलेगा लाभ

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जल भराव की समस्या के निजात के लिए ड्रेनो के सिल्ट सफाई के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय सिल्ट सफाई की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान नोडल सरयू नहर परियोजना दिनेश कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरयू ड्रेनेज खण्ड प्रथम बहराइच अन्तर्गत सरायकाजी, मेथौरा, कुण्डासर, नकाही, चन्देला, चौकीहा, बरदहा, राजापुर, वंशपुरवा, सचौली ताल, ढेड़ीकट-3, अदौरा ताल, हसवापारा ताल, कोढ़री ताल, चाकूजोत ताल, बेलगांव ताल, मुन्ना सिंह ताल, चित्तौरा ताल, बेलभरिया, हटवा गोपाल, सेवड़ा लिंक ताल, निजामपुर ताल, बंराव भदौली ताल, सिंगाही ताल, कोटवा राजापुर, जलालपुर, बहोरिकापुर बभनौटी, जमवार नाला, टेढ़ी कट-2, जसौरा ताल व गण्डौरा ताल के ड्रेनों की सिल्ट सफाई का कार्य कराया जायेगा।इसी प्रकार सरयू ड्रेनेज खण्ड-2 अन्तर्गत बेलभरिया, बसनेरा, सहदेई, नरकुटवा व टेनस ड्रेनों तथा सरयू नहर खण्ड-प्रथम नानपारा अन्तर्गत चफरिया नाला, हसुलिया नाला, विजय नगर, ओरई नाला, धर्मापुर, चूका नाला, बजबजहा ड्रेनों की सिल्ट सफाई का कार्य भी कराया जायेगा। सिल्ट सफाई के कार्य से जहां जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी वहीं क्षेत्र के कृषकों को भी लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा अश्वनी पाण्डेय, पयागपुर दिनेश कुमार, महसी अखिलेश कुमार सिंह, कैसरगंज पंकज दीक्षित,नानपारा अश्वनी पाण्डेय,पुलिस क्षेत्राधिकारी सिटी राजीव कुमार सिसौदिया, महसी अनिल कुमार सिंह, कैसरगंज रूपेन्द्र कुमार गोड़, जिला अग्निशमन अधिकारी गौड़ विशाल रामानुज, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, अधिशाषी अभियन्ता सरयू ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा, अधिशाषी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड प्रथम हर्ष कुमार तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों का अनुपालन कराएं अधिकारी : डीएम



राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से राजस्व, पुलिस, वन, वाणिज्यकर, खनन, जिला पंचायत, उद्योग, अग्निशमन आदि विभागों के अधिकारियों के साथ शनिवार को देर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिये गये कि साप्ताहिक भ्रमण कर हरित अधिकरण के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज पंकज दीक्षित, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसौदिया, महसी अनिल कुमार सिंह, कैसरगंज रूपेन्द्र कुमार गोड़, जिला अग्निशमन अधिकारी गौड़ विशाल रामानुज, उपायुक्त उद्योग केशवराम वर्मा सहित जिला पंचायत, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अयोध्या से वैज्ञानिक सहायक अफजल अबरार, प्रयोगशाला सहायक विनोद वर्मा तथा अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# दो बच्चों की हत्या कर मां ने की आत्महत्या

- डबल मर्डर और सुसाइड से सनसनी
- एसपी ने घटना की जांच के दिए आदेश





**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई जिसमें एक घर में दो मासूम बच्चों की सन्दिग्ध मौत के बाद मां का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला।

एक घर में तीन लोगों के शव मिलने से आसपास जहां हड़कंप मच गया वही पुलिस के भी हाथ पांव फूल गए। आनन फानन में एसपी, एएसपी व क्षेत्राधिकारी सहित फॉरेंसिक टीम गांव पहुंच गई है और पूरी घटना की बारीकी से पड़ताल कर रही है।

पूरे विजयी सिंह मजरे लोदीपुर उतरांवा गांव में दोपहर में रतिभान यादव की पत्नी सोनी अपने बेटे रौनक (4 वर्ष) और बेटी रिमझिम (2वर्ष) के साथ घर पर थी पति अपनी बहन के घर गया था। जब वह वापस आया तो मंजर देख बदहवाश हो गया। घर के अंदर तीन शव मिलने की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। रतिभान ने जो तहरीर दी है उसमे उसने बताया कि उसकी पत्नी सोनी ने पहले अपने मासूम बच्चों की गला दबाकर हत्या की और बाद में उसने भी फंदे से लटक जान दे दी। घटना के बाद से तमाम तरीके के कयास लगाए जा रहे है। आम लोग जहां घटना के बारे में कुछ नही बोल पा रहे है वही पुलिस के आलाधिकारी भी कुछ समझ नही पा रहे है। यह हत्या है य आत्महत्या इसको लेकर पुलिस भी उलझी हुई है। एसपी अभिषेक अग्रवाल ने पूरे मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर मामले के राजफाश के लिए निर्देश दिए है।

## एसपी की कार्यशैली से प्रभावित हुआ भारत निर्वाचन आयोग

- पत्र भेज कर आईपीएस अभिषेक अग्रवाल की करी सराहना

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



भारत निर्वाचन आयोग ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली अभिषेक अग्रवाल को देश की सर्वाधिक चर्चित व महत्वपूर्ण सीट रायबरेली में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए भारत के निर्वाचन आयुक्त ने पत्र भेज कर उनके योगदान की सराहना की आपको बता दें कि रायबरेली, देश के सर्वाधिक चर्चित और ध्यानाकर्षित करने वाले निर्वाचन क्षेत्रों में से एक रहा है।

इस महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र में, शांतिपूर्ण,स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुसम्पन्न कराने में अभिषेक अग्रवाल के योगदान की सराहना, भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने, उन्हें पत्र भेज कर की है। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश की पुलिस सेवा में कार्यरत होने के बाद से ही, अपने उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए अभिषेक अग्रवाल निरंतर पुरस्कृत एवं प्रशंसित होते रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### जान से मारने की धमकी देने पर मुकदमा दर्ज

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लाव लस्कर के साथ जोत लिया खेत दी जान से मारने की धमकी दर्ज हुआ मुकदमा। वादी रमेश बहादुर पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम नेवाजगंज मजरे बावन बुजुर्गु बल्ला थाना महराजगंज जनपद रायबरेली ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि विचित्र कुमार चौधरी पुत्र संत कुमार चौधरी सौरभ कुमार पुत्र विचित्र कुमार निवासीगढ़ वार्ड नंबर 4 आर्य नगर कस्बा व थाना महराजगंज जनपद रायबरेली 20 व्यक्ति नाम व पता अज्ञात द्वारा एक राय होकर वादी का खेत जोत लिया तथा जान से मारने की धमकी दी ।वहीं कोतवाली पुलिस में वादी रमेश बहादुर पुत्र जगदीश सिंह की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

### बिजली विभाग की लापरवाही से लोग अंधेरे में रहने को मजबूर

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से दो दिनों से हजारों की आबादी अंधेरे में रह रही है। विभाग की लापरवाही के चलते खंभे की जगह सफेदा के पेड़ से 11 हज़ार लाइन के तार को लटका कर गांव में सप्लाई दी जा रही है। डलमऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरसना के जलालाबाद गांव में 2 दिन से हजारों लोग भीषण गर्मी में अंधेरे में रह रहे हैं। गांव में पिछले डेढ़ साल से ट्रांसफार्मर से तीन सौ मीटर एबीसी केबल जर्जर हालत में पड़ी हुई है। केबल में एक दर्जन से अधिक जोड़ है। इसी जर्जर केबल से 150 घरों से अधिक लोगों को विद्युत आपूर्ति की जा रही है। ऐसा भी नहीं है कि गदागंज पावर हाउस में तैनात जेई एवं एसडीओ को इसकी जानकारी नहीं है लेकिन अधिकारी जानकर भी अंजान बने हुए हैं। हद तो तब हो गई जब खंबे की जगह चलती हुई लाइन की केवल को सफेदा के पेड़ से 11हज़ार लाइन को लटका कर गांव में तार को ले जाकर सप्लाई दी जा रही है। बारिश के दौरान करंट जमीन पर उतरता है। दो बार आग भी लग चुकी है जानवर भी झुलस चुके हैं लेकिन संबंधित विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। इस संबंध में गदागंज पावर हाउस में तैनात जेई से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री चंपतराय पहुंचे रायबरेली

### राम मंदिर का निर्माण अभी शेष : चंपत राय



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राम मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने बताया की अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण अभी शेष है अभी 16 मंदिर परिसर के अंदर और बनने बाकी हैं। हर वर्ष विश्व हिंदू परिषद का अभ्यास वर्ग आयोजित किया जाता है रायबरेली के गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित इस 10 दिवसीय अभ्यास वर्ग के समापन समारोह पर पहुंचे राम मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने मंदिर निर्माण में किस प्रकार से पर्यावरण का ध्यान रखा गया है इसकी जानकारी दी चंपतरायण ने बताया कि अयोध्या वासियों को बिजली की दिक्कत ना हो इसके लिए सीधे पावर हाउस से बिजली दी गई है साथ ही मंदिर परिषद का 70प्रतिशत क्षेत्रफल पर्यावरण के लिए इस्तेमाल किया गया है जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाएंगे साथ ही भगवान राम के समय के पौधों की प्रजाति भी वैज्ञानिकों के द्वारा विकसित की जा रही है। मंदिर परिषद के अंदर के पानी अयोध्या नगर निगम के सीवर में नहीं उतर जाएगा परिषद के अंदर ही सीवर ट्रीटमेंट प्लांट लगाए गए हैं जिससे पानी साफ होकर बाहर निकल जाएगा लव जिहाद के मुद्दे पर पूछे गए सवाल में चंपत राय ने कहा कि एक तरफ से टंकी में पानी निकाला जाता है तो दूसरी सबसे भारत भी जाता है उनका कहने का मतलब साफ था कि अब समाज जागरूक हो गया है और जैसा समाज के साथ लोग करेंगे वैसा ही हिंदू समाज उनके साथ करेगा।

## मजाक बना हत्या का कारण, मजदूर ने अपने ही मजदूर साथी को उतारा मौत के घाट


**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक मजदूर द्वारा बुड्ढा कहने से नाराज दूसरे मजदूर ने फावड़े से काटकर की अपने ही साथी मजदूर की हत्या, हत्या से मचा हड़कंपद्य मामला बछरावां थाना क्षेत्र के सेहंगो गांव के पास का है, जहां नाइपर के भवन का निर्माण कार्य चल रहा था, जिसमें बिहार और छत्तीसगढ़ के मजदूर काम कर रहे थेद्य इसी बीच काम कर रहे एक मजदूर मंगल राम कहार पुत्र भरत राम निवासी सुर्ख? जनपद गढ़ा बिहार ने अपने साथी मजदूर दुर्गा केवट पुत्र कुंभज निवासी तिलेंडा लवानपुर जनपद बलौदा छत्तीसगढ़ को बुड्ढा कहकर मजाक करने लगा, बार-बार मना करने पर जब मंगल राम नहीं माना तो दुर्गा केवट ने फावड़ा उठाकर अपने साथी मजदूर मंगल राम पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया और एक के बाद एक कई वार करने से मजदूर मंगल राम की मौके पर दर्दनाक मौत हो गईद्य वहीं घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी दुर्गा केवट मौके से फरार हो गयाद्य स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार हत्यारोपी दुर्गा केवट की तलाश के लिए टीम में गठित करके छापेमारी शुरू कर दी है। इस बाबा थाना प्रभारी बृजेन्द्र शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है, टीम गठित की गई है, आरोपी की तलाश जारी है।

## निरंकुश हुई स्वास्थ्य सेवाएं, अस्पताल नहीं पहुंच रहे डॉक्टर

- मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में फोटो खिंचवाकर गायब हुई मेडिकल ऑफिसर
- मुख्य चिकित्सा अधिकारी बोले किसी से जबरन नहीं करवा सकते ड्यूटी



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य व्यवस्था बेपटरी हो चली है बेतहाशा उमस भरी गर्मी में जहां मरीज परेशान हैं वहीं पर मेडिकल ऑफिसर मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं हद तो तब हो गई जब मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में भी पहुंची मेडिकल ऑफिसर सिर्फ फोटो खिंचवाकर वापस चली गई जिले के आला अधिकारियों को इसकी खबर तक भी नहीं लगी मामला संज्ञान में आया तो उच्च अधिकारियों ने कार्रवाई किए जाने की बात कही है रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन हुआ जिसमें मेडिकल ऑफिसर की ड्यूटी लगाई गई की आए हुए रोगियों का इलाज किया जाए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर धई में चिकित्सा अधीक्षक द्वारा डॉक्टर सौम्या यादव की ड्यूटी लगाई गई मेडिकल ऑफिसर सुबह अस्पताल पहुंची और हाजिरी लगाने के बाद फोटो खिंचवाकर वापस चली गई किसी भी मरीज का उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण तक नहीं किया केवल वहां पर मौजूद फार्मासिस्ट स्वास्थ्य मेले की खाना पूर्ति करते रहे हद तो तब हो गई जब स्थलीय निरीक्षण करने पर आला अधिकारियों को मेडिकल ऑफिसर के गायब होने तक की खबर नहीं लगी डॉक्टर सौम्या यादव लापरवाह मेडिकल ऑफिसर्स में से एक है वह कभी भी अपनी रोस्टिंग के अनुसार ड्यूटी करने नहीं आती हैं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर धई में स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति हो रही है वहां पर किसी भी मेडिकल ऑफिसर की तैनाती नहीं है रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के लिए विशेष ड्यूटी लगाई जाती है लेकिन फिर भी डॉक्टर वहां नहीं पहुंचते हैं रविवार को दवा लेने आए मरीज शिव प्रकाश रामरती नित्या ने बताया कि वह दवा लेने आई थी लेकिन वहां डॉक्टर नहीं थे इस वजह से उन्हें दूर माधवपुर दवा लेने के लिए जाना पड़ा इस संबंध में जब चिकित्सा अधीक्षक ज्ञान प्रकाश सिसोदिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेले के लिए स्पेशली डॉक्टर सौम्या यादव को एक दिन पूर्व ही रोस्टिंग के हिसाब से ड्यूटी लगा दी गई है उनके ड्यूटी पर पहुंचने की फोटो भी उनके पास आई है लेकिन वह वहां से कब गायब हो गई उन्हें जानकारी नहीं है मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जब मेडिकल ऑफिसर ड्यूटी करना नहीं चाह रहे हैं तो उनसे जबरन ड्यूटी नहीं करवाई जा सकती है फिर भी यदि मेले के दिन लगाई गई ड्यूटी से डॉक्टर गायब हैं तो उनके विरुद्ध जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## गंगा दशहरा पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है। मान्यता के अनुसार गंगा दशहरा के दिन ही मां गंगा स्वर्ग लोक से पृथ्वी लोक पर अवतरित हुई थी। रविवार को गंगा दशहरा का पर्व होने को लेकर रायबरेली में गंगा स्नान के लिए ब्रह्म मुहूर्त से ही आस्थावानो का जनसैलाब उमड़ा। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने जिले के गेंगसों, रालपुर, गोकना, डलमऊ गंगा घाट पहुंच आस्थावान मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार गंगा दशहरा पर मां गंगा में डुबकी लगाने से आरोग्य व अमृत योग की प्राप्ति के साथ पाप कट जाते है। मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### गंगा दशहरा की पौराणिक मान्यतो

पौराणिक कथाओं के अनुसार आज के दिन ही रहा भागीरथी ने अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए तपस्या कर मां गंगा को स्वर्गलोक से लेकर आया था। स्वर्गलोक से पृथ्वी लोक पर मां गंगा भगवान शिव की जटाओं से होकर निकली। कहा जाता है, कि तभी से जेष्ठ मास के शुक्ल पक्ष के दशमी तिथि को मां गंगा के पूजा और विशेष स्नान की परंपरा शुरू हुई। कहा जाता है, कि आज के दिन मां गंगा में आस्था की डुबकी लगा ध्यान और दान करने से लोगो का उद्धार होता है। काशी के पुजारियों के अनुसार जो लोग आज के दिन मां गंगा में स्नान करना जिनके लिए संभव नहीं हो वह श्रद्धालु शीतल जल में गंगा जल और तुलसी का पत्ता मिलाकर स्नान कर सकते है। वही स्नान के पश्चात वह भगवान भास्कर को जल अर्पित कर मां गंगा की आराधना करे और तत्पश्चात निर्धन व्यक्तियों और ब्राह्मणों को दान पुण्य करें।

## दो पक्षों में चले लाठी डंडे, चार घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के तिलेंडा गांव में खेत में पानी लगाने को लेकर दो पक्षों में जमकर खूनी संघर्ष हो गया। मारपीट की इस घटना में चार लोगों को गंभीर चोटे आ गई। क्षेत्र के तिलेडा गांव के रहने वाले रिंकू सिंह ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके खेत पर गांव के ही रहने वाले रामफेर पुत्र सुखदेव, बबलू पुत्र राम फेर ,राम सोहन पुत्र रामफेर, राममोहन पुत्र रामफेर सहित छह लोग आए और खेत में जबरन पानी लगाने की बात कहने लगे। जब उन्होंने कहा कि हम पानी नहीं लगाने देंगे, इसी बात को लेकर सभी लोगों ने लाठी डंडे से जमकर उन्हें मारना पीटना शुरू कर दिया, उनके शोर मचाने पर गांव के रहने वाले राजेंद्र ,कधंई तथा मालती उन्हें बचाने आए और उपरोक्त लोगों ने उन सभी लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट की इस घटना में चार लोगों को गंभीर चोटे आ गई।सभी घायलों को इलाज के लिए बछरावां सीएचसी लाया गया है।इस बारे मे थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## योग दिवस को लेकर पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित

- एएसपी-सीओ की अध्यक्षता में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नसीराबाद रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




पत्रकार व पुलिस की गैपिंग मिटाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह का किया गया आयोजन।

छतोह इकाई के स्वयं सेवक संघ द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समस्याओं के निराकरण में जितनी जिम्मेदारी पुलिस अफसरों की है, उतनी ही समस्या को उजागर करने की जिम्मेदारी पत्रकारों की है। संबंधित अधिकारी को सही जानकारी देना पत्रकार की जिम्मेदारी होती है। लोकतन्त्र के चौथे स्तम्भ के रूप में उसका योगदान अतुलनीय होता है। पुलिस विभाग के पास संसाधनों की व्यवस्था होती है। जबकि पत्रकार निजी संसाधनों के बल पर अपना दायित्व निभाता है।

उपर्युक्त उद्गार एडिशनल एसपी नवीन कुमार सिंह ने विश्व योग दिवस के तत्वावधान में छतोह ब्लॉक के मातृ भूमि पब्लिक स्कूल टिकरिया में आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह में कही।

मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह,विशिष्ट अतिथि सीओ वन्दना सिंह और प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मौर्य पत्रकार संजीव सिंह उर्फ दीपू, मुस्तकीम अहमद ,पवन कुमार श्रीवास्तव,धमेन्द्र तिवारी,प्रशान्त अवस्थी,दुर्गा सिंह,निशान्त सिंह सहित सभी क्षेत्रीय पत्रकारों को पुष्पहार, अंगवस्त्र और उपहार से सम्मानित किया। इस अवसर पर विश्व योग समिति खण्ड छतोह द्वारा 21 जून को नगर पंचायत नसीराबाद में प्रातः 05.30 बजे से योग और दौड़ प्रतियोगिता आयोजित किए जाने और उसके व्यापक प्रचार -प्रसार पर धर्मजागरण प्रमुख अक्षय शास्त्री ने प्रेस वार्ता की। विशिष्ट अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी वन्दना सिंह, आरएसएस के खण्ड संघचालक विनोद जी, खण्ड कार्यवाह संतोष जी, सह खण्ड कार्यवाह विवेक जी और विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश द्विवेदी ने भी अपने विचार रखे और कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी उपस्थित पत्रकार बन्धुओं व आरएसएस के कार्य कर्ताओं से सहयोग मांगा।

## दबंगई पड़ी भारी, सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

- मजदूरों को धमकाकर निर्माण सामग्री तितर बितर कर सरकारी दुकानों के निर्माण में लगाई थी रोक

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




निर्माणाधीन दुकानों मे दबंगई पूर्वक रोक लगाना मजदूरों को धमकाना सामान को फेंक देना सात लोगों को पड़ गया महंगा ठेकेदार की तहरीर पर दर्ज हुआ सुसंगत धाराओं में मुकदमा कार्यदायी संस्था की ठेकेदार फरीद खान पत्नी इसरार अहमद निवासी खिन्नी तल्ला कोतवाली नगर जनपद रायबरेली ने बताया कि 15 तारीख को मेरे द्वारा हैदरगढ़ इन्हौना मार्ग पर स्थित मेला मैदान पूरे सुखई रोड के साइड पांच दुकानों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जहां पर कुछ लोगों द्वारा आज दिनांक 15. 6 .24 को समय लगभग 3:00 बजे निर्माण स्थल की सामग्री चितर बितर कर दी गई तथा कार्य करने वाले राजगीर एवं मजदूरों को धमकाकर भगा दिया गया और कार्य करने नहीं दिया जा रहा है जिससे मेरा काफी नुकसान हो रहा है अवरोध उत्पन्न करने वाले रविकांत पुत्र आनन्त निवासी पुरे सुखई आजाद नगर कस्बा महराजगंज अवधेश कुमार पुत्र हीरालाल पूरे सुखई आजाद नगर कस्बा महराजगंज राम प्रसाद पुत्र हीरालाल पूरे सुखई आजाद नगर कस्बा महराजगंज सुजीत पुत्र हीरालाल पूरे सुखई आजाद नगर कस्बा महराजगंज अमित कुमार उर्फ रिंकू पुत्र छोटेलाल कस्बा महराजगंज फिरोज अहमद पुत्र फरीदी कस्बा महराजगंज संदीप कुमार पुत्र सोभनाथ वैश्य कस्बा महराजगंज के द्वारा मजदूरों को धमकाया गया सामान को चितर बितर कर दिया गया और कार्य करने पर अड़ंगा लगाया गया कि हम आपको कार्य नहीं करने देंगे वहीं कोतवाली पुलिस ने ठेकेदार की तहरीर पर सात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्या है पूरा मामला नगर पंचायत द्वारा सुखी का पूर्व मेला ग्राउंड पर पांच दुकानों का निर्माण कार्य करवाया जा रहा था जिस पर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष रिंकू जायसवाल संदीप वैश्य एवं अन्य लोगों को ऐतराज था इसी को लेकर निर्माण स्थल पर दबंगई की गई और ठेकेदार का कार्य रोक दिया गया जिस पर ठेकेदार ने कोतवाली में तहरीर दे दी और कोतवाली पुलिस ने ठेकेदार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दिया।

अखिल भारतीय व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष अमित कुमार उर्फ रिंकू जायसवाल नगर निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे सोभनाथ वैश्य के पुत्र संदीप को एवं समाजवादी पार्टी के नेता और प्रत्याशी बनने के बाद अपना टिकट सोभनाथ वैश्य को देने वाले फिरोज अहमद एवं चार अन्य पर दुकानों के हो रहे निर्माण में बाधा पहुंचाने एवं मजदूरों को धमकाने का मुकदमा दर्ज हुआ है।

## गंगा दशहरा पर पूजा आरती के साथ किया गया प्रसाद वितरण

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



मृत्यु लोक को समस्त पापों से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान श्री राम के वंशज राजा भागीरथ द्वारा कठिन तपस्या करके आज ही के दिन स्वर्ग लोक से मां गंगा को पृथ्वी लोक पर लाया गया था तब से आज के दिन गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है और इस अवसर पर लोग पाप नाशनी मां गंगा के दर्शन और उनके पवित्र जल में स्नान कर सभी पापों से मुक्त हो जाते हैं रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर क्षेत्र और जनपद के साथ गैर जनपद से हजारों की संख्या में गंगा भक्त गंगा तट डलमऊ पहुंचकर गंगा मैया के जयकारों के साथ आस्था की डुबकी लगाते हुए गंगा तट के किनारे स्थित मंदिरों और शिवालियों में जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना की और तीर्थ पुरोहितों को यथाशक्ति दान दक्षिणा अर्पित की गई गंगा तट डलमऊ के किला घाट सड़क घाट वीआईपी घाट संकट मोचन घाट पक्का घाट पथवारी घाट शुकुल घाट महावीरन घाट आदि के साथ लगभग एक दर्जन से अधिक स्नान घाटों पर हजारों की संख्या में गंगा भक्तों द्वारा गंगा मैया के जयकारों के साथ आस्था की डुबकी लगाई गई गंगा दशहरा के अवसर पर तीर्थ पुरोहित गंगा सभा पंचामृत गंगा सेवा समूह डलमऊ और राष्ट्रीय मानवाधिकार के पदाधिकारी के संयुक्त आयोजन में विशाल गंगा दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गंगा तट डलमऊ के पथवारी घाट स्थित पथवारी देवी मंदिर पर 21 आरती के साथ विधि विधान और मंत्र उच्चारण के साथ गंगा आरती और गंगा पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा मां गंगा को 56 भोग लगाया गया तथा विशाल प्रसाद वितरण का कार्यक्रम के साथ विभिन्न प्रकार के धार्मिक गीतों के माध्यम से रात्रि जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस मौके पर संदीप मिश्रा दिलीप मिश्रा भंवर तिवारी हरिश्चंद्र त्रिपाठी पुनीत द्विवेदी जतन पाठक राष्ट्रीय मानवाधिकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव और सुशील श्रीवास्तव के साथ सैकड़ो गंगा भक्त मौजूद रहे।

## हाइवे किनारे निर्माणाधीन नाला धराशाई

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



कस्बा कुरारा के बेरी तिराहा के पास हाइवे किनारे निर्माणाधीन नाला घटिया निर्माण के चलते धराशाई हो गया। जीना से नीचे उतर रहे दो लोग बाल बाल बचे। एक सप्ताह पहले घटिया निर्माण की शिकायत जिलाधिकारी से की थी। लेकिन अभी तक इसकी जांच नहीं हो पा रही है।

नगर पंचायत द्वारा कस्बा के लालमन पुलिया से लेकर बस स्टैंड तक नाला निर्माण कार्य चल रहा है। आज शाम को निर्माणाधीन नाला की दीवार ढह जाने से नाले के ऊपर डाली गई तीन दिन पूर्व छत धराशाई हो गई। इस नाले के घटिया निर्माण की जांच कराए जाने के लिए नगर पंचायत सभासदों द्वारा जिला अधिकारी को शिकायती पत्र दिया गया था। लेकिन अभी तक कोई जांच नहीं हुई है। दुकानदार रामविजय ने बताया कि मानक अनुरूप सरिया नही डाली गई इस लिए ये नुकसान हुआ है। दीवारे कमजोर निर्माण की गई है। सरिया भी मानक के मुताबिक नही डाली जा रही है। पाइप लाइन का पाइप टूट गया है। जिससे नुकसान हुआ है। वही इस नाले की दीवार के समीप से ऊपर की दुकान के लिए लोहे का जीना लगा हुआ है। जिससे उतर रहे दो लोग बाल बाल बचे। तीन दिन पूर्व डाली गई छत ढह जाने से निर्माण में लोग प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं। नाला निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार रामलखन दिवेदी ने बताया कि नाले के अंदर से पाइप लाइन लीकेज होने के कारण मिट्टी खिसक गई है। जिससे छत गिर गई है। वही कस्बा के लोगो ने इस निर्माण कार्य की जांच कराए जाने की मांग की है।

## अरुंधति रॉय मोदी सरकार के दमन का शिकार

हाल में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार ने प्रसिद्ध लेखिका एवं सामाजिक कार्यकर्ता अरुंधति रॉय और शेख शौकत हुसैन, (कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कानून के पूर्व प्रोफेसर) पर गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धारा 13 के तहत अपराधों के लिए 2010 के एक मामले में मुकदमा चलाने के लिए दिल्ली पुलिस को मंजूरी दी है। एलजी का यह फैसला रॉय और हुसैन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए, 153बी और 505 के तहत अपराध के लिए मुकदमा चलाने के लिए अक्टूबर 2023 में मंजूरी देने के पहले के फैसले के बाद आया है, जिनमें से सभी में अधिकतम 3 साल के कारावास की सजा है। यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त मुकदमा पुलिस द्वारा नहीं बल्कि एक प्राइवेट व्यक्ति सुशील पंडित द्वारा धारा 156(3) के तहत अदालत के आदेश से कायम किया गया था। यह ध्यान देने योग्य है कि रॉय और हुसैन पर आईपीसी की धारा 153ए, 153बी और 505 के तहत अपराधों के लिए मुकदमा चलाने के लिए एलजी द्वारा दी गई स्वीकृति को धारा 468 सीआरपीसी न्यायालयों को 3 वर्ष की देरी के बाद मामलों का संज्ञान लेने से रोकता है, जब अपराध के लिए अधिकतम 3 वर्ष की सजा का प्रावधान है। इसलिए, यह संभव प्रतीत होता है कि चौदह वर्ष के अंतराल के बाद धारा 13 न्च। (जिसमें 7 वर्ष की सजा का प्रावधान है) के तहत अपराधों के लिए मुकदमा चलाने की एलजी की मंजूरी इस कानूनी बाधा को दूर करने के लिए है। एलजी द्वारा यूएपीए का आह्वान राजनीति से प्रेरित, स्पष्ट रूप से अविवेकपूर्ण और प्रतिशोधी है। प्रथम दृष्ट्या, यह राष्ट्रीय सुरक्षा या राष्ट्रीय हित के लिए किसी चिंता से नहीं निकला है, बल्कि यूएपीए को अपने राजनीतिक आकाओं की सेवा के लिए एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करना चाहता है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि यह एलजी के समय का मामला भी नहीं है कि अक्टूबर 2010 में नई दिल्ली में आयोजित कश्मीर पर एक सम्मेलन, श्आजादीरू एकमात्र रास्ताश् में अरुंधति रॉय और अन्य द्वारा दिए गए भाषणों ने 2024 में हिंसक अशांति को भड़काया है, जिससे यूएपीए के तहत तत्काल कानूनी कार्रवाई की आवश्यकता है! एक परिपक्व संवैधानिक लोकतंत्र को ऐसे भाषण पर मुकदमा नहीं चलाना चाहिए, जिसका हिंसा या अव्यवस्था से कोई सीधा संबंध न हो। यह शर्मनाक है कि एक भाषण के लिए भी एफआईआर दर्ज की गई, जो सभी खातों के अनुसार किसी भी तरह की हिंसा को भड़काने वाला नहीं था और इससे भी अधिक निंदनीय यह है कि एलजी ने मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है, वह भी 2024 में! लगभग चौदह साल पहले किए गए एक कथित अपराध पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने की यह घुटने टेकने वाली प्रतिक्रिया निंदनीय है, क्योंकि यह प्रशासन द्वारा सत्ता के सामने सच बोलने की हिम्मत रखने वाले साहसी लेखकों और विचारकों को डराने और धमकाने का प्रयास है।

# महंगाई और बेरोजगारी को फोकस करे मोदी सरकार




**लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाली धांधली, पर्चा लीक होने तथा सरकारी सेवाओं में आउटसोर्सिंग के मायाजल ने युवा वर्ग को भाजपा से दूर करना शुरू कर दिया है। ठेका प्रणाली वाली नौकरियों से सरकारी संस्थानों की विश्वसनीयता कम हो रही है। भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। गैर जिम्मेदारी बढ़ रही है। सरकार अगर इससे अंजान बनी रहेगी तो इसके बहुत गम्भीर परिणाम सामने आएगें। महंगाई चरम सीमा पर है। खुदरा बाजार सरकारों के नियंत्रण से बाहर हो चुका है। ऐसे में अगर गठबंधन का नेतृत्व कर रही भाजपा ने महंगाई और बेरोजगारी को तीसरे कार्यकाल में फोकस नही किया तो अगले कुछ समय में होने वाले कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में उसे इसका खमियाजा भुगतना पड़ सकता है। मतदाताओं ने आज फिर केंद्र में गठबंधन सरकार को चुना है। ऐसा लगता है कि मतदाताओं द्वारा मनमाने ढंग से सरकार चलाने से प्रभावित नहीं हुए।**

**प्रेम शर्मा**

मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल शुरू हो चुका है। पिछले दो कार्यकालों में मोदी सरकार द्वारा सबसे ज्यादा उपेक्षा महंगाई और बेरोजगारी की गई। जिसका परिणाम यह रहा कि भाजपा को पूर्ण बहुमत नही मिला। यह अलग बात है कि भाजपा इसके लिए हिन्दु समुदाय को कोस रही हो। लेकिन इसके ठीक इतर वह इस बॉत से अनजान नही है कि देश की आधी आबादी को वह स्वंय निःशुल्क राशन उपलब्ध कराकर यह सिद्ध कर रही है कि देश की आधी आबादी दो जून की रोटी के लिए मोहताज है, ऐसा में उसका विश्व की बड़ी आर्थिक शक्ति, विकास के नए आयाम गढ़ने और तरह तरह के दावे निःशुल्क अन्न वितरण के सामने बौने लगते है।

लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाली धांधली, पर्चा लीक होने तथा सरकारी सेवाओं में आउटसोर्सिंग के मायाजल ने युवा वर्ग को भाजपा से दूर करना शुरू कर दिया है। ठेका प्रणाली वाली नौकरियों से सरकारी संस्थानों की विश्वसनीयता कम हो रही है। भ्रष्टचार बढ़ रहा है। चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। गैर जिम्मेदारी बढ़ रही है। सरकार अगर इससे अंजान बनी रहेगी तो इसके बहुत गम्भीर परिणाम सामने आएगें। महंगाई चरम सीमा पर है। खुदरा बाजार सरकारों के नियंत्रण से बाहर हो चुका है। ऐसे में अगर गठबंधन का नेतृत्व कर रही भाजपा ने महंगाई और बेरोजगारी को तीसरे कार्यकाल में फोकस नही किया तो अगले कुछ समय में होने वाले कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में उसे इसका खमियाजा भुगतना पड़ सकता है। मतदाताओं ने आज फिर केंद्र में गठबंधन सरकार को चुना है। ऐसा लगता है कि मतदाताओं द्वारा मनमाने ढंग से सरकार चलाने से प्रभावित नहीं हुए। पार्टी के शीर्ष नेता लोगों की समस्याओं जैसे डेढ़ साल से अधिक समय तक चले किसान आंदोलनॉ महिला पहलवानों द्वारा महीनों तक विरोध प्रदर्शनॉ बेरोजगारी और महंगाई के प्रति पूरी तरह से असंवदेनशील रहे। पार्टी नेतृत्व का अहंकार सभी को दिखाई दे रहा हैं जिसमें उनके अपने कार्यकर्ता भी शामिल हैं। मौजूदा एनड़ीए सरकार के सामने कई चुनौतियां हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व गठबंधन की प्रथाओं का आदी नहीं है। वे हमेशा एकतरफा नेतृत्व में विश्वास करते रहे हैं। जिसमें सहमति और संवेदनशील राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। इसलिए सत्तारूढ़ दल के लिए सामूहिक नेतृत्व प्रदान करना बड़ी चुनौती होगी। जो गठबंधन सरकार के लिए एक शर्त है। यद्यपि गठबंधन सरकारें लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में अधिक प्रभावी हो सकती हैं लेकिन चुनौतियों और कठिनाइयों को एक ऐसे नेता द्वारा दूर किया जा सकता है। गठबंधन का एक धर्म होता है। इस धर्म को जब तक निभाया जाता है तब तक तो गठबंधन की सरकार ठीक चलती रहती है। जैसे ही गठबंधन के दल इसका पालन करना बंद कर देते हैं समस्याएं पैदा होना शुरू हो जाती हैं। गठबंधन की सरकारों में बड़े दल को बड़े भाई जैसी भूमिका निभानी पड़घ्ती है और हर पल छोटे दलों के सम्मान का ख्याल रखना पड़घ्ता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार इसलिए जन कल्याण के बड़े फैसले ले सकी थी क्योंकि उसने हमेशा गठबंधन धर्म का पालन किया। पुराने उदाहरण हमारे सामने हैं जब-जब भी दलों ने गठबंधन सरकार को छोड़घ है या दलों ने समर्थन वापस लिया है। उन्होंने यही आरोप लगाया है या पीड़घ जाहिर की है कि गठबंधन धर्म नहीं निभाया गया। पार्टी के नेताओं और मंत्रियों की पिछले दो कार्यकालों में बेअंदाजी भी भाजपा को महंगी पड़ी है उस पर भी नेतृत्व को अंकुश लगाना होगा। इस बार गठबंधन सरकार बनने से राजनीति के जानकार यह भी कहने लगे हैं कि अब गठबंधन का दौर शुरू हो गया है और एक दल को बहुमत वाली सरकारों के दिन फिर से लद गए हैं। इस बार यह भी अच्छा रहा है कि एनडीए और इंड़िया दोनों गठबंधन के सांसदों की लोक सभा में संख्या अच्छी है। पिछली दो सरकारों का अनुभव अच्छा नहीं रहा था। विपक्ष की संख्या कम होने की वजह से सरकार ने विपक्ष को कभी विश्वास में नहीं लिया। कृषि कानून जैसे कई विधेयक बिना चर्चा के पारित कराए गए। किसानों ने इसे अस्वीकार कर दिया और लगभग एक साल तक दिल्ली के बॉर्ड़र पर कृषि कानून के खिलाफ आंदोलन किया। मजबूर होकर सरकार को इसे वापस लेना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार का गठन होने के बाद यह आवश्यक है कि जिन कारणों से भाजपा को बहुमत से कम सीटें हासिल हुई, उन पर गंभीरता से विचार किया जाए और भविष्य की नीतियां तय की जाएं। प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में तेलुगु देसम पार्टी और जनता दल-यू के सहयोग से गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। फिलहाल सरकार के स्थायित्व को लेकर कोई खतरा नहीं है और आशा है कि यह सरकार पहले की तरह मजबूती के साथ काम करती रहेगी और सहयोगी दल दलगत हितों अथवा अपने-अपने राज्य के हितों के बजाय राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देंगे।दस साल पहले के मुकाबले आज देश विकास के कहीं ज्यादा ऊंचे मुकाम पर खड़ा है। 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। डीजीपी के आकार के हिसाब से हमने पिछले साल ब्रिटेन को पीछे छोड़ा और 2026 तक जापान तो 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। इन लक्ष्यों की ओर तेजी से कदम बढ़ाना नई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां में बेरोजगारी और असमानता शामिल है। इंटरनैशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मौजूदा जनादेश की सबसे उपयुक्त व्याख्या यही हो सकती है कि कथित तौर पर बांटने वाले राजनीतिक मुद्दों से दूरी बनाए रखते हुए सरकार विकास के अजेंडे पर पूरा ध्यान केंद्रित करे।देश के प्रधानमंत्री से यह अपेक्षा रहेगी कि वे देशविरोधी विमर्श को भी नष्ट करेंगे और देश तोड़ने वाली शक्तियों को उचित दंड देंगे। दंड विधान न होने से अराजकता का विस्तार होता है, जैसा हमने शाहीन बाग और किसान आंदोलन के दौरान देखा था। देश अब उन घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं चाहेगा।

## विचार

# साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार और माफिया गैंग

**डॉ. सत्यवान सौरभ**




**कहीं ऐसा तो नहीं रेकॉमेंडेड नाम पर ही केवल विचार हुआ और जो लेखक निर्धारित समय के भीतर अपनी पुस्तक जमा किये उनकी पुस्तक पर विचार ही नहीं किया गया। लिस्ट में शामिल किस किताब को किस ज्यूरी मेंबर ने रेकॉमेंड किया क्या साहित्य अकादमी यह बतलायेगी? प्रसिद्ध आलोचक,कवि, लेखक नवनीत पांडेय के अनुसार सवाल यह है कि अगर अकादेमी अपनी विज्ञप्ति में घोषित अंतिम तिथि में परिवर्तन नहीं करती है या बिना पब्लिक सूचना तिथि केवल निर्णायक पैनल को ही व्यक्ति सूचित कर तिथि बढ़ा देती है।**

इस बार की साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार की अंतिम घोषणा पूर्णतः जाली और संशयाधीन प्रतीत हो रही है। इससे बड़ी साहित्यिक दुर्घटना और क्या हो सकती है? इन मानदंडों पर चलते हुए हम कहाँ जा रहे हैं? समाज को क्या सीख दे रहे हैं? क्या इन्हीं अनैतिक मूल्यों के साथ आज का युवा और उनका साहित्य टिका हुआ है? साहित्य को गोरखधंधा बना दिया गया है। बहुत ही शर्म और जहालत की बात है। क्या साहित्य में माफिया गैंग का प्रवेश हो चुका है?

आखिर क्या हो रहा है?) कल केंद्रीय साहित्य अकादेमी द्वारा 2024 के युवा व बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा की सोशल मीडिया पर खबर के बाद बधाईयों के साथ-साथ, जैसे अकादेमी पुरस्कारों को लेकर हर साल होता रहा है, कोई न कोई सवाल, विवाद तो उठता ही उठता है, इस बार भी कुमार सुशांत ने प्रविष्टि की अंतिम तिथि, और उसके बाद छपी पुस्तकों पर सवाल उठाते हुए पोस्ट लिखी तो जाहिर है मामला तूल पकड़ना ही था, कई प्रतिक्रियाएं, सवालों के रूप में सामने आ रही हैं। अकादमी के किसी भी नियम में अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किताबों पर विचार के लिए कहीं कोई विशेषाधिकार का जिक्र या प्रावधान नहीं है। नियम -3 के बिन्दु (6) में स्पष्ट लिखा है कि 24 भारतीय भाषाओं में प्राप्त सुयोग्य पुस्तकों की सूची संबध्द भाषा परामर्श मण्डल के (संयोजक सहित) सभी सदस्यों को इस अनुरोध के साथ भेजी जाएगी कि वे अकादेमी द्वारा निर्धारित तिथि तक दो पुस्तकों का अनुमोदित करें।

नियम 7 - विविध के पहले पैराग्राफमें यह जरूर लिखा है कि यदि भाषा परामर्श मण्डल के किसी सदस्य या निर्णायक के द्वारा संस्तुति भेजने की समय सीमा की अनदेखी की जाती है तो अकादेमी यह मानकर चलेगी कि उसकी कोई संस्तुति नहीं है और तदनुसार अपनी पुरस्कार प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी सिवाय उस विशेष परिस्थिति के जिसमें अकादेमी समय- सीमा को बढ़ा पाने की स्थिति में हो तथा वास्तव में उसे बढ़ाती हो। आश्चर्य की बात जिन तीन लोगों के बारे में सवालिया निशान हैं वे तीनों ज्यूरी के द्वारा रेकॉमेंडेड हैं यानी तीनों पुस्तकों की पैरवी की गई है। वाह रे साहित्य अकादमी। कमाल तो यह कि तीन पैरवी वाले लोगों में एक को पुरस्कार दिया गया है। अब ज्यूरी कितनी ईमानदार है यह सोचने वाली बात है। कहीं ऐसा तो नहीं कि लिस्ट में जितने नाम आये हैं वे सभी ज्यूरी द्वारा रेकॉमेंडेड ही हैं।

कहीं ऐसा तो नहीं रेकॉमेंडेड नाम पर ही केवल विचार हुआ और जो लेखक निर्धारित समय के भीतर अपनी पुस्तक जमा किये उनकी पुस्तक पर (रिकमेंड न होने के कारण) विचार ही नहीं किया गया। लिस्ट में शामिल किस किताब को किस ज्यूरी मेंबर ने रेकॉमेंड किया क्या साहित्य अकादमी यह बतलायेगी? प्रसिद्ध आलोचक,कवि, लेखक नवनीत पांडेय के अनुसार सवाल यह है कि अगर अकादेमी अपनी विज्ञप्ति में घोषित अंतिम तिथि में परिवर्तन नहीं करती है या बिना पब्लिक सूचना तिथि केवल निर्णायक पैनल को ही व्यक्ति सूचित कर तिथि बढ़ा देती है तो बात अलग है, बावजूद इसके किसी नियम में यह कहीं लिखा है कि निर्णायक मण्डल या पैनल को अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या किसी व्यक्तिगत जानकारी, सोर्स से प्रकाशित किताब को सूची में शामिल कर, करा सकता है। यदि इन नियमों में कोई संशोधन नहीं हुआ है, यही हैं तो इनके प्रावधानों की जानकारी के बावजूद भी अगर निर्णायक मण्डल, पैनल तिथि के बाद प्राप्त, प्रकाशित किताबों पर विचार कर उसे अंतिम सूची में शामिल कर उन्हें पुरस्कार योग्य पाती है, पुरस्कार घोषित करती है तो अवश्य ही ये प्रतिभाएं अप्रतिम और विलक्षण हैं, इस में संदेह नहीं होना चाहिए। याद दिला दूँ कि साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार-2024 हेतु आवेदन और प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2023 थी। साहित्य अकादमी ने पुरस्कार की घोषणा के साथ जिन 12 लेखकों का नाम प्रकाशित किया है उनमें दो लेखकों की पुस्तक आवेदन की तिथि के बाद आयी है। पहले लेखक हैं शहादत और दूसरे विहाग वैभव। शहादत की पुस्तक श्कफ्र्यू की रातश् लोकभारती प्रकाशन से 2024 में पब्लिश हुई यानी आवेदन की अंतिम तिथि के 5 महीने बाद और विहाग वैभव की पुस्तक राजकमल प्रकाशन से सितम्बर 2023 में प्रकाशित हुई यानी आवेदन की अंतिम तिथि के एक महीने बाद। पाठक दोनों पुस्तक के प्रकाशन का प्रमाण गूगल में देखें। ऐसी स्थिति में साहित्य अकादमी ने इन दोनों लेखकों की पुस्तकों पर विचार कैसे किया? इन दोनों पुस्तकों का नाम अंतिम सूची में कैसे है? नियमतः तो यह अमान्य और अनैतिक है। इस विषय पर शोध करने के दौरान पाया कि पुरस्कृत लेखक की पुस्तक 30 अगस्त 2023 को प्रकाशित हुई और 31 अगस्त 2023 आवेदन की अंतिम तिथि थी। एक दिन में स्वयं लेखक महोदय पुस्तक प्रकाशक से लेकर साहित्य अकादमी के कार्यालय कैसे पहुंचा दिए? क्योंकि साहित्य अकादमी की प्रेस विज्ञप्ति में साफ-साफ लिखा है कि आवेदक को पुस्तक की दो प्रतियाँ स्वयं प्रमाणित जन्म प्रमाण पत्र के साथ जमा करानी होगी।

## प्यासी धरती करे पुकार : आओ सहेजें वर्षा जल इस बार

**- डॉ. अजय खेमरिया**

रिकार्ड तोड़ भीषण गर्मी विदा हो रही है। इस साल तपती धरती ने हमें आने वाले कल की झलक दिखला दी है। सभी पैरामीटर्स ध्वस्त से हो गए थे। हम फिर भी नहीं चेते तो त्रासदी का अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। गर्मी के साथ तीन चौथाई हिस्से में पानी का संकट खड़ा हुआ है। जितना पानी उपयोग के लिए चाहिए उससे दस गुना हम बर्बाद कर रहे हैं। प्रकृति ने पानी की प्रचूर उपलब्धता सुनिश्चित की है, वर्षा और भूजल के माध्यम से। मानसून तटों से लेकर शहरों तक दस्तक दे चुका है। लेकिन क्या हम इस वर्षा जल को सहेजने के लिए तैयार हैं? सरकारें हर साल अभियान चलाकर जल संग्रहण के प्रयास करती हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कैच द रेन जैसे अभियान शुरू कर वर्षा जल को सहेजने का आह्वान किया। इसके बावजूद भारत में वर्षा जल संग्रहित नहीं हो रहा है। सब कुछ सरकार पर छोड़ने की दुर्भाग्यजनक मानसिकता ने भारत के परम्परागत लोकजीवन को पूरी तरह विस्थापित कर दिया है। न केवल जल संचय बल्कि इसकी बर्बादी के भी सभी रिकॉर्ड हम भारतीय तोड़ने में अग्रणी हैं। सवाल यह कि जब हम वर्षा जल संग्रहण में सदियों से पारंगत रहे हैं तब हमें सरकारी तंत्र की आवश्यकता क्यों पड़ने लगी है? असल में उपभोक्तावाद और प्रकृति के साथ अलगाव की जीवनशैली ने हमारा तानाबाना ही बिगाड़ कर रख दिया है। यही कारण है कि प्रकृति के साथ जिस समाज का रिश्ता पिता-पुत्र सा था, आज वही समाज प्रकृति के रौद्र रूप को झेल रहा है। आज आवश्यकता है जल, जमीन और जंगल के साथ हमारे सनातन प्रावधित रिश्तों को जीवित करने की। इस वर्षा ऋतु के साथ ही हम इसकी शुरुआत कर सकते हैं।

आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत के शहरी क्षेत्रों में 970 लाख लोगों को पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं है।हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेयजल की हालत अधिक अच्छी नहीं है। वहां भी लगभग 70 फीसद लोग प्रदूषित पानी पीने और 33 करोड़ लोग सूखे वाली जगहों में रहने को मजबूर हैं। भारत में कुल मिलाकर लगभग 70 फीसदी जल प्रदूषित है। देश में पहले से ही सीमित मात्रा में जल उपलब्ध है, बावजूद इसके जल की बर्बादी निरंतर जारी है। यह प्रवृत्ति खतरनाक है। जिस रफ्तार से पानी की बर्बादी हो रही है, उसके चलते हमारा आने वाला कल बेहद भयावह हो सकता है। भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। नदियां सूख रही हैं। दलदली भूमि यानी वेटलैंड भी खतरे में हैं। एक सौ पचास करोड़ की जनसंख्या वाला हमारा देश जल संरक्षण को लेकर गंभीर भी नहीं है, देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले अकेले मुंबई में ही वाहनों को धोने में हर रोज लगभग पचास लाख लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई आदि महानगरों में पाइप लाइनों में रिसाव के चलते प्रतिदिन 17 से 44 फीसद पानी बेकार बह जाता है। नीति आयोग की हालिया भूजल पर जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में इस बात की चेतावनी दी गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार 21 बड़े शहरों में भूजल खत्म होने के कगार पर है इससे करीब 15 करोड़ आबादी सीधे पानी के लिए तरसने पर विवश होगी। नीति आयोग के इस अध्ययन से पता चलता है कि भारत किस तरह जल संकट से घिरता जा रहा है। वर्षा और भूजल प्रबंधन में नाकामी ने भारत में भविष्य के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। आज धरती के 17 प्रतिशत लोग भारत में निवास करते हैं। 15 प्रतिशत जानवर हैं लेकिन मानक अनुसार साफ पानी के संसाधन केवल 04 प्रतिशत ही शेष है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल 03 मीटर तक भूजल कम हो रहा है। यानी पाताल का पानी भी हर साल घटता जा रहा है। इसका सबसे अहम कारण है खेती के पारंपरिक तरीकों को छोड़कर कथित आधुनिक खेती जो 80 फीसदी जमीन के अंदर उपलब्ध पानी पर ट्यूबवेलों पर निर्भर है। भारत में हर साल 3880 बिलियन क्यूबिक मीटर (एक बिलियन यानी एक अरब) जल वर्षा में आता है। इसमें से केवल 699 बिलियन क्यूबिक मीटर जल ही हम शुद्ध रूप में उपयोग कर पाते हैं।असल में ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि हमने विकास के नाम पर पुरानी जल संग्रहण व्यवस्था को नष्ट कर दिया है।



## राशिफल

**मेषः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**वृषभः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्क :-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**तुलाः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

**वृश्चिकः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकर :-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीन :-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

# एनडीए सरकार और मोदी-3.0 की मन की बात

**ऋतुपर्ण दवे**



**अब उन्होंने नई अपील कर विपक्ष को बहस का नया मुद्दा दे दिया। अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से मोदी का परिवार हटाने की गुहार लगा दी। भले ही डिस्प्ले नाम बदले लेकिन भारत की तरक्की की कोशिशों के खातिर प्रयास करने वाले एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट है। इशारा अबकी बार एनडीए सरकार की ओर तो था ही साथ ही गठबन्धन के सहयोगियों को भी बता दिया कि अब वो कितने अहम हैं। अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष पर है। जिस पर फिर कयासों का दौर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से विविधताओं से भरे देश और उसकी राजनीति में मतांतर नए नहीं है। आंध्र प्रदेश विधानसभा में गजब का प्रदर्शन करते हुए टीडीपी-भाजपा गठबंधन ने बड़े बहुमत वाली जीत हासिल की। दोनों का एजेण्डा सबको पता है। टीडीपी मुस्लिम आरक्षण, परिसीमन, सीएए, अमरावती के विकास और विशेष दर्जे पर तवज्जो चाहेगी तो कमोबेश जेडीयू भी बिहार में ऐसे ही एजेण्डे के साथ अगले साल विधानसभा चुनाव में जाएगी। महाराष्ट्र में तो अभी चुनाव होने हैं। इन हालातों में महत्वपूर्ण घटक कब तक भाजपा के हमराह रहेंगे?**

मोदी मंत्रिमण्डल का गठन जरूर हो गया लेकिन कयासों का दौर खत्म नहीं हुआ। एक बार में ही 72 सदस्यीय भारी-भरकम मंत्रिमण्डल की वजह लोग कुछ भी बताएं लेकिन यह नरेन्द्र मोदी की चतुराई कही जाएगी जो उन्होंने एकबारगी सारे किन्तु-परन्तु पर विराम लगा एक तीर से कई निशाने साधे। इससे न केवल सहयोगियों बल्कि भाजपा के आनुषांगिक संगठनों को भी बड़ा संदेश गया कि भले सीटें घटीं लेकिन मोदी की हैसियत वही है।

घटक दलों के सहयोगियों का मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमण्डल बंटवारे में मिले पद और कद से भी काफी भ्रम टूटा। साफ दिखा कि नरेन्द्र मोदी ने जो चाहा वो किया। जिस शांति और धैर्य से घटक दलों के साथ पहली बैठक हुई, प्रमुख दोनों सहयोगी नीतीश और चंद्रबाबू ने मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े, उससे राजनीतिक नब्ज टटोलने वालों की भी धड़कनें असहज हुईं। हमउम्र और राजनीति में मोदी से सीनियर होने के बावजूद नीतीश का उनके पैर छूने झुकना, सबको अब भी हैरान कर रहा है। यह भ्रम ही साबित हुआ कि जेडीयू को रेल तो टीडीपी को सड़क परिवहन मंत्रालय मिलना तय है। पुरानी सरकारों में रेल मंत्रालय प्रायः गठबन्धन सहयोगियों के खाते में रहा। मौजूदा मंत्रिमण्डल में 33 नए चेहरे हैं जिनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पहली बार मंत्री बनने वालों में 7 सहयोगी दलों से हैं। 7 महिलाएं भी मंत्री बनीं जिनमें 2 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री हैं। नए मंत्रिमंडल में 21 सवर्ण, 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक मंत्रियों को जगह मिली। भावुक अपीलों और जनता से कनेक्ट होने में हुनरमंद मोदी का कोई सानी नहीं।

अब उन्होंने नई अपील कर विपक्ष को बहस का नया मुद्दा दे दिया। अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से मोदी का परिवार हटाने की गुहार लगा दी। भले ही डिस्प्ले नाम बदले लेकिन भारत की तरक्की की कोशिशों के खातिर प्रयास करने वाले एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट है। इशारा अबकी बार एनडीए सरकार की ओर तो था ही साथ ही गठबन्धन के सहयोगियों को भी बता दिया कि अब वो कितने अहम हैं। अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष पर है। जिस पर फिर कयासों का दौर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से विविधताओं से भरे देश और उसकी राजनीति में मतांतर नए नहीं है।

आंध्र प्रदेश विधानसभा में गजब का प्रदर्शन करते हुए टीडीपी-भाजपा गठबंधन ने बड़े बहुमत वाली जीत हासिल की। दोनों का एजेण्डा सबको पता है। टीडीपी मुस्लिम आरक्षण, परिसीमन, सीएए, अमरावती के विकास और विशेष दर्जे पर तवज्जो चाहेगी तो कमोबेश जेडीयू भी बिहार में ऐसे ही एजेण्डे के साथ अगले साल विधानसभा चुनाव में जाएगी। महाराष्ट्र में तो अभी चुनाव होने हैं। इन हालातों में महत्वपूर्ण घटक कब तक भाजपा के हमराह रहेंगे? जबकि महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश सहित बिहार में पद और कद पर कई बातें होनी शुरू हो गई हैं। अपने दम पर बहुमत हासिल करने में नाकाम भाजपा नीत गठबंधन सरकार को लेकर दुनिया भर में कौतूहल था। लेकिन मंत्रिमण्डल गठन के बाद विभाग वितरण से लोग भौंचक्का हैं कि यह कैसा जादू? क्या सचमुच राजनीति में मंजे दोनों बाबू न केवल मोदी के साथ हैं बल्कि ब्रान्ड मोदी के दो हाथ हैं? बहुमत का आंकड़ा न छू पाने के बावजूद मंत्रिमण्डल बंटवारे में दिखी मोदी के मन की बात ने क्या सभी का लोहा मनवा लिया।

हालांकि चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण में नीतीश का न जाना फिर चर्चाओं में है। लेकिन इटली में जी-7 सम्मेलन में बिना सदस्य रह कर भी विशेष रूप से प्रधानमंत्री को बुलाना और दुनिया के शीर्ष नेताओं से मेल-मुलाकात के बाद मोदी की नई छवि और कार्यप्रणाली को लेकर राजनीतिक चर्चाओं ने नया मोड़ जरूर ले लिया है। लेकिन देश के अंदर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और दक्षिण के चुनाव परिणामों के मायने पर भी जानकारों की राय बंटी हो सकती है। लेकिन यह सच है कि असल परीक्षा के लिए लोकसभा के नियमित सत्र और नए अध्यक्ष तक इंतजार करना होगा। नई परिस्थितियों में खुद की छवि को बजाए मसीहाई दिखाने के बड़ी सहजता और विनम्रता से लबरेज दिखाकर भी प्रधानमंत्री मोदी नई एनडीए सरकार के वैसे ही सख्त मुखिया दिख रहे हैं जैसे बीते दोनों कार्यकाल में रहे। लोग तब और अब में फर्क भले ढूंढें लेकिन यह कब दिखेगा, कोई नहीं जानता।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# मेडिकल संचालक के इलाज से 14 वर्षीय किशोरी की मौत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के श्रीनगर क्षेत्र मे रविवार को एक मेडिकल स्टोर संचालक के गलत इलाज से 14 वर्षीय किशोरी की मौत पर परिजनो ने पुलिस कोतवाली मे जमकर हँगामा काटा है।

पुलिस उप अधीक्षक रवीकान्त गौड़ ने बताया की किशोर गंज निवासी विनोद कुमार विश्वकर्मा अपनी 14 वर्षीय बीमार साली खुशी विश्वकर्मा का इलाज कराने के लिए सूर्याश मेडिकल स्टोर ले गया था। जहाँ मेडिकल स्टोर के संचालक अरविन्द गुप्ता ने उसे इंजेक्शन दिया और एक बोतल भी चढ़ाई।



मरीज खुशी को दवा से तात्कालिक लाभ मिला तो परिजन उसे वापस घर ले गए लेकिन कुछ समय उपरान्त किशोरी के पूरे शरीर मे दाने निकल आये तथा वह बुरी तरह तड़पने लगी।

पुलिस उप अधीक्षक ने बताया की हालत बिगड़ने पर किशोरी को पुनः मेडिकल स्टोर ले जाया गया। किन्तु मेडिकल संचालक ने किशोरी की हालत देख तब हाथ खड़े कर लिए इसके बाद इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज ले जाते समय किशोरी की रास्ते मे मौत हो गयी। सीओ ने बताया की घटना से आक्रोशित परिजनो ने मेडिकल स्टोर संचालक पर गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुये पुलिस थाने मे हँगामा काटा उन्होंने मेडिकल संचालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सोप मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग की।

पुलिस उप अधीक्षक के मुताबिक मामले मे पुलिस ने मृतक किशोरी के शव का पंचनामा भरकर उसे पोष्ट मार्टम के लिए भेजा है और जांच पड़ताल शुरू की है।

# डाक विभाग में फर्जीबाड़ा का पर्दाफाश होने के बाद 18 बीपीएम की सेवाएं समाप्त

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

चित्रकूट धाम मंडल मे भारतीय डाक तार विभाग मे ब्रांच पोष्ट मास्टर की भर्ती मे हुये फर्जीबाड़े के खुलासे के बाद 18 कर्मचारियो की सेवा समाप्त कर दी गयी है।

मंडलीय डाक अधीक्षक गयूर खान ने रविवार को बताया की भारतीय डाक तार विभाग द्वारा ब्रांच पोष्ट मास्टर की भर्ती के लिए बीते वर्ष 2023 मे जगह निकाली गयी थी। इसमे प्राप्त आवेदनो पर मेरिट के आधार पर अभ्यर्थीयों का चयन करके उनकी नियुक्ति महोबा, हमीरपुर, चित्रकूट, बांदा के डाकघरो व् उप डाकघरो मे कर दी गयी थी।इसके बाद यह सभी अभ्यर्थी अपनी नौकरी करते हुये बराबर सेलरी ले रहे थे।

डाक अधीक्षक ने बताया की बीपीएम की नियुक्तियों मे गड़बड़ी को लेकर डाक महकमे को पिछले दिनों कुछ शिकायते मिली थी। जिन पर विभागीय जांच शुरू कराई गयी तो शिकायतो को न सिर्फ सही पाया गया बल्कि नियुक्तियों मे भारी फर्जीबाड़ा पाया गया।

श जांच के मुताबिक तमाम अभ्यर्थीयों ने जालसाजी करते हुये कूट रचित दस्तावेजो के सहारे नौकरी हासिल कर ली और वेतन उठा रहे थे। उन्होंने बताया की फर्जी दस्तावेजो से नौकरी हासिल करने के अभी तक 24 मामले पकड़े जा चुके है। जिसमे 18 कर्मचारियो की सेवाएं समाप्त कर दी गयी है। इन जालसाजो से वसूली की प्रक्रिया शुरू की गयी है।

डाक अधीक्षक ने बताया की कार्यवाही का शिकार बनाये गए गए कर्मचारियो मे हमीरपुर के 7 महोबा के 8 व् चित्रकूट के 3 कर्मचारी है। विभागीय जांच से डाक कर्मचारियो मे हड़कंप मचा है।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जुगुल जिला प्रभारी तो ब्रजेश जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**





राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि0) के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र मिश्रा द्वारा बुंदेलखंड प्रभारी आनन्द कुमार तिवारी व जिलाध्यक्ष नरेंद्र नायक की संस्तुति पर महोबा जनपद के वरिष्ठ पत्रकार दैनिक भास्कर एवम समृद्धि न्यूज तहसील चरखारी संवाददाता जुगुल किशोर द्विवेदी को जिला प्रभारी व दैनिक तरूण मित्र के ब्यूरो चीफ ब्रजेश द्विवेदी को राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस खबर से जनपद के पत्रकारो मे खुशी जाहिर करते हुए उन्हें फूल माला डाल मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र मिश्रा ने बताया की महोबा जनपद में जुगुल किशोर व ब्रजेश द्विवेदी सक्रिय पत्रकार है उनकी काबिलियत को देखकर ही उनको अपने संगठन का जिला प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है उन्हे पूर्ण आशा व विश्वास है की वह संगठन के प्रति पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे। वहीं नवनियुक्त जिला प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष ने कहा की राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र मिश्रा जी ने उनके ऊपर जो विश्वास किया है वह उस पर पूरी तरह खरे उतरेंगे संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसको वह बखूबी निभायेंगे और संगठन को और मजबूत करने की दिशा मे हमेशा काम करेंगे। वहीं उन्होंने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र मिश्रा जी व बुंदेलखंड प्रभारी आनन्द तिवारी को नई जिम्मेदारी देने के लिए धन्यवाद कहा और जनपद के पत्रकारों द्वारा दी गई बधाई एवं शुभकामनाओं के लिए सहृदय आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### जला कूड़ा बना गरीबों के लिए मुसीबत



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** नगर में टीवी अस्पताल के पीछे बनी कांशीराम कॉलोनी के रहने वाले परिवारों का इस समय जीना दुश्वार है। कांशीराम कॉलोनी के ब्लॉक 47 एवं 48 के बीच में पड़ी खाली जगह पर नगर पालिका द्वारा शहर से इक्ट्ठा किया हुआ कूड़ा यहीं पर इक्ट्ठा करती है महीनों और सालों से कूड़ा इक्ट्ठा होने के बाद कूड़े का बड़ा ढेर बन जाता है जो कांशीराम कॉलोनी के रहने वाले परिवारों के लिए मुसीबत बन चुका है। बरसात के दौरान यह कूड़ा सड़ जाता है जिसकी बदबू कांशीराम कॉलोनी के रहने वाले वाशिंदों के लिए नर्क बन जाता है यहां पर रहने वाले लोग बताते है कि उनके यहां रिश्तेदारों ने भी आना जाना छोड़ दिया है सरकार ने हमें कॉलोनी तो उपलब्ध कराती है लेकिन कूड़े के नर्क के कारण यहां पर जीना दुश्वार है नगर पालिका के कूड़ा इक्ट्ठा किए जाने के कारण हमें नरक भोगना पड़ रहा है अभी हाल में ही कूड़े के ढेर में आग लगा दी गई है जिसका धुआं सीधा कांशीराम कॉलोनी में रहने वाले परिवारों की नाक में जा रहा है जिसके कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं कॉलोनी में रहने वाले विपिन राठौर एडवोकेट, राजेश सिंह, अनीता, गुड़िया, राकेश, राजेश एवं कई लोगों ने शासन प्रशासन एवं नगर पालिका से मांग कि है कि इस कूड़े को कहीं और स्थानांतरित कर ढेर लगाया जाए जिससे हम लोगों का परिवार भी सुरक्षित रहे।

### कप्तान के निर्देशन में पुलिस कर्मियों ने किया योगाभ्यास



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** दशम अन्तर्राष्टीय योग दिवस एवं योग सप्ताह के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशानुसार थाना चौबिया पर नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। दशम अन्तर्राष्टीय योग दिवस एवं योग सप्ताह के दृष्टिगत दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशानुसार थाना चौबिया पर नियुक्त पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया।थानाध्यक्ष चौबिया मंसूर अहमद के नेतृत्व मे थाना चौबिया पुलिस द्वारा योगाभ्यास कर समस्त पुलिसकर्मियों एवं आम जनमानस को योग द्वारा स्वयं को स्वस्थ रखने हेतु संदेश दिया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष महोदय ने कहा कि व्यायाम करने से मनुष्य शारीरिक एवं मानसिक रूप से हर समय स्वस्थ रहता है। मनुष्य को प्रतिदिन निरोगी रहने के लिए योग एवं व्यायाम अवश्य करना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही अच्छा मस्तिष्क निवास करता है। विभिन्न बीमारियों एवं रोग से बचने का व्यायाम एकमात्र और सशक्त माध्यम है। प्रतिदिन व्यायाम करने से मनुष्य के शरीर को नई ऊर्जा मिलती है, जिससे पूरे दिन मनुष्य में स्फूर्ति बनी रहती है, इसलिए जरूरी है कि मनुष्य रोजाना योग एवं व्यायाम करें।

### दहेज हत्या के आरोप का सदमा नहीं बर्दाश्त कर पाई सास, मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के दांदूपुर गांव में फांसी के फंदे से लटककर हुई युवती की मौत के मामले में दहेज हत्या की आरोपी सास की रविवार को सदमे के कारण मृत्यु हो गई। उल्लेखनीय हैं कि गत शुक्रवार को ग्राम निवासी घनश्याम की पत्नी रेनू की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटककर मौत हो गई थी। जनपद अमेठी के थाना शिवरतन गंज के मिर्जागढ़ मजरे कुकहा रामपुर निवासी रेनू के पिता राम कृपाल ने शनिवार को मृतका के पति,सास ससुर व देवर सहित सात लोगों के विरुद्ध हैदरगढ़ कोतवाली में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। ग्रामीण बताते हैं कि दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद घर में मौजूद मृतका की सास मनोरमा पत्नी भग्गन 75 वर्ष सदमे की शिकार हो गई। जिसके बाद देर शाम ग्रामीण इस महिला को इलाज के लिए सीएचसी ले गए।हालत में सुधार होने के कारण महिला अपने घर आ गई।बताते हैं कि रविवार की दोपहर महिला की फिर हालत बिगड़ गई। ग्रामीण उसे इलाज के लिए सीएचसी ले जाते उससे पहले ही वृद्धा ने दम तोड़ दिया।

# बुंदेली समाज ने उठाई खजुराहो लखनऊ इंटरसिटी चलाने की मांग

- बुंदेली समाज संयोजक ने लिखी प्रधानमंत्री व रेलमंत्री को चिट्ठी
- नवनिर्वाचित सांसद अजेन्द्र राजपूत 24 जून से शुरू हो रहे सत्र में उठाएंगे मांग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

खजुराहो से लखनऊ जाने के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस चलाने की मांग ने फिर जोर पकड़ लिया है। इस बार बुंदेली समाज ने नयी मुहिम छेड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को चिट्ठी लिखी है और कहा कि यदि वर्षों पुरानी इस मांग पर रेल मंत्रालय ध्यान नहीं देता तो वह एक जुलाई से वृहद पोस्टकार्ड अभियान शुरू करेगा।

बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि विडंबना देखिए विश्व प्रसिद्ध पर्यटन क्षेत्र खजुराहो से दिल्ली, मुंबई, हावड़ा, अहमदाबाद, जयपुर जाने के लिए सीधी ट्रेन सेवा उपलब्ध है लेकिन मात्र 300 किलोमीटर दूर उत्तर प्रदेश की राजधानी जाने के लिए कोई ट्रेन सुविधा उपलब्ध नहीं है। बस से लखनऊ जाने में रास्ते में इतना जाम झेलना पड़ता है कि ये सफर बहुत कष्टकारी हो जाता है। बांदा से लखनऊ के लिए ट्रेन सुविधा जरूर उपलब्ध है लेकिन उसकी टाइमिंग बहुत खराब है। लोगों को मजबूरन बस से लखनऊ जाना पड़ता है। उन्होंने नवनिर्वाचित सांसद अजेन्द्र सिंह राजपूत से भी आग्रह किया कि 24 जून से शुरू हो रहे संसद सत्र में वे पहली मांग यही उठाएं और सरकार का ध्यान आकृष्ट करें। यदि उसके बाद भी खजुराहो से लखनऊ के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस चालू नहीं होती तो वे एक जुलाई से रेलमंत्री के नाम पोस्टकार्ड अभियान शुरू करेंगे।

उन्होंने बताया कि केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जब मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने भी वांया खजुराहो होकर भोपाल से लखनऊ तक एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मांग की थी लेकिन हुआ अब तक कुछ नहीं।

# पुलिस ने पैदल गश्त कर की चेकिंग

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जनपदीय कानून/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग की गयी। जनपद की कानून व्यवस्था/ सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थानाध्यक्ष/ थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

# डॉ. मिथिलेश दीक्षित ग्रन्थालय एवं संग्रहालय होगा स्थापित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** माँ रुद्राणी धाम रुरिया स्थित स्वदेशी समाज सेवा समिति के सौजन्य से स्थापित पर्यावरणीय एव आध्यात्मिक वन में बरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मिथिलेश दीक्षित के नाम से ग्रन्थालय एव संग्रहालय स्थापित होगा।



समिति के सरंक्षक सदस्य एव पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक डॉ. कैलाश चंद्र यादव एवम संस्थापक सचिव विवेक यादव रुद्राक्ष मेन ने जानकारी दी हैं7 डॉ. मिथिलेश दीक्षित द्वारा लिखी गयी अस्मिता, अक्षत, सार्थक संवाद, परिसंवाद, साहित्य और संस्कृति, आस्थावाद, एवम अन्य निबंध, अमरबेल, एक पल के लिए, सिन्धु सीपी में, आशा के बीज, बोलती यादे, लहरों पर धूप, रेशम के दिन, सदी के प्रथम दशक के हिन्दी हाइकु काव्य, हिन्दी हाइकु : सन्दर्भ एवं विमर्श, यादों के साये, स्वर विविध क्षणबोध आदि 75 पुस्तके प्रकाशित हो चुकी हैं। डॉ. दीक्षित का मूल्य परक चिन्तन हैं और मानवतावादी लेखक, चिन्तक और समाजसेवी हैं। पर्यावरण पर विशेष लेखन और प्रदेय हैं। इसलिए डॉ. दीक्षित के प्रदेय और लेखन को सुरक्षित रखने तथा नयी पीढ़ी को संस्कारित करने के लिए संस्था ने यह संकल्प लिया हैं।

# हाई टेंशन तार भी नहीं झेल पा रही भीषण गर्मी

- कटकर गिर रहे तार, लगी आग, बिजली की किल्लत बढ़ी

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी मे वर्षो पूर्व खींचे गये हाइटेंशन तार गर्मी की तपिश नही झेल पा रहे है आये दिन तार टूटने से गायब रहने वाली बिजली का दंश उपभोक्ता झेल रहे है। बीती रात्रि ग्राम देवकलिया के निकट तार टूटने से एक बाग़ मे आग गयी।

बताते चले कि बीती रात्रि कस्बा शहादतगंज जाने वाली 11 हजार हाइटेंशन लाइन के तार ग्राम देवकलिया मे शिवशंकर वर्मा की बाग़ मे टूटने से एकाएक आग लग गयी जिससे अफरतफरी मच गयी गनीमत रही हवा नही चल रही थी और बाग़ मे पड़े सूखे पत्ते तक ही आग सिमित रही। ग्रामीणों ने अथक प्रयास कर आग को बुझाया।



### एबीसी केबिल बनी उपभोक्ताओं के लिए परेशानी

कस्बा सहादतगंज मे विगत पुराने तारों को बदल कर डाली गयी एबीसी केबिल विद्युत आपूर्ति का भार नही झेल पा रही हे हर दिन केबिल जल जाने से कस्बा वासी पुरी पुरी रात्रि भीषण गर्मी झेलने को मजबूर है बताते चले कि एक सप्ताह पूर्व पूरे कस्बे मे पुराने खम्भो को बदलने के साथ साथ एबीसी केबिल डाली गयी है लेकिन जब से केबिल पड़ा है तब से हर दिन केबिल जल रहा है कस्बे वासी भीषण गर्मी मे रात्रि गुजरने को मजबूर हो रहे है।

# नगर की 21 मस्जिदों में अदा की जाएगी ईद की नमाज व 6 स्थानों पर होगी कुर्बानियां

- बकरीद त्योहार को लेकर शासन-प्रशासन की तैयारियां पूर्ण


**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुस्लिम समुदाय के प्रमुख त्योहारो में से एक ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार आज से शुरू होकर तीन दिनों तक मनाया जाएगा। जिसमें नगर की 21 मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज़ व नगर सहित क्षेत्र के 6 मदरसो में कुर्बानियां होगी।

आज सुबह नमाज़ के बाद से तीनों दिन कुर्बानियों का सिलसिला जारी रहेगा। बकरीद त्योहार को लेकर शासन-प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। जिसमे आज पूरे देश में सुबह तय समय पर ईद-उल-अजहा की नमाज़ ईदगाह सहित अन्य मस्जिदो में अदा की जाएगी।

जिसमें मौदहा शहर ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज़ सुबह 7 बजे शहर इमाम मौलाना करामत उल्ला द्वारा अदा कराई जाएगी। इसी प्रकार नगर की लगभग दो दर्जन मस्जिदों में तय समय पर ईद-उल-अजहा की नमाज़ अदा की जाएगी। जिसमें मस्जिद रहमानिया हैदरगंज, मस्जिद दार्वन्ति शाह बाबा रागौल, मस्जिद बड़ी फाजिल मियां हुसैनगंज, मस्जिद दाता बाहर शाह फत्तेपुर, मस्जिद औलिया (टिकरा वाली मस्जिद), मस्जिद हक्की बाबा में सुबह 7 बजे ईद की नमाज़ होगी। वहीं मस्जिद ब्लाक में 7:10 बजे, निजामिया जामा मस्जिद उपरौस, मस्जिद कजियाना, मदीना मस्जिद बड़ा चौराहा, मस्जिद मलिकुंआ चौराहा, मस्जिद रहमानिया रोड इलाहाबाद बैंक के सामने सुबह 7:15 बजे ईद की नमाज़ पढ़ाई जाएगी। इसी तरह मस्जिद मोदी सईद बाबा कजियाना 7:30 बजे, मस्जिद साजन तालाब, मस्जिद गरीब शाह दाता, मस्जिद कायमकुआं कमराहा में ईद की नमाज़ 6:45 बजे अदा की जाएगी, मस्जिद भक्कू नम्बरदार उपरोस 6:40 बजे, मस्जिद चौपारी चौधराना, मस्जिद दीवान सईद बाघू, मदीना मस्जिद बाकी तलैय्या, निजामिया जामा मस्जिद हुसैनगंज में सुबह 6:30 व मस्जिद निजामिया खानकाह सुबह 5:45 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज़ अदा की जाएगी। वहीं नगर के छः स्थानों पर कुर्बानियों होंगी। जिसमें मदरसा रहमानिया, मदरसा यादगार मोहम्मद हुसैनी, मदरसा शेख अब्दुल कादिर जीलानी, मदरसा गरीब नवाज़, मदरसा महिर निजामी, मदरसा सैयदना अबु बकर सिद्दीक कम्हरिया व मदरसा शेख अब्दुल कादिर जीलानी कम्हरिया रोड में कुर्बानियों का सिलसिला तीन दिनों तक जारी रहेगा।

# ससुर-बहु को मारपीट कर किया घायल, कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा



**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के अंबेडकर तिराहा निवासी पीड़िता ममता ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी जेठ राम प्रकाश से कूड़ा कर कट डालने को लेकर विवाद हो गया,जिसमें वह मारपीट करने लगा मौके पर मौजूद उसके ससुर रामकिशोर ने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो पीडिता के जेठ ने ईंट से हमला कर दिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए जिससे आनन फ़ानन में घायल को कस्बे से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जिसे प्राथमिक उपचार के उपरान्त जिला अस्पताल रिफर कर दिया।इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के अनुसार भारतीय दंड संहिता की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर दिए गए विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# प्राचीन काली माता मंदिर से निकली कलश यात्रा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

बकेवर कस्बा के समीपवर्ती ग्राम रतनपुरा, गुलाबपुरा में आयोजित श्रीमद्भागवत पुराण की कलश यात्रा गणेश पूजन के उपरांत प्राचीन काली माता मंदिर से प्रारम्भ होकर दुर्गा माता मंदिर होते हुए,संपूर्ण गांव का भ्रमण करते हुए वापिस मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहिनकर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया।

कथा का शुभारंभ करते हुए कथा वाचिका डोली शास्त्री व पंडित वावी शास्त्री ने कहाकि कथा श्रवण मात्र से मोक्ष की प्राप्ति होती है। मोक्ष के साथ ही जीवन जीने के उद्देश्य की दिशा को दर्शाती है।इसलिए जन्हा भी भगवत कथा होती है,इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है,जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। विकास यादव टिंकू के नेतृत्व में सैकड़ों भक्तों ने कलश यात्रा पर भिभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई।कथा परीक्षित विनोद यादव ने सपत्नीक श्रद्दालुजनों से। कथा में उपस्थित होकर श्रवण करने का आग्रह किया। गांव समाज के सहयोग से हो रही श्रीमद्भागवत पुराण कथा में प्रमुख से, रामायनश्री, अंजू यादव, नेहा यादव, पुष्पादेवी, नीलम यादव, कुमकुम, कंचन, इशू, प्रमोद यादव, उदयभान सिंह, विकास यादव, जगदीश, सत्यभान, अजय, गोविंद यादव, अवनीश, पिंटू, अनिल, उमेश, विनय, पंकज, आलोक, बॉबी मनोज सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# जबरन कब्जा करने की नियत से घर का तोड़ा ताला, पुलिस से न्याय की गुहार

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में पारिवारिक जमीन के विवाद में एक पक्ष ने जबरन कब्जा करने की नियत से घर का ताला तोड़ दिया जिस पर हुए विवाद में पीड़ित महिला ने तहरीर देकर गुहार लगाई है। बता दें की नगर के मोहल्ला उपरौस निवासी फात्मा बानो पत्नी स्व मोहम्मद बाकर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया की पड़ोसी ख़्वाजुद्दीन ने कहा की तुम्हारी ननद की जमीन का मैंने बैनामा करवा लिया है जिसपर मैंने कहा की हमारा अभी कोई बटवारा नही हुआ है जिसको लेकर बहस हो गई और ख़्वाजुद्दीन ने मेरे तीसरे पुत्र रफीक उद्दीन उर्फ पिंटू के नाम ने थाने में तहरीर दी थी जब पुलिस घर आई तो पीड़ित ने बताया की उसका बेटा पिंटू अपने बेटे का ऑपरेशन करवाने बाहर गया है दो तीन दिन में आएगा तो थाने भेज दूंगी जिसपर पुलिस ने बात मानकर कहा की वह जैसे ही आये तो थाने भेजने को कहकर चले गए मगर आज सुबह ही ख़्वाजुद्दीन अपने पुत्र इरसाद, नौसाद व अपने साथियों के साथ आकर घर पर लगे ताले को तोड़कर दीवार बनाने लगे यह देख पीडित महिला ने पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी चंद्र शेखर ने बताया की तहरीर मिली है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा ने गंगा दशहरा पर बांटा शरबत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा इटावा के तत्वावधान में एवं परिषद के सदस्य अवधेश पचौरी के सौजन्य से गंगा दशहरा के पावन पर्व पर रविवार को जिला अस्पताल परिसर में शरबत वितरण किया गया तथा अस्पताल के जनरल वार्ड में भर्ती सभी मरीजों को बिस्किट भी बांटे गए।

शाखा के सचिव सुधीर मिश्र ने बताया कि धर्मार्थ शाखा के दायित्वधारी एवं सदस्यगण रविवार गंगा दशहरा के अवसर पर प्रातः नौ बजे जिला अस्पताल परिसर में शाखा द्वारा गत एक मई से चलाए जा रहे प्याऊ स्थल पर पहुंचे और भारत माता के चित्र का पूजन कर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद अस्पताल आए मरीजों और उनके तीमारदारों को शीतल शरबत का वितरण किया तथा अस्पताल के जनरल वार्ड में जाकर बिस्किट बांटे। इस सेवाकार्य में शाखा के अध्यक्ष केके त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष महेश कुमार बाथम, प्रांतीय कार्यशाला प्रभारी हरिदत्त दीक्षित, राजेंद्र कुमार दीक्षित, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, एस एन दुबे, रनवीर सिंह गौर, विनोद त्रिपाठी, महेश चंद्र राजपूत, आचार्य महेश तिवारी, शैलेंद्र त्रिपाठी, राकेश कुमार चौरसिया, घनश्याम तिवारी, अरविंद कुमार, हरि प्रकाश शुक्ला, डा. जे के तिवारी, आर डी त्रिपाठी, राजेश मिश्रा, प्रगति मिश्रा, रमाकांत पाठक, शैलेश शुक्ला का विशेष सहयोग रहा। अंत में संयोजक अवधेश पचौरी ने सभी का आभार जताया।

### दशहरा महापर्व पर धर्म प्रेमियों ने स्टाल लगाकर शर्बत का किया वितरण




लेडीज यूनिक क्लब भरथना की पदाधिकारियों ने दशहरा पर्व पर बतौर मुख्य अतिथि पहुँची पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भरथना रंजना यादव व अध्यक्ष सुधा पाण्डेय ने राहगीरों को पेठा और शरबत का वितरण किया। इस मौके पर सुधा पाण्डेय,शोभा महेश्वरी, मिथलेश शुक्ला, साधना माहेश्वरी, ज्योति अग्रवाल, रेखा महेश्वरी, शकुन महेश्वरी सहित क्लब की अन्य सदस्य मौजूद रही।।इसी क्रम में कस्वा के मुहल्ला सरोजनी रोड़ सहित अन्य मार्गो ,ग्रामीण क्षेत्रों में पर गंगा दशहरा महापर्व पर धर्म प्रेमियों ने स्टाल लगाकर शर्बत का वितरण किया। ठंडा ठंडा शर्बत पीकर राहगीरों ने भी राहत महसूस की। धर्म प्रमियों ने बताया कि जब गर्मी अपने चरम पर होती तब गंगा दशहरा पर एक लोटा जल या शरबत का दान करना बहुत शुभ माना जाता है शास्त्रों में धूप से बचाने वाली वस्तु का दान करना सबसे बड़ा पुण्य बताया गया है। शरबत वितरण के दौरान प्रवीण कुमार,अतुल कुमार, संजीव कुमार, मनीष तिवारी,आशीष चौहान,संतोष कुमार, अजीत श्रीवास्तव,शिवम सक्सेना, शरद तिवारी श्यामू,जय,पुनीत तिवारी,अनुज दीक्षित, आशु श्रीवास्तव,सहित अन्य लोगो का विशेष सहयोग रहा।

# दंबगों ने की फायरिंग, पीड़ित ने पुलिस से मांगा इंसाफ

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

बकेवर थाना क्षेत्र के कस्बा लखना में पीड़ित पर जान से मारने की नियत से दंबगों ने फायरिंग की पीड़ित अपनी जान बचाकर पड़ोसी के मकान में घुसकर अपनी जान बचायी। पीड़ित ने थाना पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है।

कृष्ण औतार सिंह पुत्र शिव शंकर लाल निवासी आदर्श नगर बकेवर हाल निवास बेरीखेड़ा तिराहा बाईपास रोड कस्बा लखना ने थाने में दिऐ प्रार्थना पत्र में बताया कि रविवार को 12 बजे समीप दिन में दुकान के नीचे बैठा था उसी समय नामजद तीन दंबग पिस्टल लेकर आये और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगे। और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित अपनी जान बचाकर अपने छोटे भाई की दुकान की तरफ भागने लगा तभी नामजद उक्त दंबगों ने उसी दौरान फारिंग की। उक्त फायरिंग पीड़ित के भाई के दुकान में लगी प्लाई मे गोली लगी जाकर घटना में पीड़ित ने भाग कर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने बताया कि उक्त घटना की पूरी फुटेज पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है तथा फायरिंग के निशान भी घटना स्थल पर मौजूद है। पीड़ित ने थाना पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है?। मामले के संबंध में थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि मामले के संबंध में प्रार्थना पत्र मिला है। पुरानी रंजिश को लेकर फायरिंग की घटना हुई है तीन लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयत्न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

# पितृ दिवस व दशहरा पर राहगीरों को पिलाया ठण्डा शरबत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

इटावा। होम्योपैथी के प्रख्यात चिकित्सक वृहमलीन डॉ दीपक अग्रवाल की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र डॉ पीयुष अग्रवाल एवं पत्नी स्नेह अग्रवाल उपाध्यक्ष जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली डायमंड के सौजन्य से पितृ दिवस एवं दशहरा के पावन पर्व पर शास्त्री चौराहा पर डॉ पीयुष अग्रवाल, संतोष कुमार अग्रवाल, डॉ विनय अग्रवाल की उपस्थिति में लगभग 700 श्रमिकों एवं राहगीरों को ठण्डा शरबत एवं विस्कुट वितरण किया गया।

डॉ शिवराज सिंह यादव सदस्य केन्द्रीय समिति जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन ने कहा कि डॉ पीयुष अग्रवाल एवं स्नेह अग्रवाल द्वारा दीन सेवा ही ईश सेवा को आत्मसात् करते हुए पितृ दिवस, दशहरा पर्व पर किया गया आयोजन सराहनीय एवं अनुकरणीय है।



व्यवस्था प्रभारी विमल कुमार सिंह ने आयोजक डॉ पीयुष अग्रवाल एवं स्नेह अग्रवाल के साथ आयोजन में सक्रिय योगदान हेतु सहयोगी योगेंद्र यादव, राजेश कुमार यादव, विश्व विजय त्रिवेदी, डॉ विनय अग्रवाल , श्री संतोष कुमार अग्रवाल, डॉ शिवराज सिंह यादव, ऊषा यादव, राखी मित्तल, रीता मेहरोत्रा, साधना शर्मा, ललित सक्सैना, राज कुमार मैहरोत्रा, रूपाली मेहरोत्रा,बलराज गर्ग, नीतू पुरवार, कुमारी तेजस्विनी पुरवार, सोनिया अग्रवाल, मास्टर ओजस, मास्टर हर्षित त्रिवेदी,, सोनिया अग्रवाल मनोज कुमार अग्रवाल, एवं, समस्त लाभान्वित श्रमिक बन्धुओं एवं राहगीरों का धन्यवाद किया।

फोटो-05 शर्बत पिलाते जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली डायमंड के लोग।

# सदर एसडीएम ने कोटरा में लगे हैंडपंपों की जमीनी हकीकत देखी

▶ 62 हैंडपंप, 10 वाटर कूलर संचालित मिले, तीन हैंडपंप कम पानी देते मिले

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**




**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पांडेय के संज्ञान में कोटरा नगर पंचायत में बड़ी संख्या में लगे हैंडपंपों के खराब होने का आया तो उन्होंने सदर उप जिलाधिकारी ने शनिवार को कोटरा पहुंचकर कस्बा में लगे हैंडपंपों की जमीनी हकीकत परखी तो वहां पर 62 हैंडपंप पानी देते मिले जबकि 3 हैंडपंपों में वाटर लेविल कम होने की वजह से पानी कम देते मिले साथ ही कस्बे में लगाये गये 10 वाटर कूलरों में ठंडा पानी मिला। जनता की समस्याओं को लेकर गंभीर रहकर छोटी से लेकर बड़ी समस्या जैसे ही जिलाधिकारी के संज्ञान में पहुंचती है तो वह उसका तत्काल लेकर जमीनी हकीकत जानने का प्रयास करते हैं। ऐसा ही मामला दो दिन पूर्व जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के संज्ञान में आया कि जनपद के अंतिम कोने में बसे नगर पंचायत कोटरा में लगे हैंडपंप बड़ी संख्या में खराब हैं जिससे वहां के लोगों को पानी के संकट से जूझना पड़ रहा है। जबकि इससे पूर्व जिलाधिकारी सभी नगरीय निकायों को सख्त निर्देश जारी कर चुके थे कि उनके क्षेत्र में भीषण गर्मी में कहीं भी पानी की समस्या न होने पाये। इसके बाद डीएम ने सदर उप जिलाधिकारी सुरेश कुमार पाल को नगर पंचायत कोटरा में लगे हैंडपंपों की जमीनी हकीकत परखने के निर्देश दिये थे। शनिवार को एसडीएम ने कस्बा कोटरा में पहुंचकर विभिन्न स्थानों पर लगे एक के बाद एक हैंडपंपों का स्थलीय निरीक्षण किया जिसमें 62 हैंडपंपों पूरी तरह से पानी देने मिले जबकि 3 हैंडपंप कम पानी देते मिले। नगरवासियों की सुविधा के मद्देनजर नगर पंचायत द्वारा विभिन्न स्थानों पर दस वाटर कूलर भी लगाये गये थे वह सभी चालू हालत में मिले।

# 1534 यात्रियों से 7 लाख 77 हजार 620 रूपए वसूला गया जुर्माना

**चोपन/ सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



**धनबाद** मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है 7 इसी क्रम में दिनांक 15.06.24 को धनबाद- चन्द्रपुरा-कोडरमा खण्ड में मजिस्ट्रेट महोदय की उपस्थिति में टिकट चेकिंग एवं मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग की गई। इस जांच अभियान में कुल 1534 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 07 लाख 77 हज़ार 620 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग अभियान में 172 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। यह जानकारी अमरेश कुमार,वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी द्वारा दी गई।

## खबरें एक नजर में

### लड़की पक्ष ने बहू को लेने आये ससुराल पक्ष पर बोला हमला

**उरई (जालौन)।** शनिवार की देर शाम बहू को लिवाने आये ससुरालीजनों पर लड़की पक्ष के लोग देखते ही आग बबूल हो गये और फिर उन्होंने ससुरालीपक्ष के लोगों पर न केवल हमला बोल दिया बल्कि गाली गलौज करते हुये मुकदमे में फंसाने की धमकी दे डाली। पूरा मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उमरारखेरा का बताया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि लड़की पक्ष ने आनन फानन में पहले बस स्टैंड पुलिस चौकी और बाद में महिला थाने में प्रार्थना पत्र दे दिया। सदर कोतवाली पुलिस को दिये गए प्रार्थना पत्र में वरिष्ठ पत्रकार सुरेश खरकया ने बताया कि वह उरई नगर के मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी है 15 जून की शाम वह अपने साले जयहिंद की पत्नी रमणी पुत्री स्व. विनोद कुमार को लिवाने मोहल्ला उमरारखेरा अपने मित्रों व रिश्तेदारों के साथ पहुंचे थे। जहां जैसे ही लड़की पक्ष के लोगों ने सभी लोगों को देखा तो वह आग बबूल हो गये और उल्टा दोषारोपण करते हुये भला बुरा कहते हुये गाली गलौज पर उतर आये जब उनका इतने से भी मन नहीं भरा तो उन्होंने मारपीट कर घर से भाग जाने व मुकदमे में फंसाने की धमकी दे डाली इतना ही नहीं लड़की पक्ष के लोगों ने जब देखा शादी के मध्यस्थ रहे सुरेश गौतम व मैं अपने साथियों के साथ वापस लौट आया और मौके पर पत्नी उषा व सहलज को अकेला पाकर आयुष, रमणी व उसकी मां अनीता सहित दो अन्य लोगों ने घेरकर बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया और मारपीट कर दी। आयुष ने छोटी सहलज के कपड़े फाड़ने का भी प्रयास कियाा। तभी मौके पर मौजूद राजेश द्विवेदी व अधिवक्ता नरेंद्र तिवारी ने बीच बचाव किया और तीनों महिलाओं को घर ले आये। घर आते समय रमणी व उसकी मां ने चिल्लाते हुये फर्जी मामले में फंसाने की धमकियां देती रही। वरिष्ठ पत्रकार सुरेश खरकया ने कोतवाली पुलिस को यह भी बताया कि उनके साले जयहिंद की शादी 13 फरवरी 2024 को हुई थी। लेकिन शादी के बाद भी वह अपने मित्र अश्वनी उर्फ विक्की निवासी झांसी रोड के साथ बातचीत कर उसके साथ ही रहने ही धमकियां देती रहती थी जिससे शादी के मध्यस्थ रहे सुरेश गौतम व अन्य रिश्तेदारों की मौजूदगी में रमणी को मय जेवरात के साथ मायके भेज दिया था बाद में जब जयहिंद उसे कई बार लिवाने गया उस दौरान उसकी मां व उसका भाई आयुष टालमटोल करता रहता था।

### कैलिया थाने में मुख्य आरक्षी ने चाकू से प्रहार कर मौत को गले लगाया

**कोंच (जालौन)।** थाना कैलिया में तैनात हेड कांस्टेबल ने बीती रात सरकारी आवास में चाकू से अपनी गर्दन में वार कर आत्महत्या कर ली। सुबह घटना की सूचना मिलते ही एसपी ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। मृतक हेड कांस्टेबल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जनपद कन्नौज निवासी 48 वर्षीय 1995 बैच के हेड कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह का परिवार कानपुर में रहता है। वीरेंद्र सिंह की थाना कैलिया में अप्रैल 2023 में तैनाती हुई थी। बताया गया है कि शनिवार को दिन में थाने में ड्यूटी करने के बाद वीरेंद्र सिंह देर शाम कस्बे में निकाले गए फुट मार्च में शामिल हुए और वापस लौटने के बाद वह थाना परिसर में बने सरकारी आवास में चले गए। रविवार की सुबह आवास के किनारे ही निर्माणाधीन एक मकान पर काम करने पहुंचे मजदूर ने सरकारी आवास में जमीन पर रक्त पड़ा देखा तो वह घबरा गया और इसकी सूचना उसने थाने में दी। थानाध्यक्ष राजीव कुमार मौके पर पहुंचे तो आवास के कमरे का दरवाजा बंद था। थानाध्यक्ष ने चौकीदार की मदद से दरवाजा खुलवाया तो देखा वीरेंद्र सिंह खून से लथपथ पड़े थे और गर्दन पर गहरा जख्म था। मामले की सूचना थानाध्यक्ष ने आलाधिकारियों को दी। एसपी डॉ ईराज राजा, एएसपी असीम चौधरी और सीओ उमेश कुमार पांडेय मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से मौका मुआयना किया। इस दौरान देखा गया कि कमरे में ऊपर लगे पंखे के सहारे रस्सी लटक रही थी और उस रस्सी का एक हिस्सा वीरेंद्र सिंह की गर्दन में फंदे के रूप में लटक रहा था। एसपी के मुताबिक अंदाजा लगाया जा रहा है कि वीरेंद्र सिंह ने पहले फांसी लगाने की कोशिश की लेकिन रस्सी बीच से टूट गयी। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर तमाम साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना मिलने पर मृतक हेड कांस्टेबल के परिजन भी मौके पर आ गए थे। मृतक हेड कांस्टेबल के 2 पुत्र व 1 पुत्री है। इस घटना को लेकर एसपी डॉ. ईरज राजा का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या यह आत्महत्या नजर आ रही है। घटना की हर बिंदु पर जांच की जा रही है।

### अकोढ़ी में हुई चोरी मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**जालौन (उरई)।** तीन दिन पूर्व अकोढ़ी दुबे गांव में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर 10 हजार रुपये नकद समेत लगभग एक लाख रुपये के जेवर व मोबाइल फोन चोरी कर लिए थे। उक्त मामले में पुलिस ने पीड़ित गृहस्वामी की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुबे निवासी चंद्रपाल पुत्र गुलाब सिंह ने पुलिस को बताया कि 14 जून की रात उनके परिवार के सभी सदस्य रात में खाना खा पीकर छत पर सोने के लिए चले गए थे। जब पूरा परिवार सो गया तभी मध्य रात्रि के करीब अज्ञात चोर दीवार फांदकर अंदर घुस आए। चोरों ने कमरे व अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे 10 हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन समेत, सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र व चांदी की तोड़िया चोरी कर लीं। रात में दो बजे के करीब बूंदाबांदी होने पर जब वह नीचे आए तो अलमारी का ताला टूटा था और सामान बिखरा पड़ा था। तब उन्हें चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित गृहस्वामी की तहरीर पर पुलिस ने मौके का मुआयना कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

### खेत पर बकरी चराने गये वृद्ध किसान का शव खेत में पड़ा मिला

**जालौन (उरई)।** अधिक गर्मी के चलते खेत पर बकरी चराने गए वृद्ध की मौत हो गई। आसपास किसानों ने जब वृद्ध का शव देखा तो परिजनों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एसडीएम ने कारण स्पष्ट होने पर स्थिति के अनुसार आर्थिक मुआवजा दिलाने का आश्वासन परिजनों को दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी किसान इस्लाम पुत्र रमजानी (55) रविवार की सुबह घर से बकरियां चलाने के लिए खेत पर गए थे। दोपहर करीब दो बजे उनका शव खेत पर पड़ा मिला।

# भतीजे को बचाने आए चाचा की पिटाई करने के दौरान हुई मौत

▶ झरैला में घटना घटित होने के बाद परिजन सदमे में डूबे

**रामपुरा (जालौन)। समृद्धि न्यूज**



**थाना क्षेत्र** के ग्राम झरैला में भतीजे को बचाने आए चाचा की लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया, जिससे जमीन पर गिर गया। गांव वालों व परिजनों ने माधौगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया। रामपुरा थाना क्षेत्र के गांव झरैला में बने प्राथमिक विद्यालय में बृहस्पति की रात को ताले तोड़कर लेपटोप की चोर चोरी कर ले गए। उस विद्यालय में बिमला रसोइया ने अध्यापकों को सूचना दी थी। अध्यापकों ने पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के पिता आदेश कोरी, प्रेम सिंह, रबि व सर्वेश आदि को बुलाकर लेपटोप लाने के लिए कहा था इन लोगों को लगा कि रसोइया बिमला ने नाम लिए है। शनिवार की सुबह बिमला देवी व पुत्र गोलू दरवाजे पर बैठे थे तभी चारों आरोपी आदेश कोरी प्रेमसिह रबि व सर्वेश लाठी लेकर आ गए और बिमला देवी व गोलू के साथ गाली-गलौज करने लगे तभी चाचा प्रताप सिंह उर्फ लल्लू कोरी 55 बीच बचाव करने के लिए पहुंच गए और फिर गाली-गलौज होने लगी तभी लाठी डंडा लगने से जमीन पर गिर गया गांव वाले व परिजनों ने आनन फानन में माधौगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर मृत्यु की खबर सुन घर में कोहराम मच गया। थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी योगेन्द्र पटेल का कहना है कि मृतक के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# ईद उल अजहा बकरीद को सकुशल संपन्न कराने को हुए फ्लैग मार्च



**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में रविवार को जनपद में आगामी त्यौहार ईद उल अजहा बकरीद को सकुशल संपन्न कराये जाने एवं जनपद में चाक-चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था हेतु जनपद सोनभद्र के क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय द्वारा थाना करमा क्षेत्रान्तर्गत पर्याप्त पुलिस बल के साथ एरिया डोमिनेशन किया गया ।एरिया डोमिनेशन के दौरान प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। एरिया डॉमिनेशन के दौरान आम जन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि जनपद सोनभद्र पुलिस शांति,सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

# जल जीवन मिशन के खिलाफ सपाइयों का प्रदर्शन



**सोनभद्र।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने,आरोप लगाया कि जल नीगम द्वारा पाइप लाइन,डाले,जाने के नाम पाइप तो डाल दिया लेकिन सर्विस लेन सड़क को जर्जर और हालत मे छोड़ दिया जबकि उस रोड मार्ग पर जिला अस्पताल, विद्यालय है एम्बुलेंस से,गर्भवति माता बहन भी,आती है कई मरीज़ बीमार स्थिति मे आते है अगर 4 दिन बाद बरसात हो गया तो लोगों का आना जाना दुर्भ र,हो जायेगा, समाजवादी पार्टी के जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा की इसी रोड से माननीय जिलाधिकारी महोदय जिला जज,का आना, जाना है, कुछ दिन बाद विद्यालय खुल जायेगा लेकिन शासन प्रशासन बेसुध है ग़ायब है, प्रमोद यादव ने कहा की जनता की मूलभूत समस्याओं को देखते हुवे इसे गंभीरता पूर्वक लेना चाहिये जिला प्रशासन को नहीं तो समाजवादी पार्टी बड़ा आंदोलन करेंगे इसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी, पूर्व नगर सचिव मनीष त्रिपाठी मुन्ना कुशवाहा ने कहा कि जनहित जैसे मुद्दे पर यहां के विधायक भी मौन है जबकि बड़ी घटना हो सकती है प्रदर्शन मे मुख्य रूप से गोपाल गुप्ता नौशाद राकेश कुमार,जितेंद्र कुमार सतीश केसरी और व्यापारी वर्ग उपस्थित रहे।

# बारिश का मौसम शुरू होने से पहले नपं ने शुरू कराई नाली नालों की साफ-सफाई

**चोपन। समृद्धि न्यूज**



बारिश का मौसम शुरू होने से पहले नगर में स्थित नाली एवं नालों की साफ सफाई का कार्य नगर पंचायत ने शुरू कर दिया है। जिससे बारिश होने पर कस्बे में नाले चोक होने से जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। बारिश के मौसम में जलभराव न हो इसे लेकर नगर पंचायत ने युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। इसी के तहत नालों की सफाई का काम तेजी से हो रहा है। वहीं सफाई नायकों को निर्देश दिया गया है कि किसी भी सुरत में नालों में कचरा जमा न होने दें। जो भी नालों में कचरा फेंके, उन्हें चिह्नित कर नोटिस दिया जाए। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से दावे किए जा रहे है कि पूरे नगर में सफाई का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। बरसात के पहले सफाई का काम पूरा कर लिया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली का कहना है कि बारिश में जल जमाव की स्थिति न हो, उसके लिए सफाई अभियान चलाकर नाले-नालियों की सफाई कराई जा रही है जिससे बारिश के दौरान नाले ओवरफ्लो न हो। अधिशासी अधिकारी लल्लन राम यादव का कहना है कि नाला सफाई की टीम बना दी गई है। जो अपने अपने क्षेत्रों में सफाई के अलावा नालों की सफाई का काम भी विशेष रुप से देख रही है। हालांकि कुछ लोग अभी भी नालों में कचरा व गंदगी फेंक रहे है, ऐसे लोगों को चिह्नित करने को कहा गया है। सफाई निरीक्षक मनोज शुक्ला का कहना है कि रोस्टर बनाकर सफाई कराई जा रही है। वे स्वयं नियमित सफाई कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं। लापरवाही पर कार्रवाई की जा जायेगी।

### महिला ने की पुलिस से मारपीट की शिकायत

**कोंच (जालौन)।** कांशीराम कालोनी में गुमटी न रखने देने और लडाई झगड़ा करने की पीड़ित महिला ने पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगायी है। कांशीराम कालोनी निवासी महिला चंदा भोपाली पत्नी स्व.मेवालाल ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कालोनी में अभी वह एक दूसरे व्यक्ति की गुमटी में अपनी दुकान का सामान रखकर अपनी गृहस्थी चलाती है। उक्त व्यक्ति की उसे अब गुमटी खाली करनी है इसलिए वह नजदीक ही दूसरी जगह गुमटी रखना चाह रही है।.पीड़ित महिला ने प्रार्थना पत्र में बताया कि दूसरी जगह पर एक अन्य महिला किराये पर कालोनी की जगह लेकर गुमटी रखे हुए है और अब वह उसे वहाँ पर गुमटी नहीं रखने दे रही है। उक्त महिला गाली गलौज कर लडाई झगड़ा करने पर उतारू है और धमका रही है।

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम LAXMAN SINGH व जन्मतिथि 08.05.1958 दर्ज हो गयी है। जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा वास्तविक नाम LAXMAN व जन्मतिथि 01.01.1951 है। LAXMAN F/O JC-481751M Sub Hony Lt Brij Mohan Unit 9 Rajput, R/O Vill, Sikandara, Teh. Bayana, Distt Bharatpur, Rajasthan, Pin-321401

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम KESHANTA DEVI व जन्मतिथि 10.12.1961 दर्ज हो गयी है। जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा वास्तविक नाम KESHANTA व जन्मतिथि 01.01.1953 है। KESHANTA M/O JC-481751M Sub Hony Lt Brij Mohan Unit 9 Rajput, R/O Vill, Sikandara, Teh. Bayana, Distt Bharatpur, Rajasthan, Pin-321401

# राम कथा के छठवें दिन भरत मिलाप कथा का प्रसंग सुन श्रोता मंत्रमुग्ध

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**



**उदोतपुरा** गांव में आयोजित रामकथा के छठे दिन कथा वाचक ने भरत मिलाप की कथा का वर्णन किया। भरत मिलाप की कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे।

उदोतपुरा स्थित लक्ष्मनजू मंदिर परिसर में रामकथा के छठे दिन कथा वाचक पंडित संजय पांडेय ने बताया कि केवट, राम-लक्ष्मण और सीता माता को गंगा पार लेकर गए। केवट को निर्मल भक्ति का वरदान देकर प्रभु श्रीराम ने गंगा किनारे पहुंचकर गंगा मैया की पूजा अर्चना की। उसके बाद प्रभु श्रीराम प्रयागराज पहुंचे और ऋषि भारद्वाज से भेंट की। एक रात ऋषि भारद्वाज के आश्रम में विश्राम करने के उपरांत अगले दिन प्रातः काल आगे बढ़े और महर्षि बाल्मीकि के आश्रम में पहुंचने पर ऋषियों ने प्रभु की सुंदर स्तुति गाई। उसके बाद प्रभु श्रीराम ने महर्षि बाल्मीकि से स्थान पूछकर चित्रकूट में निवास किया। दूसरी तरफ सुमंत वापस अयोध्या पहुंचे और राजा दशरथ ने जब सुना कि राम वापस नहीं आए, तो दशरथ ने राम के वियोग में प्राण त्याग दिए। उधर भरत अपने ननिहाल से वापस आए और पिता का अंतिम संस्कार किया गया। उसके बाद बैठी राजसभा में भरत जी ने निर्णय लिया कि वन में जाकर श्रीराम को राजसत्ता सौंप दी जाए, फिर भरत जी सभी माताओं और अयोध्या वासियों को साथ लेकर चित्रकूट में पधारे और रामजी से भेंट हुई। भरत जी ने प्रभु श्री राम से राजगद्दी संभालने का आग्रह किया। जिस पर श्रीराम ने राजसत्ता अस्वीकार कर दी और श्रीराम ने भरत को अपनी चरणपादुका दीं। भरत चरणपादुका साथ लेकर वापस अवधपुरी आए और रामजी की चरण पादुकाओं से आज्ञा लेकर राजसत्ता का कार्य संभाला था। इस मौके पर पारीक्षित नैपाल सिह, रामश्री, बुद्धसिंह हवलदार, गजेंद्र सिंह, राकेश पचौरी, राधेसिंह, राजू चौहान, गिरजा शंकर, डाक्टर भज्जू, पिंटू, पागलदासघ् महाराज, शंकरिया चौहान, शीलू, नरेंद्र सिंह चौहान, सुमित, बलराम सिंह, शंकरसिंह चौहान, दीपेश सिंह, आशुतोष चौहान, देवसिंह चौहान, मंगल सिंह, छोटे सिंह चौहान, विजय सिंह, करन सिंह, सावित्री, जानकी, जय, रोशनी, मालती आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय तहसीलदार पयागपुर जनपद बहराइच**

नीलामी 2024/2025

**नोटिस सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की तहसील पयागपुर परिसर में स्थित कैंटीन में चाय / नाश्ता /मिठाई व दुकान नंबर 1 व दुकान नंबर 2 आदि की नीलामी वित्तीय वर्ष 2024 -2025 के लिए नीलामी अधिकारी तहसीलदार पयागपुर के द्वारा दिनांक 21-06-2024 को दिन में 12:00 बजे किया जाएगा बोली बोलने वाले इच्छुक व्यक्ति निश्चित समय / स्थान/ तिथि पर उपस्थित होकर नीलामी बोली में भाग ले सकते हैं।

**नीलामी की शर्तें**

(1) बोली बोलने वाले को बोली से पूर्व रु. 10000 नगद जमानत के रूप में जमा करना होगा।
(2) नीलामी की अवधि दिनांक 21- 06 -2024 को दिन में 12.00 बजे तहसील सभागार पयागपुर में होगी।
(3) नीलामी की कार्यवाही समाप्त करने के बाद सबसे अधिक एवं अंतिम बोली बोलने वाले को नीलामी बोली का 1/2 धनराशि नगद जमा करना होगा अन्यथा की स्थिति में जमा जमानत की धनराशि जप्त कर ली जाएगी।
(4) कैंटीन में दुकान नंबर 1 व दुकान नंबर 2 की बोली अलग अलग होगी।
(5) नीलामी लेने वाले को नियमानुसार स्टांप पर अनुबध करना होगा तथा नीलामी लेने वाले ठेकेदार को कैंटीन को एक निश्चित स्थान पर लगाना होगा तथा साफ-सफाई की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
(6) नीलामी लेने वाले व्यक्ति द्वारा बेचे जा रहे सामान की गुणवत्ता की जांच किसी भी समय प्रभारी अधिकारी नजारत एवं तहसील स्तरीय अधिकारी द्वारा की जा सकती है तथा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।
(7) कैंटीन नीलामी स्वीकृति/अस्वीकृति करने का सम्पूर्ण विवेकाधिकार उपजिलाधिकारी पयागपुर को होगा।

**तहसीलदार**
**पयागपुर**

# अन्तर्जनपदीय शातिर चोर गैंग के तीन सदस्यों को पुलिस ने धर दबोचा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**एसओजी टीम** व सदर कोतवाली पुलिस ने अन्तर्जनपदीय शातिर चोर गैंग के तीन सदस्यों समेत चोरी के जेवरात खरीदने वाले सुनार को धर दबोचा। पकड़े गए चोरों के पास से पुलिस ने चोरी के 30 ग्राम सोना एवं 2 किलो चांदी के आभूषण, 49 हजार रूपये नगद एवं चोरी गये दो मोबाइल व अन्य दस्तावेज भी बरामद कर लिए। रविवार को पुलिस अधीक्षक में पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बीते समय पूर्व जिले मैं कई चोरी की घटनाएं प्रकाश में आई थी। चोरी की घटनाओं का खुलासा करने एवं चोरों की तलाश हेतु एसओजी व पुलिस टीम को लगाया गया था। फुल एचडी में लगातार सुराग राशि में लगी हुई थीं, इसी बीच एसओजी टीम प्रभारी उपनिरीक्षक कमल भाटी एवं सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि सरीफापुर मोड कब्रिस्तान में शातिर चोरों का गैंग मौजूद है। मुखबर की सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने उक्त स्थान पर पहुंचकर घेराबन्दी करते हुए शातिर चोर गैंग के तीन सदस्यों को धर दबोचा। एसपी ने बताया कि पकड़े गए चोरों के कब्जे चोरी गये सोने चांदी के आभूण एवं नगदी बरामद हुई। पुलिस टीम द्वारा पूछताछ के दौरान चोर गैंग के सदस्यों ने चोरी का माल खरीदने वाले सुनार का नाम बताया। पुलिस टीम ने उक्त सुनार को भी गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान चोर गैंग के सदस्यों ने अपना नाम सुजीत कुशवाहा उर्फ बऊआ पुत्र मूलचन्द्र निवासी अलाउद्दीनपुर मकरन्दनगर थाना कन्नौज व रोशन श्रीवास्तव उर्फ हैप्पी लाल पुत्र रमेश चन्द्र निवासी सुभाष नगर थाना तिर्वा तथा प्रदीप बाथम पुत्र विश्राम बाथम निवासी मंडी बाजार थाना तिर्वा बताया। वहीं चोरी के जेवरात खरीदने वाले सुनार ने अपना नाम गौरव सोनी पुत्र सुरेश सोनी निवासी सुभाष नगर थाना तिर्वा बताया। एसपी ने बताया कि इस गैंग में शामिल थाना तिर्वा निवासी विश्वास ताऊजी सुनार की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है, जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया एसपी ने बताया कि उक्त शातिर चोरो ने पूछताछ में बताया कि हम तीनो लोग दोस्त है और तिर्वा में किराये पर कमरा लेकर रहते है, जिस कस्बे में घटना करनी होती तो वहां सांय में घूमकर देख लेते हैं। जिस घर में बाहर से ताला लगा होता है, उसी घर को चिन्हित कर रात्रि में घर का ताला कटर से काट कर चोरी करते है। विगत 8 जून की रात्रि पाल चौराहे के पास घर में ताला कटर से काटकर घर के अन्दर से सामान चोरी किया था जो गौरव सोनी सुनार को तिर्वा में बेचा था उस घर से चोरी का सामान हमने लगभग 50 हजार का बेचा था और अन्य सामान तालाब में फेंक दिया था पूछताछ में इनके द्वारा अन्य चोरियां करना बताया गया जिसमें थाना तिर्वा में 03 और बकेवर , इटावा में 01 मुकदमा पंजीकृत है। चोरों के पास से पुलिस टीम ने दो ताला काटने वाले कटर तीन पेचकस व एक रेती बरामद की है। एसपी ने शातिर चोर गैंग के सदस्यों को पकड़ने वाली एसओजी व सदर कोतवाली पुलिस टीम की जमकर प्रशंसा करते हुए 25 हजार के ईनाम से पुरष्कृत किया है।

> चोरी के जेवरात खरीदने वाले सुनार को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार



# नगर पंचायत तालग्राम के भ्रष्टाचारों की मंत्री से की शिकायत

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**भाकियू** (स्वराज) के कार्यकर्ताओं ने राज्य मंत्री से मुलाकात कर आर्दश नगर पंचायत तालग्राम के भ्रष्टाचारों से कराया अवगत एवं जांच कराने की,की मांग। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) जिलाध्यक्ष (युवा मोर्चा) पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने कार्यकर्ताओं के साथ उत्तर प्रदेश सरकार में ÷नगर विकास विभाग÷ राज्य मंत्री राकेश राठौर ÷गुरुजी÷ से उनके आवास जनपद सीतापुर पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की तथा नगर पंचायत तालग्राम में हो रहे भ्रष्टाचारों से अवगत कराया। किसान नेता पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि नगर पंचायत तालग्राम में तहबाजारी के नाम पर अनियमित रुप से वसूली की जा रही है, वसूली के दौरान पक्षपात व मुहदेखी भी की जाती है, आउटसोर्सिंग कर्मियों में भी धांधली की जा रही है दर्जनों फर्जी आउटसोर्सिंग कर्मी दिखाकर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है, जिस कारण आउटसोर्सिंग कर्मियों की सूची को सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है ना ही उनके नाम व पद खोले जा रहे हैं तथा मा. पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत सरकार द्वारा प्राप्त 03 करोड़ की अनुदान राशि में भी बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया है जनहित में जिसकी जांच अति आवश्यक है। राज्य मंत्री द्वारा जल्द ही उक्त प्रकरणों की निष्पक्ष जांच एवं भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित सभी पर कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।इस दौरान जिला इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रसून उर्फ अन्नू यादव, राहुल तिवारी, अमित राठौर आदि मौजूद रहे।



# पुलिस व पीएसी ने रुटमार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

> अराजक तत्वों के विरुद्ध होगी कडी कार्रवाई: जेपी शर्मा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**ईद उल अजहा** के त्योहार से पूर्व नगर व क्षेत्र मे शांति व्यवस्था के उददेश्य से कोतवाली पुलिस व पीएसी बल के जवानों ने नगर मे रूटमार्च कर नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने कहा कि त्योहार पर अराजकता फैलानें वाले सलाखों के पीछे होंगे।

रविवार को स्थानीय कोतवाली मे बकरीद त्योहार पर सुरक्षा के उददेश्य से उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पहुंची पीएसी बल के साथ प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने नगर के मुख्य मार्गों जीटी रोड तिराहा से चौराहा तिर्वारोड, चकोररोड सहित तमाम मार्गो पर रुटमार्च कर जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उधर कोतवाली निरीक्षक जेपी शर्मा ने कहा कि त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाये रखनें के लिये कोतवाली पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। अराजक तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्सा नही जायेगा। इस अवसर पर कस्वा प्रभारी रोबिन सिंह, मझपुर्व चौकी प्रभारी विनय शर्मा, समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह, कांस्टेवल गजेन्द्र सिंह, अमन सिंह, गगन चौधरी, विनीत चौधरी, विनय कुमार, डेविट कुमार, आयुष्मान, सुधीर चौहान सहित तमाम पीएसी बल के जबान मौजूद रहे।



नगर में रुटमार्च करते पुलिस व पीएसी के जबान — समृद्धि न्यूज

## सर्प के काटनें से हुई किसान की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** खेत में पानी लगाते समय सर्प ने किसान को डस लिया। जिससे किसान की हालत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा किसान की हालत चिंताजनक होने के कारण जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने किसान को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार की सुबह क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर अनौगी निवासी 55 वर्षीय राकेश धोबी अपनी मूंगफली की फसल में पानी लग रहा था। खेत के बीचो-बीच सर्प की भाटी में पानी लगाते समय अचानक उसका पैर चला गया। जहां बैठे सर्प ने उसको डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई घटना को देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों द्वारा किसान को निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया लेकिन हालत चिंताजनक होने के कारण जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

# 21 जून तक नगर पंचायत में आयोजित होंगे योगा कार्यक्रम



ईदगाह के बाहर साफ सफाई अभियान चलाते सफाई कर्मी

**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**नगर पंचायत** में 15 जून से 21 जून तक कार्यालय परिसर व अन्य जगहों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योग सप्ताह का आयोजन शुरू हो गया है। ईद-उल-अजहा त्योहार को लेकर रविवार को समधन नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों द्वारा सभी ईदगाहों के बाहर व ईदगाहों तक आने जाने वाले रास्तों का देर शाम तक साफ़ सफाई अभियान चलाया गया बकरा ईद त्योहार को लेकर नगर पंचायत द्वारा सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर दी गई।

# खबरें चलते-चलते

## चोरों ने पीछे का दरवाजा तोड़कर घर से पार की नगदी व जेवरात



**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के अहेर गांव में शनिवार की रात चोरो ने एक घर में पीछे का दरवाजे से घुसकर लाखों की कीमत के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। सोमवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। अहेर गांव निवासी अहमद अली पुत्र अल्ला बक्श ने कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गर्मी अधिक होने के कारण वह परिवार समेत घर छत पर सो रहे थे। देर रात चोर घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर घर में घुस आए। कमरे में रखी बक्शे व अलमारी को खोलकर उसमें रखी हजारों की नगदी व लाखों की कीमत के जेवरात चोरी कर लिए। जब सुबह वह सोकर उठे, तो दरवाजा खुला देखकर उनके होश उड़ गए। जब वह कमरे में पहुंचे, तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। मामले में कोतवाली प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## नहर कोठी पर खड़ी झाड़ियों में लगी आग



**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** उमर्दा की गंग नहर कोठी के निकट खड़ी झाड़ियों में रविवार की दोपहर आग लग गई। आग की सूचना पर पहुँचे दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रविवार की दोपहर गंग नहर कोठी के निकट खड़ी झाड़ियों व सूखी घास में अचानक आग लग गई। आग की लपटों को देखकर आसपास मौजूद लोगों में हड़कम्प मच गया। लोगों ने आग लगने की जानकारी उमर्दा चौकी पुलिस व दमकल विभाग को दी। जानकारी मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है।

## समर कैम्प में बच्चों को शूटिंग, ताइक्कांडो, टेबल टेनिस और डांसिंग का दिया प्रशिक्षण



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** पुलिस लाइन में संचालित 15 दिवसीय समर कैंप में रविवार को बच्चों को शूटिंग, ताइक्कांडो, टेबल टेनिस और डांसिंग आदि का प्रशिक्षण दिया गया। वामा सारथी की अध्यक्ष एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द की पत्नी कामिनी कौशल के सौजन्य से पुलिस लाइन में संचालित 15 दिवसीय समर कैंप के दौरान प्रशिक्षकों ने 12वीं कक्षा तक के छात्रों को विभिन्न खेलों जैसे टेबल टेनिस, लॉन टेनिस ताइक्कांडो तथा शूटिंग आदि का प्रशिक्षण दिया। प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुलिस के साथ जुडकर,सकारात्मक संबंधों और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने का अवसर प्राप्त हो रहा है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद की इस पहल को कन्नौज पुलिस बच्चों को शैक्षिक और मनोरंजक अवसर प्रदान करने सहित हर क्षमता में जनपदवासियों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। समर कैंप आयोजन न केवल बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा बल्कि कानून प्रवर्तन और समुदाय के बीच के बंधन को भी मजबूती प्रदान करेगा।

# ईद-उल-अजहा त्योहार आज़,तैयारियां पूरी



**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**ईल-उल-अजहा** का त्योहार आज़ बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जायेगा जिसको लेकर सभी मुस्लिम लोगों ने त्योहार को मनाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली है। समधन नगर पंचायत कार्यालय द्वारा बकरा ईद त्योहार को लेकर सभी ईदगाहों के बाहर साफ़ सफाई से लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई ईदगाहों पर नमाज़ पढ़ने वाले लोगों के लिए पानी टैंकरो की व्यवस्था व मुख्य सड़क से लेकर पूरे नगर की गलियों चूना कलई डालने साफ़ सफाई आदि कार्य पूरे कर लिए गए हैं। आपको बता दें मुस्लिम लोग ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कर अपने-अपने घरों में पहुंचकर जानवरों की कुर्बानी करनें व करवाने का सिलसिला चलाते हैं। एक दूसरे के गले मिल ईद की मुबारकबाद देते हैं। हिन्दू मुस्लिम एकता आपस में भाईचारे के साथ मुस्लिम लोग ईद का त्योहार मनाते हैं। नगर पंचायत समधन अध्यक्ष आसमा बेगम के प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी ने नगर व क्षेत्र वासियों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद देते हुए नगर की आवाम से अपील की हैं की आपसी भाईचारे के साथ बकरा ईद का त्योहार मनाएं साथ ही खुले स्थान पर कुर्बानी न करें। और कुर्बानी का अवशेष किसी भी सार्वजनिक व खुले स्थान पर न फेंकें। एक बात का खास ख्याल रखें कुर्बानी करतें समय वीडियो या फोटो न खींचें।

# श्रद्धालुओं द्वारा शहर में सैकड़ों स्थान पर सरवत पंडाल लगाकर वितरित किया

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**गंगा दशहरा** के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा शहर में सैकड़ो स्थान पर सरवत पंडाल लगाकर वितरित किया। गंगा दशहरा के पावन पर्व पर कल शाम से ही ग्रामीण क्षेत्र से ट्रैक्टर डीसीएम छोटा हाथी से श्रद्धालु संगी ऋषि के घाट सिंधी रामपुर घटियाघाट के लिए रवाना हुए आज वापस के समय श्रद्धालुओं द्वारा फर्रुखाबाद रोड सिंगीरामपुर रोड श्रद्धालु मैं पूरी सब्जी पानी के शरबत का पंडाल लगाकर गंगा स्नान कर कर वापस लौट रहे भक्तों को वितरित किया शहर के सौरिख तिराहे अस्पताल रोड चौराहे पर सूरज अल्ट्रासाउंड पर मनोज दीक्षित,प्रदीप दीक्षित व डाक्टर दिवाकर श्रीवास्तव ने दशहरे के अवसर पर लोगो को शरबत वितरण किया वही रोडवेज बस स्टेशन बजरिया मोहल्ला तिराहे, पूजा गददा हाउस के पास, पीपल वाली गली सब्जी मंडी पर श्रद्धालुओं ने पांडाल लगाकर शरवत वितरण किया गया इस अवसर पर सजीव दीक्षित, आलोक दीक्षित, सूरज दीक्षित,विनय पाण्डेय,विकास चतुर्वेदी,नितिन शाक्य, रामू सक्सेना,अनुराग शाक्य, दिव्या त्रिपाठी मौजूद रहे।



## स्टॉल लगाकर एवं रास्ते पर आने जाने वालेशुद्ध शीतल मीठा पेयजल पिलाया गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** गंगा दशहरा के पर्व पर भारतीय किसान यूनियन बलराज के प्रदेश एवं जनपद के पदाधिकारी के द्वारा तालग्राम छिबरामऊ रोड पर स्टॉल लगाकर एवं रास्ते पर आने जाने वाले वाहन स्वामियों से निवेदन कर एवं रोक कर शुद्ध शीतल मीठा पेयजल पिलाया गया। इसका शुभारंभ प्रदेश मीडिया प्रभारी संतोष पाठक एवं प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अवधेश सिंह प्रदेश महामंत्री इंजीनियर सौरभ यादव जिला अध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह जिला सचिन श्री देवेंद्र सिंह एवं प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट अरुण यादव एवं जिला अध्यक्ष बिधिपकोष्ठ एडवोकेट ऋतिक पाठक व मन्डल मीडिया प्रभारी कौशल व मेरे संगठन के पदाधिकारी राजन सिंह आमिर खान आदि समस्त कार्यकर्ताओं ने गंगा दशहरा पर्व पर मीठा शरबत तैयार कर वितरित किया।

# आजाद जी नगीना से सांसद बनने पर आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांट कर खुशी का इज़हार किया

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**निगोह** मे भीम आर्मी चीफ आजाद समाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एंड चन्द्रशेखर आजाद नगीना से सांसद बनने पर आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांट कर खुशी का इज़हार किया। इस मौके पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष वीरू खरे ने कहा कि बहुजनों मे लहर की खुशी है एंड चन्द्रशेखर आजाद अपने दम पर चुनाव जीते है अब समय एंड चन्द्रशेखर आजाद का है बहुजनों का नया सूर्य उदय हुआ समाज को एंड चन्द्रशेखर आजाद जी से आशा और विश्वास है व आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने निगाना की आवाम का व भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओ का शुक्रिया अदा किया और कहा कि राजा अब रानी के पेट से व विरासत से नही बनेगा अब राजा संघर्षो जमीनी स्तर का बनेगा दलितों को अपना नया नेता मिल गया है नगीना की जनता ने सत्ता मे रही पार्टियो को नाकार एक संघर्षशील व आंदोलनकारी को संसद में पहुंचाया है और गौतम ने कहा कि कि 2027 के विधानसभा का चुनाव आजाद समाज पार्टी मजबूती के साथ सभी सीटों पर चुनाव लडकर आजाद समाज पार्टी का परचम लहराएगे और मुख्यमंत्री बनेगे एंड चन्द्रशेखर आजाद जी इस मौके पर मण्डल उपाध्यक्ष विजय गिहार, जिला मंत्री अजय प्रधान, विधानसभा सचिव शनी गौतम, मीडिया प्रभारी अनुज रावण,शिवा, मोनू गौतम, आजाद,अरूण,आदि लोग मौजूद रहे।



**आस्था** — हर-हर गंगे के जयकारों से गूंजा गंगा तट, जिले के सभी गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

# गंगा दशहरा पर्व पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**रविवार को** गंगा दशहरा पर्व पर जिले के सभी गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मेहंदीघाट गंगा तट पर दूर-दराज जिलों से लोग गंगा स्नान के लिए पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं ने बड़े ही श्रद्धा भाव से गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर गंगा तट के आसपास बने मंदिरों में पूजा अर्चना की। भारी भीड़ के चलते हरदोई-कन्नौज रोड पर जाम लग गया। यहां एम्बुलेंस समेत जिले के आला अफसरों की गाड़ियां फंस गईं। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर यातायात व्यवस्था सुचारू की।

गंगा दशहरा पर्व पर प्रतिवर्ष कन्नौज में हजारों की संख्या में श्रद्धालु मेहंदीघाट पर गंगा स्नान के लिए आते हैं। दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुजन पर्व से एक दिन पूर्व गंगा तट पर डेरा जमा लेते हैं और अगले दिन भोर होते ही गंगा स्नान कर पूजन अर्चन करने के बाद अपने-अपने घरों की ओर रवाना होने लगते हैं। रविवार को भी गंगा स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे और स्नान कर पूजा-पाठ किया। मान्यता है कि अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए भागीरथ इसी दिन गंगा को धरती पर लेकर आए थे। तभी से गंगा स्नान और पूजा-पाठ की परंपरा चली आ रही है। यही वजह है कि कन्नौज के मेहंदीघाट पर हर साल गंगा स्नान के लिए भारी भीड़ उमड़ती है। यहां श्रद्धालुओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन की ओर से तमाम व्यवस्थाएं की जाती हैं। पुलिस की ओर से सुरक्षा और जाम से निपटने के प्रबन्ध किये जाते हैं। जिससे श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इस वर्ष भी गंगा दशहरा से पहले प्रशासन ने तमाम तैयारियां कीं। लेकिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने के चलते प्रशासन के सभी इंतजाम धरे के धरे रहे गए। रविवार को भोर होते ही हरदोई-कन्नौज रोड पर भीषण जाम लग गया। ऑटो, ई-रिक्शा और ट्रैक्टरों की वजह से श्रद्धालुओं को घण्टों जाम में फंसना पड़ा। भीषण गर्मी में लगे जाम में एम्बुलेंस और अधिकारियों की गाड़ियां भी फंसी रहीं। जाम में महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक समस्या का सामना करना पड़ा।



## गंगा स्नान करने पहुंचा श्रद्धालु हुआ लापता

कन्नौज, समृद्धि न्यूज। गंगा दशहरा पर्व पर मेहंदीघाट गंगा स्नान के लिए मध्यप्रदेश के भिंड जिले से पहुंचे ब्रजपाल के 50 वर्षीय बहनोई रघुवीर लापता हो गए। ब्रजपाल ने बताया कि जब वह गंगा स्नान कर के पूजा-पाठ करने लगे, उसी समय भिंड जिले के दखिनाई गांव निवासी उनके बहनोई गंगा में स्नान करने गए, लेकिन काफी देर इंतजार करने के बाद भी वह वापस नहीं लौटे। उनकी काफी खोजबीन की। पुलिस को भी सूचना दी, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। गंगा में बहनोई की तलाश के लिए गोताखोरो को बुलाया गया, लेकिन खबर लिखे जाने तक उनका पता नही चल सका था।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़







# गंगा दशहरा पर भक्तों ने हर-हर गंगे के बीच मां भागीरथी में लगायी डुबकी

- श्रद्धानुसार गंगापुत्रों को किया दान, पुल पर पूरे दिन लगा रहा जाम, हुई मारपीट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



गंगा में डूबके लगाते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

**गंगा दशहरा** की पूर्व संध्या से शुरू हुआ भक्तों का सैलाब सुबह होते-होते महाकुम्भ में बदल गया। भक्तों ने पूरे श्रद्धाभाव से गंगा में हर-हर गंगे के बीच आस्था की डुबकी लगायी और दान दक्षिणा देकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस तैनात रही। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते पुल पर पूरे दिन जाम लगा रहा। बताते चलें कि गंगा दशहरा पर स्नान और दान का विशेष महत्व है। जिसके चलते पौ फटते ही भक्तों का पांचाल घाट पर पहुंचना शुरु हो गया। इस दौरान लोगों ने गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। गंगा घाट पर हर-हर गंगे की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। भीड़भाड़ और जाम से बचने के लिए लोग सुबह सवेरे ही अपने घरों से निकले और ब्रह्म मुर्हूत में स्नान किया। इसके बाद से श्रद्धालुओं का गंगा तट पर आना जाना लगा रहा। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुए और सूर्य देव को अर्घ्य देकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद गंगा पुत्रों और साधुओं को आटा, चावल, उड़द, गुड़, शर्बत व पंखे आदि का श्रद्धानुसार दान किया। वहीं महिलाओं ने गंगा मइया को पहनावन चढ़ायी। भक्तों की भारी भीड़ के चलते पुल पर जाम की स्थिति रही। यहां पर तैनात पुलिसकर्मियों को इस दौरान खासी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर कई उचक्कों ने भक्तों की पर्स व सामान पार कर दिया। भीड़भाड़ के चलते पुलिस प्रशासन द्वारा रुट का डायवर्जन किया गया, लेकिन इसके बावजूद भी जाम लग गया। जिससे लोगों को निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## एसपी की रुटडायवर्जन व्यवस्था हुई तार-तार

फर्रुखाबाद। गंगा दशहरा के लिए पुलिस प्रशासन की तैयारी धरी रह गयी। जिससे रूट डायवर्जन फेल होने से बड़े वाहनों ने जाम लगा दिया। लोग घंटों भीषण गर्मी और तेज धूप में फंसे रहे। छोटे-छोटे बच्चे पसीने से तरबतर हो गये और रोते बिलखते नजर आये। जाम का आलम यह था कि पैदल निकलने तक की जगह नहीं थी। जिससे लोग व्यवस्था को कोसते नजर आये। लोगों का कहना था कि प्रशासन की सारी तैयारियां धरी की धरी रह गयीं। वहीं मरीजों को ले जा रहीं एम्बुलेंस भी नहीं निकल सकीं। वह जाम में अपने सायरन बजाती रहीं। वहीं तीमारदार लोगों के हाथ जोड़ते रहे कि रास्ता दे दो हम निकल जायें। बाहर से आ रहे लोग बसों से उतर गए और परिवार समेत पैदल ही चल दिए। वहीं जाम के दौरान लोगों में मारपीट भी होते देखी गयी।



पांचालघाट पर लगा जाम — समृद्धि न्यूज

## नगर में जगह-जगह शर्बतों के लगे स्टाल

फर्रुखाबाद। गंगा दशहरा पर दान पुण्य का बहुत महत्व है। इसीलिए नगर में जगह-जगह समाजसेवियों ने शर्बत का वितरण किया। वहीं कई स्थानों पर कचौड़ी सब्जी का भी वितरण किया गया। नगर के लाल दरवाजा, डिग्गीताल, आवास विकास, बढ़पुर, चौक, रेलवे रोड, किराना बाजार, लोहाई रोड, लाल सहाय, कादरीगेट, नीबाचुअत आदि स्थानों पर शर्बत के स्टाल लगाये गये। जहां पर गर्मी से राहत पाने के लिए राहगीरों ठंडा शर्बत पिया। जिससे उनकी आत्म तृप्त हो गयी। शर्बत वितरण का शुरु हुआ सिलसिला शाम तक जारी रहा। वहीं घरों में भी महिलाओ ने शर्बत का कन्याओ को दान किया और उन्हें श्रद्धानुसार दान दक्षिण दी।

# खबरें चलते-चलते

## सूर्य मन्दिर में दानपत्र के ताले तोड़कर चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीती रात चोरों ने सूर्य मन्दिर के दानपात्र को तोड़कर उसमे रखे हजारों रूपये की नकदी चोरी कर ली। जानकारी होने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। थाना क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर में सूर्य मन्दिर रिलायंस पम्प के निकट स्थित है। जिसमे बीती रात चोरों ने घटना को अंजाम दिया। मन्दिर के पुजारी अर्पित मिश्रा निवासी प्रतापगढ़ मन्दिर की पहली मंजिल पर स्थित कमरे में सो रहे थे। चोरों ने कमरें का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। जिसके बाद पहली मंजिल और दूसरी मंजिल पर रखे दानपात्र को तोड़कर हजारो की नकदी साफ कर दी। सुबह पुजारी के उठने पर कमरा बाहर से बंद मिला। जिसके बाद पता चला कि मन्दिर की दोनों तिजोरी टूटी पड़ी है और नकदी गायब है। मन्दिर के व्यवस्थापक मनोज शुक्ला ने बताया कि तिजोरी में लगभग 50 हजार के आसपास की नकदी होनी चाहिए। सूचना पर डायल 112 पुलिस ने मौके पर आकर जांच की। सीसीटीवी के खराब होने का चोरों को फायदा मिला।

## रुपयों का तकादा करने पर युवक को ससुरालीजनों ने पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा के थाना सरायअगहत के गाँव नगला कोठिया निवासी अवधपाल सिंह पुत्र वीरपाल सिंह ने कायमगंज कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है उसकी पत्नी शीतला देवी अपने मयके मे है। मैने अपने ससुर जोगराज को 40 हजार रुपये तथा साले आकाश को 30 हजार रुपये दिये थे। उधार दिये हुये पैसे को लेने आज मैं अपनी ससुराल कायमगंज क्षेत्र के गॉव गौरपुर गया था। जैसे ही मैंने ससुर जोगराज तथा साले आकाश से अपने पैसे माँगे, तभी ससुर, साल, सॉस मालतीदेवी, चचिया ससुर कन्हैया ने एक राय होकर हमारे साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त सभी ससुरालीजनो ने हमे लात-घूसों व लाठी-डन्डो से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित दामाद की तहरीर के आधार पर सास, ससुर, साले, चचिया ससुर के विरुद्ध मामला दर्ज कर पीड़ित दामाद अवधपाल का मेडीकल परीक्षण करवाया।

## नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की दी तहरीर

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गयी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने कुसज्जापुर निवासी शिवम शर्मा पुत्र सुरेश शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि यह मेरी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया है। पुत्री अपने साथ 25 हजार रुपया नगद तथा सोने की बाली व झाले भी ले गई है। मेरी पुत्री को भगाने मे कल्लू, सोबरन, पुष्पेन्द्र, आकाश, अर्जुन ने सहयोग किया है।

## मार्ग दुर्घटना में चार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना मे क्षेत्र के गांव अल्लाहपुर निवासी कमलेश (50) व मुकेश (30), जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर के गांव कैला निवासी शिवा (20) व थाना मेरापुर के गांव चंदुइया निवासी रामबली घायल हो गए। सभी घायलों को आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चारों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## बुलेरो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के गॉव कैला निवासी शिवा उम्र 22 वर्षीय पुत्र रूप सिह शाक्य अपने गाँव के दोस्त दिव्याश उम्र 21 वर्षीय पुत्र प्रीतम सिंह के साथ बाइक द्वारा दशहरा पर गंगा नहाने ढाईघाट शमसाबाद जा रहा था। जैसे ही वह ग्राम बरझाला के निकट पहुंचा, तभी पीछे से आ रही बुलेरो ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगो की मदद से दोनो घायलो को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे लाकर भर्ती कराया।

# कार सवारों ने सेल्फी प्वाइंट को तोड़ा, होमगार्ड पर चढ़ायी

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार सवारों को लिया हिरासत में

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**



होमगार्ड से अभद्रता करते कार सवार लोग — समृद्धि न्यूज



कार सवारों का डाक्टरी परीक्षण करवाती पुलिस

**कार सवारों** ने सेल्फी प्वाइंट को तोड़ते हुए कार होमगार्ड पर चढ़ा दी। जिससे एक होमगार्ड घायल हो गया, जबकि दूसरे ने कूटकर अपनी जान बचायी। विरोध करने पर कार सवारों ने हाथापायी कर दी। पुलिस ने कार सवारों को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार बीती रात कम्पिल थाना क्षेत्र के गॉव त्योरखास निवासी होमगार्ड रमेश मिश्रा अपने साथी होमगार्ड दिनेश निवासी रुटौल थाना कायमगंज के साथ कोतवाली कायमगंज नगर के पुलगलिब पुलिया पर पिकेट ड्युटी कर रहे थे। रात्रि लगभग 12 बजे तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने जैसे की मोड़ना चाहा, उसी दौरान चार पहिया वाहन नगर पालिका द्वारा बनाये गये सेल्फी प्वाइंट से जा टकराया। जिससे डियूटी पर तैनात होमगार्ड रमेश मिश्रा ने जब रोकने का प्रयास किया, तो कार सवारो ने कार होमगार्ड पर चढ़ा दी। जिससे होम गार्ड रमेश मिश्रा गम्भीर रूप से घायल हो गये, जबकि साथी होमगार्ड दिनेश ने कूदकर जान बचाई। विरोध करने पर कार चालक ने होमगार्ड रमेश मिश्रा के साथ हाथापाई कर दी। पुलगलिव पुलिया पान विक्रेता ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

मौके पर कस्बा चौकी इन्चार्ज विद्या सागर तिवारी मय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और कार सवारों अतुल व अनुपम पुत्रगण रमेशचंद्र निवासी ऊगरपुर शमशाबाद, मां निर्मला देवी को हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले आये। जहां सीएचसी में सभी का डाक्टरी परीक्षण कराया। बताते चलें कि कार सवार कंपिल थाना क्षेत्र के गांव त्योरखार में तेरहवीं संस्कार से लौट रहे थे और शराब के नशे में थे।

# समाजसेवियों ने स्टाल लगाकर वितरित किया शर्बत व पूड़ी सब्जी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**गंगा दशहरा** के अवसर पर समाज सेवियों ने कस्बे में जगह-जगह स्टॉल लगाकर शर्बत का वितरण किया।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज में संभ्रात तथा समाजसेवी लोगों ने कस्बे में जगह-जगह स्टॉल लगाकर पूड़ी सब्जी व शर्बत का प्रसाद वितरण किया। वहीं कस्बे के व्यापारी अरविंद प्रताप के दिल्ली प्लाईवुड तथा दुष्यंत कश्यप के अनु टेंट हाउस के प्रतिष्ठानों पर लोगों को गन्ने का जूस पिलाया गया। गन्ने का जूस पीने के लिए लोग काफी संख्या में पहुंचे और ठंडा जूस पीकर गर्मी से राहत महसूस की। इस मौके पर समाज सेवी दिल्ली प्लाई बोर्ड के मालिक अरविंद प्रताप तथा अनु टेंट हाउस के मालिक दुष्यंत कश्यप, संजीव कश्यप, बिंद्रा प्रसाद, नीलेश गंगवार, मुकेश कश्यप, गुड्डू सक्सेना सहित तमाम संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे। वहीं मोहम्मदाबाद रोड पर उदयवीर सिंह आचार्य के प्रतिष्ठान पर लोगों ने स्टॉल लगाकर लोगों को पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर समाज सेवी उदयवीर सिंह आचार्य, डॉक्टर दौलत राम, नवाबगंज नगर पंचायत के अध्यक्ष अनिल राजपूत, राजेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



पूड़ी सब्जी का प्रसाद बांटते समाजसेवी

# मेले में गुम हुई बच्ची होमगार्ड को मिली

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मेले में** गुम हुई बच्ची होमगार्ड के जवानों के पास जा पहुंची। होमगार्ड के जवानों ने बच्ची को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार रविवार को गंगा दशहरा पर्व होने के कारण ढाईघाट शमशाबाद ग्रामीणों की गंगा स्नान करने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। नन्हीं देवी पत्नी जोगिंदर सिंह निवासी उनरपुर सराय अगहत थाना अलीगंज जनपद एटा भी गंगा स्नान करने के लिए आयी थीं। महिला के साथ एक पांच वर्षीय बच्ची रिया भी थी। गंगा स्नान के दौरान अचानक बच्ची गुम हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। आनन-फानन में परिजनों द्वारा गुम हुई बेटी की खोजबीन की गयी, लेकिन रिया नहीं मिली। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने बच्ची की खोजबीन शुरु की। आखिर में बच्ची मेले की सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालने वाले होमगार्ड के जवानों के पास मिली। बच्ची को देखते ही परिजनों के मुरझाये चेहरे पर खुशी लौट आयी।



गुम हुई बच्ची

## युवक से बदमाशों ने छीनी साइकिल, नकदी व मोबाइल

**जहानगंज, समृद्धि न्यूज।** मेडिकल स्टोर से घर जा रहे युवक से बदमाशों ने मोबाइल, नकदी व साइकिल छीन ली और फरार हो गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। दी गयी तहरीर में पीड़ित हृदयेश कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी कंझाना थाना जहानगंज का निवासी है। पीड़ित दिनांक 15.06.2024 को समय करीब 8.20 बजे शाम को अपने चाचा के मेडिकल बघार से अपने घर कंझाना जा रहा था, तभी रास्ते में ग्राम चौकी महमदपुर निवासी रोहित पुत्र नामालूम, अभिषेक पुत्र नामालूम व तीन अज्ञात लोगों ने गौशाला चौकी महमदपुर के सामने पीड़ित के पास से साइकिल व मोबाइल सेमसंग कंपनी का व दस हजार की नकदी छीन ली। जब पीड़ित ने विरोध किया, तो उपरोक्त लोगों ने धमकी दी कि चुप रहो वरना जान से मार दूंगा। पीड़ित डर के कारण चुपचाप खड़ा रहा। उपरोक्त लोग पीड़ित का सामान लेकर भाग गये।

# श्रद्धालुओं ने गंगा दशहरा पर किया स्नान, पुरोहितों को दिया दान

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**रविवार को** गंगा दशहरा पर्व होने के कारण ढाईघाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के बीच गंगा में डुबकी लगायी और सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके साथ ही साथ गंगा पुत्रों को श्रद्धानुसार दान दक्षिण दी। जानकारी के अनुसार गंगा दशहरा पर दान पुण्य का बहुत महत्व है। इसलिए भक्तों ने पौ फटते ही पांचाल घाट पर पहुंचकर हर-हर गंगे के बीच डुबकी लगायी और दान पुण्य किया। प्रशासन द्वारा कोई इंतजाम न किये जाने से जाम लग गया। हालांकि रुट डायवर्ट किया गया था, लेकिन इसके बाद भी भारी भीड़ के चलते व बड़े वाहनों के प्रवेश से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी। जिससे भक्तों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गुस्सायी पुलिस ने कई वार श्रद्धालुओं पर डंडा चला दिया। सुबह से दोपहर तक ढाईघाट शमशाबाद मार्ग पर जाम के हालात देखे गए। किसी अनहोनी के चलते पानी में सांकेतिक बोर्ड लगाये गये थे। महिला स्नार्थियों के लिए भी सुरक्षित स्नान की व्यवस्था की गई थी। भीड़ इतनी थी पुलिस को संभालना मुश्किल हो रहा था। लोगों का कहना था इस बार गंगा मईया में श्रद्धालुओं को जमकर स्नान करते हुए देखा गया। प्रशासन द्वारा गोताखोरों को भी लगाया गया था। वहीं नगर में जगह-जगह गंगा दशहरा पर्व के चलते शर्बत के स्टाल लगाये गये थे। लोगों ने ठंडी शर्बत पीकर गर्मी से राहत महसूस की।



ढाईघाट गंगा तट पर स्नान करते श्रद्धालु — समृद्धि न्यूज

# विद्युत लाइन से निकली चिंगारी से जली गृहस्थी, भैंस जली

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**विद्युत की** जर्जर लाइन आपस में छू जाने से निकली चिंगारी से झोपड़ी जलकर राख हो गयी। साथ ही उसमें रखा सामान व एक भैंस जलकर घायल हो गयी। एसडीएम व थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा लेखपाल को क्षति का आंकलन करने के निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम कोलासोता के मजरा बेचेपट्टी निवासी कमला प्रसाद पुत्र राम लखन तिवारी की झोपड़ी के पास से विद्युत की लाइन निकली है। जर्जर तार झूलते हुए आपस में टकरा गये। जिससे निकली चिंगारी झोपड़ी पर आ गिरी। जिससे झोपड़ी देखते ही देखते धू-धू कर जलने लगी। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तेज हवा व लू के चलते ग्रामीणों की कोशिश नाकाफी साबित हुई और देखते ही देखते झोपड़ी में रखा समस्त घरेलू सामान जल गया। पड़ोस में बंधी भैंस को बचाने में उसका पुत्र शिवम व पुत्री शिवांगी झुलस गये। कमल प्रकाश तिवारी ने बताया कि दुकान में नगदी व 5 लाख का सामान जलकर राख हो गया। घर में रखे 4 कुंतल गेहूं, 40 किलो चावल, रजाई, गद्दा, गृहस्थी का सामान भी जल गया। आग की लपटे गेहूं काटने वाले थ्रेसर में भी जा पहुंची। जिसको ग्रामीणों ने पानी डालकर बुझा लिया। पड़ोस के कृष्ण मुरारी पुत्र देशराज के घर में लगे 10 कुंतल गेहूं, धान, सरसों, पूरा गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गया। सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही एसडीएम अमृतपुर रविंद्र सिंह, थाना अध्यक्ष अमृतपुर मीनेश पचौरी, क्षेत्रीय लेखपाल वरुण यादव, हलका इंचार्ज कल्लू सिंह, चौकी इंचार्ज जगभान सिंह मौके पर पहुंचे। फायरए ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पीड़ित का घरेलू सामान जलकर राख हो चुका था। एसडीएम अमृतपुर रविंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की आग से हुई क्षति का आंकलन किया जा रहा है। भैंस के इलाज के लिए पशु चिकित्सक को सूचना दे दी गई है। लेखपाल द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जल्द से जल्द अग्नि पीड़ित को नियमानुसार सहायता उपलब्ध करा दी जाएगी।



जली गृहस्थी दिखवाते ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में उच्च रक्तचाप व योग पर हुई संगोष्ठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

मुख्य सचिव आयुष के निर्देशानुसार मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज में दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर रविवार को कालेज में उच्च रक्तचाप एवं योग पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। नोडल अधिकारी डा0 संतोष कुमार मिश्रा चिकित्साधिकारी ने कहा कि उक्त रक्तचाप तब होता है जब धमनी लगातार 130/80 या अधिक होता है। लक्षण रहित होने पर इसका प्रबंधन किया जा सकता है और उचित योगा आसन श्रेणियों में सामान्य है। उच्च रक्तचाप मुख्य कारण अज्ञात है, लेकिन धूम्रपान, शराब का सेवन, अत्याधिक सोडियम का सेवन, शारीरिक गतिविधिया की कमी और तनाव जैसे कारक इसे प्रभावित करते है। उच्च रक्तचाप को कम व रोकने के लिए नियमित रुप से व्यायाम करें। व्यायाम जैसे योगा आसान व मेडिटेशन करके उच्च रक्तचाप को रोका जा सकता है। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए रोग निदान विभाग के प्रोफेसर डा0 सुनील कुमार गुप्ता ने उच्च रक्तचाप के विषय में एवं योगासन व प्राणायाम से कैसे ठीक कर रोगी को कैसे स्वस्थ्य एवं एवं तनाव मुक्त रखा जाये इस पर चर्चा करते हुए बताया कि उच्च रक्तचाप आमतौर पर स्फिग्मो मैनोमीटर का उपयोग करके मापा जाता है। जिसमें स्टेथो स्कोप, कफ, डायल, पेय और वाल्व शामिल होते है। इसे दो संख्याओं के रुप में दर्ज किया गया है। सिस्टोलिक और डायस्टोलिक दबाव अगर आपका ब्लड प्रेशर 90/90 या इससे कम है तो इस स्थिति को लो ब्लक प्रेशर माना जाता है। अगर आपका ब्लड प्रेशर 90/60 से ज्यादा और 120/80 से कम है तो आपकी स्थिति स्वस्थ्य और आदर्श मानी जाती है। यदि आपका रक्तचाप 120/80 और 190/90 के बीच है तो इस स्थिति को सामान्य रक्तचाप माना जाता है। बताया गया कि रक्तचाप की रोकथाम पौष्टिक भोजन खाए, अपने रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद के लिए आपको खाने में सोडियम (नमक) की मात्रा को सीमित करना चाहिए और अपने आहार में पोटेशियम की मात्रा बढ़ानी चाहिए। व्यायाम व प्राणायाम को नियमित रुप से करके आप वजन को कम कर सकते है और रक्तचाप को भी कम कर सकते है। इस अवसर पर प्रोफेसर डा0 अंजना दीक्षित (प्राचार्या), डा0 अरुण कुमार पाण्डेय, डा0 अरीमर्दन सिंह, डा0 पीयूष माधव, डा0 नाराविजय लक्ष्मी, डा0 श्वेता सिंह राठौर, डा0 सुकीर्ति गुप्ता, डा0 ज्योति गुप्ता, डा0 मनोज चतुर्वेदी व स्टाफ मौजूद रहा।



संगोष्ठी में मौजूद मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक — समृद्धि न्यूज

## साले बहनोई गंगा में डूबे, बहनोई की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगा दशहरा पर स्नान करने आये साले बहनोई अचानक डूब गये। साले को पहले ही बचा लिया, वहीं बहनोई को लगभग आधा घंटे बाद निकाला गया और परिजन लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ उसे चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार जनपद आगरा के फतेहाबाद ताजगंज तोरा निवासी 35 वर्षीय यतेन्द्र प्रताप राजपूत पुत्र सत्यवीर अपनी पत्नी रुमा, साले राम सेवक आदि के साथ पांचाल घाट पुरानी घटिया पर गंगा नहाने आये थे। अचानक यतेन्द्र व उसका साला राम सेवक डूब गये। रामसेवक को बचा लिया गया, जबकि यतेन्द्र को आधा घंटे बाद निकाल कर लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां डॉ0 नीरज वर्मा ने मृत घोषित कर दिया। रामसेवक ने बताया कि उनकी बहन रूमा व भांजा शिवांश भी साथ ही आया है। जिनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जानकारी के अनुसार परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से इनकार कर दिया।

# संस्कार भारती द्वारा चल रही कार्यशाला का हुआ समापन

▸ छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम किये प्रस्तुत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अखिल भारतीय** संस्था संस्कार भारती द्वारा एक माह तक चलने वाली कार्यशाला का समापन हुआ। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि पल्लव सोमवंशी, प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी, प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पांडेय, सुनील अग्रवाल, डॉ0 नवनीत गुप्ता एवं कला साधकों ने दीप प्रज्वलन एवं ज्ञान की देवी सरस्वती का पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। छात्रों ने बंधन एवं ध्येय-गीत के साथ दीक्षान्त समारोह में नृत्य, कथक नृत्य के साथ ईश वंदना, गुरु वंदना कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने कहा संस्कार भारती के राष्ट्र भक्त कला साधक जिन्होंने एक माह बच्चों में जीवन का लक्ष्य, जीवन जीने की शैलीय संस्कारों द्वारा ज्ञान के दीपकों को प्रज्वलित किया। उन्होंने सदैव समाज और परिवार में ज्ञान का दीप से दीप जलाए रखने का आवाह्न किया। उन्होंने वे सच्चे देशभक्त है जो राष्ट्र भक्ति के साथ अच्छे नागरिक निर्माण करने का कार्य कर रहे हैं और नया भारत निर्माण में सहयोग दे रहे हैं। एक माह तक छात्र-छात्रों को कलाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया, उन सभी का आभार व्यक्त किया। सुरेंद्र पांडेय ने कहा कि अखिल भारतीय स्तर पर 8 विधाये, 64 कलाओं में संस्कार भारती कार्य कर रही हैं। कला के इष्ट देव नटराज भगवान





कार्यक्रम का शुभारम्भ करती प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी व डांडिया नृत्य प्रस्तुत करती छात्रायें — समृद्धि न्यूज

शंकर 16 कलाओं के अवतारी, भगवान कृष्ण की परंपरागत सनातन संस्कृति का कार्य संस्कार भारती के कला साधक गुरु शिष्य की परंपरा में कर रहे हैं। डॉ0 पल्लव सोमवंशी ने कहा वर्तमान समय में जबकि मानव जीवन मोबाइल संकट में व्यस्त रहता है, तो ऐसे समय में वैश्वीकरण युग में पश्चात संकेत प्रभाव पर चिंता व्यक्त की। ऐसे समय में संस्कार भारती भारतीय संस्कृति में परिवार बनाने का कार्य कर रही है और पाश्चात्य संस्कृति बाजार उत्पन्न कर रही है। दोनों में बड़ा अंतर है। परिवार में संस्कार होते हैं और बाजार में स्वार्थ उपभोक्ता उत्पन्न होते हैं। संस्कार भारती के सदस्य भारतीय संस्कृति को संरक्षण दे रहे हैं, बच्चों में पारिवारिक संस्कार देने की सहाराना की और सभी का आभार व्यक्त किया। कथक नृत्य में संगीत नाटक अकादमी लखनऊ से सुस्मिता शुक्ला एवं कुंवारी स्नेहा श्रीवास्तव, लोक नृत्य रजनी लौगवानी एवं कोमल शर्मा, ढोलक किरण त्रिवेदी, सिलाई कढ़ाई साधना श्रीवास्तव, चित्रकला हस्तकला नेहा श्रीवास्तव, मेहंदी प्रिया वर्मा, सौंदर्य कला (ब्यूटीशियन) में हेमलता श्रीवास्तव, रंगोली विधा में साधना श्रीवास्तव, हेमलता श्रीवास्तव के निर्देशन में लगभग ढाई सौ छात्र-छात्राओं को कला के माध्यम से आत्म निर्भर किया गया। छात्रों ने गीत संगीत के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कत्थक भाव नृत्य में गुरु वंदना, महाभारत की कथाओं पर मनमोहक भाव नृत्य की प्रस्तुति दी। दूसरी ओर लोक नृत्य लावणी नृत्य, डांडिया नृत्य के माध्यम से छोटे-छोटे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया और बच्चों को पुरस्कार भी दिए गए। कार्यशाला शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। डॉ0 नवनीत गुप्ता अध्यक्ष, कुलभूषण श्रीवास्तव सचिव, नरेंद्र नाथ मिश्रा, सर्वेश श्रीवास्तव, अरविंद दीक्षित, रविंद्र भदौरिया, प्रितु वर्मा, अनुभव सारस्वत, संजय गर्ग, निमिष टंडन, डॉ0 ज्योति गुप्ता, पूनम पांडेय ने आभार व्यक्त किया। संचालन अरविंद ने किया। छात्र-छात्राओं को उनके अभिभावकों व नगारिकों ने प्रोत्साहित किया। अनिल प्रताप सिंह, अनुराग पांडेय रिंकू, भूपेंद्र प्रताप सिंह, अर्पण शाक्य, उपकार मणी उपकार, राकेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, समरेंद्र शुक्ला, आदेश अवस्थी, दिलीप कश्यप, राज गौरव पांडेय, अमित सक्सेना आदि ने बच्चों को पुरस्कार दिए। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम गीत के साथ हुआ।

## गंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाकर किया गया जागरुक

▸ लोगों को दिलायी गंगा को स्वच्छ रखने की शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**गंगा समिति** के तत्वाधान में गंगा दशहरा के अवसर पर पांचाल घाट पर गंगा दूतों ने मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। जिला परियोजनाधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल के निर्देशन में उपस्थित सभी युवाओं ने गंगा घाट पर भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं को मां गंगा के पावन तट को स्वच्छ रखने एवं गंगा के जल को शुद्ध रखने के लिए जागरूक किया। युवाओं ने मिलकर गंगा घाट पर भारी मात्रा में फैली गंदगी, खंडित मूर्तियां, पॉलिथीन एवं अन्य सामग्री को साफ किया। गंगा



स्वच्छता अभियान चलाते गंगा सेवक — समृद्धि न्यूज

दूतों के द्वारा घाट पर गंदगी फैलाने वाले लोगों को भी रोका गया। नाव वालों, दुकानदार, पंडित-पुजारी को भी गंगा की स्वच्छता के लिए जागरुक किया। निहारिका पटेल ने कहा कि जिस तरह हम अपनी घर में रह रही मां की सेवा करते हैं। इसी तरह से हमें अपनी गंगा मां की भी सेवा करनी चाहिए। गंगा स्नान करने के साथ-साथ गंगा के तट को पावन रखने के लिए भी ध्यान देना चाहिए। हम मनुष्यों के द्वारा ही जाने अनजाने में गंगा तट पर भारी मात्रा में गंदगी फैला दी जाती है, जिसका परिणाम है कि गंगा मां प्रदूषित होती जा रही हैं। हम सभी को मिलकर इस अभियान का हिस्सा बनकर गंगा के घाट को एवं गंगा के जल को शुद्ध रखना चाहिए। आचार्य प्रदीप नारायण शुक्ल ने कहा कि यदि इसी तरह से हम मां गंगा में गंदगी छोड़ते रहेंगे तो आने वाले समय में हमें इसके भयंकर परिणाम देखने को मिलेंगे। उपस्थित सभी लोगों को गंगा को स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर रोहित दीक्षित, निशु कटियार, सुमित कुमार, विकास, हिमांशु, शिखा, नितिन गुप्ता, अंशु, सनोज आदि लोग उपस्थित रहे।

## यूथ कांग्रेसियों ने शरबत किया वितरित



शरबत वितरित करते अम्मार अली जैदी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सयैद अम्मार अली जैदी के नेतृत्व में मसेनी चौराहे पर शरबत पिलाकर लोगों को चिलचिलाती धूप से राहत देने का काम किया। मोहब्बत का शरबत आपको नाम से ही काफी अलग और खास लग रहा होगा। इसका नाम सुनने में जितना अच्छा है, स्वाद और रिफ्रेशिंग के मामले में भी यह उतना ही अच्छा है। शरबत पेट की गर्मी को शांत करके शरीर को ठंडक प्रदान करता है। इस मौके पर सचिव फैसल खान, जब्बार अली, अनस अंसार, जुनैद खान, पांजल कटियार, अर्जुन शर्मा, आदित्य मिश्रा, मयंक यादव आदि लोग मौजूद रहें।

### खबरें एक नजर में

## जीजीआईसी में सम्पन्न हुई जनपद स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता



रंगोली बनाती छात्रायें मौजूद शिक्षकगण — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के अन्तर्गत जनपद स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में सम्पन्न हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़, मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज, मोहन लाल शुक्ला इंटर कालेज, डीएवीआईसी आदि विद्यालयों की छात्राओं एवं छात्रों ने प्रतिभाग किया। शिक्षिकायें शैलजा मौर्य, आरती यादव, गुलशन जहां, बबिता, सतेन्द्र सिंह, शुंभदीय मुखर्जी आदि शिक्षकों ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम0एम0 व जीजीआईसी ने हासिल किया। द्वितीय स्थान कनोडिया बालिका इंटर कालेज तथा तीसरी स्थान मोहन लाल शुक्ला इंटर कालेज ने हासिल किया। प्रथम स्थान में अर्जी, इबराना, खुशबू, आरोही रही। द्वितीय स्थान पर बुशरा खातून, शिवी तिवारी व तृतीय स्थान पर सोनू रहे। निर्णायक मण्डल की भूमिका में सतेन्द्र सिंह, कविता चौहान, गुलशन जहां ने संयुक्त रुप से निभाई।

## कामाख्या मंदिर के महंत व चालक की मौत, शिष्य घायल



घायल को देखते संत व अन्य तथा मृतक बब्बा गुरु का फाइल फोटो

**फर्रुखाबाद/अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव गांधी के पास पिकअप व कार की भिंड़त में चालक व शिष्य सहित कामाख्या के मंदिर के महंत बब्बा गुरु घायल हो गए। उन्हें लोहिया अस्पताल लाया गया। जहां बब्बा गुरु सहित दो को मृत घोषित कर दिया गया। शिष्य की हालत गंभीर बनी हुई है। श्रीपंच दसनाम जूना अखाड़ा के महंत व कामाख्या मंदिर के प्रसिद्ध संत दतिया निवासी 86 वर्षीय मनोज भारती बब्बा गुरु अपकी आल्टो कार से आ रहे थे। थाना राजेपुर के ग्राम गांधी के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप से कार की जोरदार भिडंत हो गयी। जिससे कार के परखच्चे उड़ गये, जबकि पिकअप टक्कर लगने के बाद मौके पर ही पलट गयी। कार सवार संत बब्बा गुरु व अन्य दोनों घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बब्बा गुरु के साथ ही उनके चालक मोती उर्फरिंकू निवासी भोलेपुर को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि घायल संत कृष्णा भारती का उपचार किया जा रह है। संत बब्बा भारती की मौत की खबर से लोहिया अस्पताल में भीड़ लग गयी।

## उप्र/उ. मेडिकल एण्ड रिप्रेजेंटेटिव एसो. के संगीत अध्यक्ष व कपिल बने सचिव



नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश उत्तराखण्ड मेडिकल एण्ड रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन रेलवे रोड स्थित एक होटल में पर्यवेक्षक एफएमआरएआई के उपाध्यक्ष कामरेड अरविन्द तिवारी तथा सेंट्रल एग्जीक्यूटिव कमेटी सदस्य अनुराग मिश्रा की देखरेख में हुआ। पिछले वर्ष की सचिव रिपोर्ट और लेखाजोखा पेश किया गया। नई इकाई में संगीत त्रिपाठी को अध्यक्ष तथा कपिल दिवाकर एक बार फिर सचिव चुना गया। भूपेन्द्र सिंह, रबसान अली उपाध्यक्ष, रोशन सिंह सह सचिव, अभिषेक शुक्ला कोषाध्यक्ष, शक्ति राजपूत, हिमांशु दुबे, विक्रांत सिंह, अभय मिश्रा, प्रखर वर्मा, प्रशांत त्रिवेदी, विशाल पटेल, प्रणव दास को ईसी मेम्बर बनाया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अटैना घाट पर श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

कंपिल, समृद्धि न्यूज

**गंगा दशहरा** के पावन अवसर पर कंपिल के अटैना गंगा घाट पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रविवार सुबह से पहले ही श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करना शुरू कर दिया। श्रद्धालुओं ने घाटों पर श्रद्धा और उल्लास के साथ डुबकी लगाई। कंपिल के सभी मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रही।

स्नान के दौरान युवा श्रद्धालुओं ने गंगा में जमकर मस्ती की और एक दूसरे के ऊपर गंगाजल उड़ेला। महिलाओं ने भी गंगा स्नान के दौरान खूब मस्ती की। वहीं दूसरी ओर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम किए और श्रद्धालुओं से बार बार अपील



जाम में फंसे लोग — समृद्धि न्यूज

की जाती रही कि अधिक गहरे पानी में स्नान न करें। ऐसी मान्यता है कि आज के दिन गंगा में नहाने से पुण्य प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गंगा दशहरा विशेष फल देने वाली होती है। आज के दिन जो भी भक्त सच्चे मन और विश्वास के साथ गंगा में डुबकी लगाते हैं, उनकी सभी मनोकामनाएं जरूर पूरी होती हैं।

### कंपिल में मेले का आयोजन

कम्पिल। हर वर्ष की भांति इस बर्ष भी गंगा दशहरा के अवसर पर कंपिल के पांचाली ग्राउंड में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। मेले में गंगा स्नान से वापस आए श्रद्धालुओं व दूर दराज गांवों से आए लोगों ने खरीददारी की, साथ ही मेले में लगे झूलों का आनंद लिया।

### कंपिल बदायूं मार्ग पर जाम की स्थिति

**कम्पिल।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दूर दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं के वाहनों के कारण कंपिल चौराहे से गंगा रोड, बदायूं मार्ग, बाईपास मार्ग पर अटैना घाट तकजाम की स्थिति बनी रही। घंटों लगे रहे जाम में श्रद्धालु फंसे रहे। जाम में फंसे लोग तेज धूप में बेहाल हो गए। एसपी के निर्देश पर भी भारी वाहनों के अंदर से निकलने पर पुलिस अकुंश नहीं लगा सकी। धूप बढ़ते ही पुलिस थाने चली गयी।

## शिविर में कैडेट्सों को सिखाया जा रहा पीटी, परेड, शस्त्र प्रशिक्षण तथा टेंट पिचिंग का सही तरीका

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**राजपूत रेजीमेंट** सेंटर में एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण कर्नल रोमिल शर्मा के निर्देशन में चल रहा है। जिसमें प्रतिदिन नई एक्टिविटी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, साथ ही पीटी परेड, टेंट पिचिंग, शस्त्र प्रशिक्षण का सही तरीका सिखाया जा रहा है। सभी एनसीसी कैडेट्स बारी-बारी से फायर करके प्रशिक्षण ले रहे हैं।

रविवार को एनसीसी कैंप में सूबेदार भीम सिंह द्वारा टेंट पिचिंग का तरीका बताया गया। बारी बारी से सभी एनसीसी कैडेट्स ने टेंट



एनसीसी कैडेट्सों को प्रशिक्षण देते सैन्य अधिकारी — समृद्धि न्यूज

लगाना सीखा। वहीं लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर द्वारा योग सप्ताह के अवसर पर योग तथा स्वास्थ्य संबंधित एनसीसी कैडेट्स से एक्टिविटी करायी। थर्ड अफसर अचल सिंह पाल, अमित दयाल तथा फर्स्ट अफसर सतीश चंद्र यादव ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देकर एनसीसी कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया। एनसीसी अधिकारियों द्वारा सामाजिक सेवा तथा सामुदायिक विकास, कम्युनिकेशन स्किल्स आदि विषयों की जानकारी दी। इस अवसर पर सूबेदार मेजर हरकेश सिंह, सूबेदार राजवीर, बीएचएम संजय सिंह, हवलदार बीबी राणा, सुभाष, रामवीर आदि मौजूद रहे।

## केंद्रीय कारागार में बंदियों को कराया गया योगाभ्यास

▸ रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है योग: रामकृपाल मिश्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**दशम अन्तर्राष्ट्रीय** योग दिवस के उपलक्ष्य में दूसरे दिन आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से योग शिक्षक रामकृपाल मिश्र ने केंद्रीय कारागार में दोषसिद्ध बंदियों को योग सिखाया। उन्होंने कहा कि योग से मानवीय स्वास्थ्य को स्थिर रखने में जहां एक ओर मदद मिलती है। वहीं मनुष्य के शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता और मजबूत होती है। प्रत्येक



बंदियों को योग सिखवाते रामकृपाल मिश्र

व्यक्ति को समय निकालकर प्रति दिन योगाभ्यास करना चाहिए। उन्होंने दोषसिद्ध बंदियों को योगाभ्यास कराया। इस दौरान जेलर करुणेन्द्र यादव, डिप्टी जेलर आदि मौजूद रहे।

## श्रृंगीरामपुर में गंगा दशहरे पर उमड़ा जन सैलाब, लगा भीषण जाम

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**तपो भूमि** श्रृंगीरामपुर में लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए आये। प्रशासन की ओर से बैरिकेटिंग के लिए वेरीफिकेशन पार्किंग लाइट, महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए टेंटो का इंतजाम किया गया। सुरक्षा के लिए थानाध्यक्ष कमालगंज राजेश राय एवं खुदागंज चौकी प्रभारी दीपक भाटी में फोर्स के तैनात रहे। जिससे चोरी चौपाटी की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। मेला प्रबंधक राजेश मिश्रा एवं मेला



श्रृंगीरामपुर में लगा भीषण जाम

प्रभारी नफीस अहमद ने बताया कि आने वाली भीड़ को देखते हुए खुदागंज चौराहे से श्रृंगीरामपुर आने वाले रोड पर वाहनों को रोक दिया गया। जिससे जाम की स्थिति से बचा जा सके। वहीं विधायक नागेंद्र सिंह राठौर की तरफसे श्रृंगीरामपुर में भंडारे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नगर में जगह-जगह पर भंडारे का आयोजन हुआ। जहानगंज रोड पर मिर्जा नगला के सामने विवेक राजपूत एवं उनके सहयोगियों ने भंडारा किया। जाम की स्थिति को देखते हुए प्रशासन के हाथ पैर फूल गए। कई लोग रात के 2 से जाम में फंसे रहे और सुबह 10 बजे जाम से निकल कर अपने घर की ओर रवाना हो सकें।

गंगा दशहरा | भारत माता मंदिर पर भी चिलचिलाती धूप में लोगों को पिलाया गया शरबत

## गंगा दशहरा पर स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने वितरित किया शरबत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**आज** ही के दिन मां गंगा धरती पर आई थी, इसलिए आज के दिन मीठा शरबत बांटा जाता है। लोगों को जल के रूप में गंगा मिली, जो अनमोल है। इसी खुशी में आज के दिन शरबत का वितरण होता है। गंगा दशहरा पर रविवार को कई स्थान पर लोगों ने शरबत का वितरण किया। इससे राहगीरों को चिलचिलाती धूप से कुछ देर के लिए ही सही राहत मिली और लोगों ने इस काम की सरहाना की। काफी दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है, सूरज आग उगल रहा है। गंगा दशहरा के पावन पर्व पर स्पोर्ट्स फाउंडेशन की तरफसे स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ के गेट के पास शरबत वितरण किया गया। बरगदिया घाट की तरफ से



शरबत वितरित करते स्पोर्ट्स फाउंडेशन के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

गंगा स्नान करके लौट रहे श्रद्धालुओं को शरबत पिलाया गया। साथ ही रोडवेज बसों एवं अन्य वाहनों और राहगीरों को भी रोक-रोककर ताइक्वांडो के खिलाडियों ने शरबत वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से योगेश शुक्ला, अरुण सिंह, अमित तिवारी, पिंटू यादव, अजय प्रताप, बीना मिश्रा, समय राजपूत, जय प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं फतेहगढ़ भारत माता मंदिर के पास शरबत का आयोजन हुआ। समाजसेवियों ने शरबत वितरण से पहले गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर मंदिरों की साफ -सफाई करने के बाद शरबत वितरित किया गया। राहगीरों को चिलचिलाती धूप से शरबत पिलाकर कुछ राहत दी गई। इस मौके पर सरोज कुमार, बेबी कुमारी, आकांक्षा, रूबी कश्यप, आशीष कुमार, राहुल राठौर आदि लोग मौजूद रहे।


सत्रहवीं लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा

# पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी होगा प्रेरणा स्थल

▸ भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है : बिरला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सत्रहवीं लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि मौजूदा समय में संसद भवन के सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है और इसी के तहत परिसर में अलग-अलग जगहों पर लगी हुईं महापुरुषों की प्रतिमाओं को एक स्थान पर लाकर प्रेरणा स्थल (बीजी-7, संविधान सदन के सामने) बनाया गया है, जो वर्त्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी होगा।



श्री बिरला ने रविवार को यहां बताया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसके संसद का आने वाले समय में विश्व का सबसे अच्छा संसद भवन परिसर होगा। इसको लेकर कई बदलाव किये जा रहे हैं। इसी बदलाव के तहत संसद भवन में अलग-अलग स्थानों में लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं को एक स्थान पर लाया गया है और उस स्थल का नाम प्रेरणा स्थल रखा गया है, जो वर्त्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी होगा।

उन्होंने बताया कि प्रेरणा स्थल संसद भवन को देखने आने वाले लोगों को रोमांचित करेगा क्योंकि अब उन्हें यहां प्रत्येक महापुरुषों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी भी मिलेगी। श्री बिरला ने इस मुद्दे पर कहा कि विपक्षी दलों की जनता के मुद्दों को उठाने और अपना विरोध जताने के लिए संसद भवन में पर्याप्त स्थान है, वे वहां अपनी आवाज उठाएं। संसद भवन परिसर कोई धरना स्थल नहीं है।

**संसद भवन में लगी किसी भी प्रतिमा को नहीं हटाया गया**

उन्होंने बताया कि प्रेरणा स्थल पर लगी हरेक महापुरुष की प्रतिमा के साथ उनके बारे जानकारी उपलब्ध करायी गयी है। इस दौरान उन्होंने संसद भवन लगीं महापुरुषों की प्रतिमाओं को हटाने के विपक्षी दलों के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, संसद भवन में लगी किसी भी महापुरुष की प्रतिमा को हटाया नहीं लगाया है, बल्कि संसद भवन में अलग-अलग जगहों पर लगीं महापुरुषों की प्रतिमाओं को एक स्थान पर लाकर उनके बारे में लोगों की विस्तृत रूप से जानकारी मुहैया कराने का काम किया गया है। अब आगंतुक प्रत्येक प्रतिमा के पास ही उस महापुरुष की कीर्ति और शौर्य के बारे में जानकारी हासिल कर पाएंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी पार्टियों ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को निर्धारित स्थान से हटाकर सरकार उनके आवाज के दबाने की कोशिश कर रही है, क्योंकि विपक्षी दल जनता की आवाज को उठाने और सरकार के कदम के खिलाफ अपना विरोध जताने के लिए यहां पर धरना-प्रदर्शन करते थे।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी वालों के खिलाफ अभियान

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सीमाशुल्क एवं अप्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीसीआई) ने सीमाशुल्क अधिकारी बन कर लोगों के साथ आनलाइन धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ आम जनता को सावधान करने केलिए जागरूकता अभियान चला रहा है। ऐसे तत्व लोगों से आनलाइन या मैसेज के जरिए सम्पर्क कर उनके खिलाफ आयातित मादक द्रव्य रखने के मामले कार्रवाई करने की धमकी देकर उनकी व्यक्तिगत सूचनाएं ले लेते हैं और धन ऐंठ कर गायब हो जाते हैं। बोर्ड ने कहा है कि भारतीय सीमा शुल्क अधिकारी निजी खातों में शुल्क के भुगतान के लिए कभी भी आम जनता से फोन, एसएमएस या ई-मेल के माध्यम से संपर्क नहीं करते हैं। बोर्ड इस अभियान के अंतर्गत लोगों को धोखेबाजों के काम करने के तरीकों के संबंध में समझा रहा है और उन्हें अपनी जानकारी सुरक्षित रखने, कॉल करने वाले के पिछले रिकॉर्ड की पुष्टि करने और सतर्क रहकर ऐसी हरकतों की रिपोर्ट करने का आग्रह कर रहा है।

# जलसंकट की स्थिति बिगाड़ने के लिए पाईपलाइन को काटकर नुकसान पहुंचाने का षड्यंत्र : अतिशि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जल मंत्री आतिशि का कहना है कि दिल्ली में जलसंकट की स्थिति को और बिगाड़ने के लिए साजिशन मुख्य पाईपलाइन को काटकर नुक़सान पहुंचाने का षड्यंत्र किया जा रहा है। आतिश के अनुसार कल दिल्ली जलबोर्ड की ग्राउंड पेट्रोलिंग टीम ने दक्षिण दिल्ली राइजिंग मेन्स - मुख्य जल पाइपलाइन जो सोनिया विहार डब्ल्यूटीपी से दक्षिण दिल्ली तक पानी ले जाती है - में एक बड़े रिसाव की सूचना मिली।

इस टीम ने गढ़ी मेढू में डीटीएल सब स्टेशन के पाया कि यहाँ मौजूद पाइपलाइन से कई बड़े 375 मिमी बोल्ट और एक 12 इंच बोल्ट काट दिया गया था, जिससे रिसाव हो रहा था। जो किसी बड़ी साज़िश को दिखाता है। पाइपलाइन की रिसाव को



तो जलबोर्ड द्वारा 6 घंटे में दूर कर दिया गया लेकिन इस षड्यंत्र के कारण आज दक्षिणी दिल्ली में 25 प्रतिशत कम पानी पहुंचा है। इस बाबत जल मंत्री आतिशी ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा, शहर में पानी की मुख्य पाइपलाइनों को सुरक्षा देने की मांग की। उन्होंने दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा से अगले 15 दिनों के लिए दिल्ली में पानी की प्रमुख पाइपलाइनों की गश्त और सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात करने की मांग की। जलमंत्री आतिशी ने कहा कि, इस जलसंकट में शरारती और असामाजिक तत्वों को पानी की मुख्य पाईपलाइनों में छेड़छाड़ और तोड़फोड़ करने से रोकने के लिए इनपर पुलिसकर्मियों की तैनाती जरूरी है। आतिशी ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को लिखे पत्र में कहा कि, वर्तमान में दिल्ली भीषण गर्मी और जल संकट से जूझ रही है। यमुना में पानी की कमी के कारण पानी के उत्पादन में लगभग 70 एमजीडी की गिरावट आई है और दिल्ली के कई हिस्सों में पानी की कमी हो रही है। ऐसे में पानी की एक-एक बूंद कीमती हो जाती है। उन्होंने आगे लिखा कि, दिल्ली जल बोर्ड के पास मेन वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के लिए पेट्रोलिंग टीम हैं जो पानी को स्रोतों से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक और फिर डब्ल्यूटीपी से शहर के विभिन्न हिस्सों में हमारे मुख्य यूजीआर तक पहुंचाने वाले पाइपलाइनों की मॉनिटरिंग कर रहे है।

# हवाई युद्ध अभ्यास रेड फ्लैग में भारतीय वायु सेना ने 100 से अधिक उड़ानें भरीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, जर्मनी और अमेरिका की वायु सेनाओं के साथ एयर फोर्स बेस, अलास्का में हवाई युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास 'रेड फ्लैग' में हिस्सा लिया है। यह अभ्यास का दूसरा संस्करण था, जिसे अमेरिकी वायु सेना वर्ष में चार बार आयोजित करती है।



चुनौतीपूर्ण मौसम और लगभग शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद भारतीय वायु सेना ने पूरे अभ्यास के दौरान 100 से अधिक उड़ानें भरकर सभी निर्धारित मिशन पूरे किए। भारत लौटने से पहले यह टुकड़ी को 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ अभ्यास में भाग लेगी। संयुक्त राज्य वायु सेना के एयरबेस एइलसन में 04 से 14 जून तक आयोजित इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना के साथ-साथ रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर एयर फोर्स, यूनाइटेड किंगडम की रॉयल एयर फोर्स, रॉयल नीदरलैंड एयर फ़ोर्स, जर्मन लूफ़्टवाफ़े और यूएस एयर फोर्स ने भाग लिया। भारतीय वायुसेना की टुकड़ी ने राफेल विमान और कर्मियों के साथ भाग लिया, जिसमें एयर क्रू, तकनीशियन, इंजीनियर, नियंत्रक और विषय विशेषज्ञ शामिल थे। भारत की यह टुकड़ी 29 मई को अलास्का में यूएसएएफ बेस, एइलसन पर उतरी थी। राफेल लड़ाकू विमान को आईएल-78 एयर टू एयर रिफ्यूलर से सक्षम किया गया था, जबकि कर्मियों और उपकरणों को परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से ले जाया गया। यह पहली बार था जब भारत के राफेल विमानों ने सिंगापुर और अमेरिकी विमान एफ-16, एफ-15 और ए-10 के साथ अभ्यास रेड फ्लैग में भाग लिया। इन मिशनों में आक्रामक काउंटर एयर और एयर डिफेंस भूमिकाओं में लार्ज फोर्स इंगेजमेंट के एक भाग के रूप में बियॉन्ड विजुअल रेंज लड़ाकू अभ्यास शामिल थे।

## वैश्विक आर्थिक परिदृश्य व आईआईपी आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मझौली और छोटी कंपनियों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह मजबूती पर रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह वैश्विक आर्थिक परिदृश्य एवं भारत और चीन के जारी होने वाले औद्योगिक उत्पादन आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 299.42 अंक अर्थात 0.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ सप्ताहांत पर ऊंचाई के नये शिखर 76992.77 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 175.45 अंक यानी 0.8 प्रतिशत चढ़कर 23465.60 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में हुई दमदार लिवाली ने बाजार को सम्भाले रखा। मिडकैप 1947.32 अंक अर्थात 4.4 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 46058.76 अंक हो गया।

# अयोध्या में स्थापित होगा देश का सबसे लंबा धनुष व बाण

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या ।** अयोध्या में देश का सबसे लंबा धनुष और बाण स्थापित होगा। धनुष की लंबाई 33 फीट और वजन 3400 किलो है। धनुष के साथ 3900 किलो का गदा भी लगेगी।गदा और धनुष-बाण पंच धातु से बनाए गए हैं। इसे राजस्थान में सुमेरपुर के शिवगंज स्थित श्रीजी सनातन सेवा संस्थान ने बनवाया है। इस यात्रा को निकालने के लिए पिछले तीन महीने से तैयारी की जा रही थी। मार्च से कारीगरों से लेकर यात्रा निकालने वाले लोग इसमें लगे हुए थे।

अब तक की जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा में 17 फीट लंबा और 900 किलो वजनी धनुष स्थापित है। वहीं, देश की सबसे वजनी और लंबी गदा इंदौर के पितृ पर्वत पर स्थापित है। इसका वजन 21 टन और लंबाई 45 फीट है। भक्तों ने ही इसके निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग दिया है। इसमें करीब 35 से 40 लाख रुपए राशि इकट्ठा की गई। इसके आयोजक गोपालजी मंदिर के पुजारी रमेश पंडित, आयोजन के सूत्रधार रामलाल माली शिवगंज, कान्तिलाल माली अरठवाड़ा, कैलाश सिरोही शामिल रहे।अयोध्या में पहले ही अलीगढ़ से 400 किलो यानी 4 क्विंटल का ताला पहुंचाया जा चुका है। 10 फीट लंबे और 4 फीट चौड़े इस ताले की मोटाई 9.5 इंच है। 4 फीट लंबी इसकी चाबी 30 किलो की है। इस ताले को बनाने में करीब 2. इसमें 4 किलो सोने और 151 किलो तांबे का इस्तेमाल किया गया। हर पेज पर 24 कैरट सोने की परत चढ़ाई गई। साथ ही हर पेज पर 3 किलोग्राम तांबा भी लगा है। वुम्मिदी बंगारू ज्वैलर्स ने रामचरितमानस को 3 महीने में तैयार किया था।

## खबरें एक नजर में

**श्री अमरनाथ यात्रा में इस बार चापर सेवा के लिए देना होगा अधिक किराया**

**जम्मू।** श्री अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने जा रही है जबकि इस यात्रा के लिए चापर का किराया भी निर्धारित कर दिया गया है। बीते वर्ष से इस बार श्रद्धालुओं को चापर का अधिक किराया भरना होगा। आपकों बता दें कि श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने पहलगाम से पंजतरणी तक चापर का एक तरफ का किराया 4900 रुपये और दो तरफ का किराया 9800 रुपये किया है जबकि नीलग्राथ से लेकर पंजतरणी तक का एक तरफ का किराया 3250 रुपये और दोनों तरफ का 6500 रुपये रखा गया है। आपकों बता दें कि बीते वर्ष नीलग्राथ-पंजतरणी का एक तरफ का किराया 2800 रुपये और दोनों तरफ का 5600 रुपये था। जबकि पहलगाम-पंजतरणी का एक तरफ का किराया 4200 रुपये व दोनों तरफ का 8400 रुपये था। जबकि इस बार चापर की बुकिंग बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर आनलाइन होगी और बुकिंग के बाद चापर सेवा का इस्तेमाल करते समय श्रद्धालु के पास स्वास्थ्य प्रमाणपत्र होना चाहिए। श्राइन बोर्ड के अनुसार, श्रद्धालुओं को आफलाइन टिकट या प्राथमिकता उपलब्ध नहीं होगी, इसलिए बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी। इसमें कोई बिचौलिया भी नहीं होगा। यानि सिर्फ और सिर्फ आनलाइन बुकिंग पर ही आपकों चापर की सेवा उपलब्ध होगी।

**देवप्रयाग में गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी**

**नई टिहरी।** मां गंगा के अवतरण दिवस गंगा दशहरा पर्व तीर्थनगरी देवप्रयाग में रविवार को धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओ ने संगम स्थल अलकनंदा में ही सभी धार्मिक कर्तव्य निभाते हुए पर्व मनाया। घंडियाल देवता की डोली ने गंगा दशहरा पर्व पर तड़के चार बजे संगम पर स्नान किया। गंगा स्नान को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ भी संगम तट पर उमड़ी। बदरी-केदार यात्रा पथ पर देवप्रयाग में ही गोमुख से निकली भागीरथी गंगा का दर्शन होता है, जिसके चलते धाम जाने व लौटने वाले श्रद्धालुओं का यहां रविवार को तांता लगा रहा। संगम स्थल पर जल पुलिस सहित सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए थे।

**ऋषिकेश एम्स में भर्ती मां का हाल जानने पहुंचे सीएम योगी**

**ऋषिकेश।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को ऋषिकेश एम्स पहुंचे। उन्होंने यहां भर्ती अपनी मां सावित्री देवी के स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना। साथ ही मुख्यमंत्री योगी ने रुद्रप्रयाग हादसे के घायलों का हालचाल भी जाना। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने चिकित्सकों को उचित उपचार के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां का उपचार एम्स में चल रहा है। जिसके चलते मुख्यमंत्री रविवार की दोपहर ऋषिकेश एम्स पहुंचे।

**पाकिस्तान में विस्फोट में दो की मौत, चार घायल**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) के विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने 'शिन्हुआ' को बताया कि यह घटना प्रांत के कुर्रम जिले में हुई जहां नागरिकों को ले जा रहा एक वाहन सड़क किनारे लगाए गए उपकरण की चपेट में आ गया। घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनमें से चार की हालत गंभीर बनी हुई है। विस्फोट में वाहन पूरी तरह नष्ट हो गया और पुलिस ने जांच के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी। अभी तक किसी समूह या व्यक्ति ने हमले के जिम्मेदारी नहीं ली है।

# वैवाहिक बंधन में बंधी पंजाब की कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब की कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान रविवार को शादी के बंधन में बंध गई। उन्होंने पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के वकील शाहबाज सिंह सोही को अपना जीवन साथी चुना है। इस अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी।



पंजाब में यह पहला मौका नहीं है, जब किसी मंत्री या विधायक ने शादी की है। इससे पहले मुख्यमंत्री भगवंत मान, कैबिनेट मंत्री हरजोत बैंस, गुरमीत सिंह मीत हेयर के अलावा विधायक बलजिंदर कौर समेत कई विधायक शादी के बंधन में बंध चुके हैं। चंडीगढ़ के निकट गुरुद्वारा नाभा साहिब में अनमोल गगन मान तथा शाहबाज के रिश्तेदार मौजूद रहे। इससे पहले चंडीगढ़ के सेक्टर-39 स्थित सरकारी आवास पर मेहंदी की रस्म अदा की गई। इसके बाद नवदंपति जोड़ा जीरकपुर के एकेएम मैरिज पैलेस में पहुंचा, जहां रिसेप्शन का कार्यक्रम रखा गया था। अनमोल गगन मान का परिवार मूल रूप से जिला मानसा का रहने वाला है। उनका ज्यादातर समय चंडीगढ़ और मोहाली में ही बीता है। मंत्री बनने से पहले वह पंजाबी गायिकी के क्षेत्र में सक्रिय रही हैं। साल 2022 में खरड़ से पहली बार विधानसभा से चुनाव जीती और मान सरकार में मंत्री बन गई। अनमोल गगन मान की शादी जिस परिवार में हुई है, वह राजनीतिक व कारोबारी परिवार रहा है। अनमोल के पति एडवोकेट शाहबाज सिंह की मां शीलम सोही राजनीति में हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, वित्त मंत्री हरपाल चीमा, पंजाब के सभी विधायकों के अलावा सरकारी अधिकारी इस शादी समारोह में पहुंचे। इसके अलावा पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री से गुग्गू गिल, सतिंदर सत्ती समेत कई गायक व अभिनेता इस शादी में पहुंचे और अनमोल गगन को बधाई दी।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बदलेंगे हालत, एनडीए को बहुमत मिलेगा : प्रफुल्ल

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी एपी) के नेता प्रफुल्ल पटेल ने रविवार को गोंदिया में कहा कि महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में हालत बदलेंगे और एनडीए को बहुमत मिलेगा। पटेल ने कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में 90 सीटों पर सहयोगी दलों के साथ चुनाव लड़ेगी। पटेल ने कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील की है। प्रफुल्ल पटेल ने रविवार को गोंदिया में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में हम 57 सीटों पर जीते थे। इसी आधार पर हम विधानसभा चुनाव में 85 से 90 सीटें मांगने जा रहे हैं। पटेल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारे विरुद्ध झूठा प्रचार किया गया, लेकिन इसका जवाब देने में हम कमजोर पड़े। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव से पहले सीटों के बंटवारे को लेकर काफी खींचतान हुई थी। सातारा और नासिक की सीटों पर काफी विवाद था, इसलिए नासिक की सीट पर उम्मीदवार की घोषणा करने में एनडीए को देरी हुई थी। इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारा जल्द करने का प्रयास किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कृषि व किसान के विकास का रोडमैप तैयार : शिवराज सिंह

केन्द्रीय कृषि मंत्री बनने के बाद पहली बार मध्य प्रदेश आए शिवराज, मुरैना स्टेशन पर भव्य स्वागत

एजेंसी

**मुरैना।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास पंचायत राज मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि किसान हमारा भगवान है और किसान की सेवा भगवान की सेवा है। कृषि एवं किसान कल्याण के लिए 100 दिन की कार्य योजना तैयार कर ली गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने पर सबसे पहले 18 जून को काशी से किसानों को सम्मान निधि की राशि प्रदान की जाएगी।



प्रधानमंत्री मोदी सिंगल क्लिक के माध्यम से इस राशि को हस्तांतरित करेंगे। सरकार किसान कल्याण के लिए कोई कमी नहीं छोड़ेगी।केन्द्रीय कृषि मंत्री रविवार को मुरैना रेलवे स्टेशन पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। केंद्र सरकार में शामिल होने के बाद शिवराज सिंह चौहान पहली बार मध्य प्रदेश आए हैं। रविवार सुबह शताब्दी एक्सप्रेस से मुरैना पहुंचे शिवराज सिंह चौहान का कार्यकर्ताओं ने मुरैना रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसान कल्याण के लिए अद्भुत व अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल हुई हैं। इन्हीं कार्यों को आगे बढ़ाते हुए पूरा करना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए कृषि परिदृश्य को आगे ले जाने का काम किया जाएगा। इसका रोड मैप तैयार कर लिया गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान के साथ उनकी धर्मपत्नी साधना सिंह चौहान भी थीं। केन्द्रीय मंत्री चौहान के स्वागत के लिये भाजपा जिला अध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष केदार सिंह यादव, पूर्व विधायक परशुराम मुदगल, पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनवारीलाल धाकड़, अनिल गोयल, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हमीर सिंह पटेल, देवीराम उपाध्याय, रामनरेश शर्मा, पूर्व पार्षद संजय शर्मा, प्रेमकांत शर्मा, राहुल कंषाना, अरविंद सिंह सिकरवार गुडुआ, धीरज सोनू शर्मा मण्डल अध्यक्ष, सुनील उपाध्याय, अवधेश पाराशर, नीरज भदौरिया, अशोक यादव आदि मौजूद रहे।

# दिल और लिवर को स्वस्थ रखती है बड़ी इलायची, बेहद लाभदायक है यह

बड़ी इलायची खाने की सुगंध और स्वाद बढ़ाने का काम आता है। लेकिन ये सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। आयुर्वेद में इसे एक दर्द निवारक माना जाता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और फ्री रेडिकल इम्यूनिटी को स्ट्रांग करने का काम करते हैं। ये पाचन में सुधार करने में मदद करता है। इसके अलावा भी इसके कई सारे फायदे होते हैं। आइये हम उनके बारे में आपको बताते हैं।



**बीपी रखता है कंट्रोल में**

बड़ी इलायची अपने एंटीऑक्सीडेंट और मूत्रवर्धक गुणों के कारण मूत्र की मात्रा को बढ़ाती है और सोडियम पोटेशियम के लेवल को बैलेंस करने में मदद करती है। ये बदले में ब्लड वेसेल्स की दीवारों को आराम करने में मदद करती है, जिससे बल्ड प्रेशर कंट्रोल रहता है। इसके लिए हर दिन सुबह बड़ी इलायची वाली चाय पीनी फायदेमंद होती है।

**कब्ज से मिलत है राहत**

बड़ी इलायची को आप बवासीर में खा सकते हैं। दरअसल, बवासीर में ये आपके लिए दूसरे तरीके से काम कर सकती है। जैसे कि ये कब्ज बनने के रोकती है और मलाशय में सूजन को कम करती है। इसके लिए 50 ग्राम बड़ी इलायची तवे पर भून लें। फिर इसे ठंडा कर लें और पीसकर रख लीजिए।

**दिल और लिवर की समस्याओं से राहत**

इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण एंजाइम को सक्रिय करते हैं, इस प्रकार हृदय में एंटीऑक्सीडेंट गतिविधि पैदा कर सकते हैं। साथ ही ये हृदय की मांसपेशियों को आराम पहुंचाते हैं इस्केमिक हृदय रोग के खतरे को कम करते हैं। साथ ही ये लिवर के काम काज को तेज करने में मदद कर सकती है। इसके लिए बड़ी इलायची को दूध में उबाल लें और फिर इस दूध को पिएं।

**वजन घटाने में मददगार**

बड़ी इलायची में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण पाचन तंत्र को भी मजबूत रखते हैं। ये उल्टी, , अपच, पेट में दर्द, मलाशय के रोगों और पित्त सही रखने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए वो बड़ी इलायची को पीसकर और इसे मिश्री के साथ मिलाकर लेते हैं। रोजाना खाली पेट इसका सेवन करने से पेट साफ रहता है, मेटाबोल्जिमा तेज करता है और वेट लॉस में मददगार होता है।

**सांस से जुड़ी समस्याओं में**

अस्थमा, कंजेशन या सांस की अन्य समस्याओं से पीड़ित लोगों के लिए बड़ी इलायची का सेवन बहुत मददगार हो सकता है।

# पेट की चर्बी घटाने के लिए इन छह सब्जियों का करें सेवन

अपनी वेटलॉस यात्रा शुरू करने का सबसे अच्छा तरीका अपने आहार में सब्जियों को शामिल करना है। फाइबर युक्त चीजें आपके पेट की चर्बी को कम करने के लिए बेहतरीन हैं। स्वस्थ आहार की मांग दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। खराब जीवनशैली के कारण पेट की चर्बी की समस्या आम होती जा रही है। जब स्वस्थ पेट पाने की बात आती है, तो आप अपने दैनिक आहार में क्या शामिल करते हैं वह महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपनी वेटलॉस यात्रा शुरू करने का सबसे अच्छा तरीका अपने आहार में सब्जियां शामिल करना है। यहां उन सब्जियों की सूची दी गई है जो पोषक तत्वों से भरपूर हैं और आपके पेट की चर्बी कम करने में मदद करती हैं।



**बीन्स**

हेल्थलाइन की एक रिपोर्ट के अनुसार, कई शोधकर्ताओं ने दिखाया है कि बीन्स के सेवन से मोटापे का खतरा कम हो सकता है। इसमें उच्च मात्रा में घुलनशील फाइबर होता है जो पेट के आसपास वसा जमा होने से रोकता है। फाइबर युक्त चीजें आपके पेट की चर्बी को कम करने के लिए बेहतरीन हैं। यह ब्लड शुगर लेवल को भी नियंत्रण में रखता है।

**पत्तेदार सब्जियां**

पालक, केल और सलाद जैसी पत्तेदार हरी सब्जियां पेट की चर्बी को जलाने के लिए बहुत अच्छी होती हैं और पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं। पतले होने का लक्ष्य हासिल करने के लिए अपने नाश्ते या दोपहर के भोजन में पकी या उबली हुई पत्तेदार सब्जियां शामिल करें।

**मशरूम**

मशरूम स्वादिष्ट होते हैं और शाकाहारियों और मांसाहारियों दोनों को पसंद आते हैं। इनका उपयोग कॉफ़ी में पोषण मूल्य बढ़ाने के लिए भी किया जाता है। मशरूम रक्त में ग्लूकोज के स्तर को नियंत्रित करके वजन घटाने और वसा जलाने में मदद करने के लिए जाना जाता है। इसके अलावा ये प्रोटीन से भरपूर होते हैं और आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं, जिससे आपका फैट कम हो सकता है।

**एस्परैगस**

एस्परैगस में फैट्स और कैलोरी बहुत कम होती है। इसमें फाइबर प्रचुर मात्रा में होता है जो घंटों तक भूख को दूर रखता है। इसमें कैल्शियम, जिंक, मैग्नीशियम, तांबा और पोटेशियम सहित खनिज भी शामिल हैं।

**ब्रोकली**

**शरीर की चर्बी कम करने में मदद करती है। इसमें फाइबर और खनिज भी होते हैं जो स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। एक कप ब्रोकली से शरीर को आवश्यक मात्रा में विटामिन बी, विटामिन बी6, विटामिन सी, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, प्रोटीन और ओमेगा-3 फैटी एसिड मिलता है।**

**शिमला मिर्च**

शिमला मिर्च पोषक तत्वों से भरपूर होती है और कैलोरी बहुत कम होती है। शिमला मिर्च की एक खुराक पेट को घंटों तक भरा रखती है और अधिक खाने से रोकती है। इसमें फाइबर और कैप्साइसिन होता है, जो वजन घटाने में मदद करता है।